सूर्योदय 6:26 सूर्यास्त 5:44

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.0 न्यू | 21.6 अधि |
| धर्मशाला | 14.9 न्यू | 24.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81151.27 |
| निफ्टी | 24781.10 |
| सोना | 78,241 |
| चांदी | 97,254 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



सारा ने पलचान के शिव मंदिर में टेका माथा

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 22 अक्तूबर 2024 | 6 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 306, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### हिंदुत्व शब्द बदलने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हिंदुत्व शब्द को 'भारतीय संविधानत्व' शब्द से बदलने की याचिका को खारिज कर दिया है। सीजेआई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि यह प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। हम इस याचिका को स्वीकार नहीं करेंगे। याचिका दिल्ली के विकासपुरी में रहने वाले एसएन कुंद्रा ने लगाई थी प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि नहीं श्रीमान, हम इस पर विचार नहीं करेंगे।

### कुलदीप बने अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन



**शिमला।** प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया है। अंबोटा ऊना के कुलदीप कुमार को आयोग का चेयरमैन बनाया है। कुलदीप कुमार पूर्व में उद्योग मंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। वह विधानसभा उपाध्यक्ष व अध्यक्ष वित्त आयोग भी रहे। वहीं, जवाली (कांगड़ा) के दिग्विजय मल्होत्रा को आयोग का सदस्य बनाया गया है। इस संबंध में सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

### केजरीवाल की समन रद्द करने वाली याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता के बारे में कथित टिप्पणी को लेकर अरविंद केजरीवाल की याचिका को खारिज कर दिया। केजरीवाल ने जारी समन को रद्द करने से इनकार करने के गुजरात हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

### नीट-यूजी सुधारों पर 2 हफ्ते में दाखिल करनी होगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी परीक्षा आयोजित कराने में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कामकाज की समीक्षा के बाद परीक्षा संबंधी सुधारों पर रिपोर्ट दाखिल करने के लिए सात सदस्यीय विशेषज्ञ समिति को एक हफ्ते का समय दिया है। इसरो के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति का दो अगस्त को विस्तार किया था।

### पन्नू ने एयर इंडिया प्लेन में विस्फोट की दी धमकी

**चंडीगढ़।** अमेरिका में रह रहे सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एयर इंडिया में बम विस्फोट की धमकी दी है। आतंकी पन्नू ने वीडियो जारी कर 1984 के सिख दंगों का बदला लेने की बात कही। पन्नू ने कहा कि नवंबर में 1984 में हुए सिख दंगों की 40वीं बरसी है। ऐसे में विदेशों में यात्रा करने वाले लोग 1 से लेकर 19 नवंबर तक एयर इंडिया का बायकॉट करें। पन्नू ने पायलट्स को धमकाया कि बोर्ड पर संदिग्ध बम हो सकता है।

### जेएंडके के सीएम उमर ने बडगाम सीट छोड़ी



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बडगाम विधानसभा सीट छोड़ है। उन्होंने गांदरबल सीट बरकरार रखी है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने दोनों सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की थी। उमर अब्दुल्ला के फैसले का विधानसभा स्पीकर मुबारक गुल ने सोमवार को सदन में यह ऐलान किया। गांदरबल विधानसभा सीट अब्दुल्ला परिवार का गढ़ मानी जाती है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- युवती का अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल -पेज 2
- व्यवस्था परिवर्तन नहीं, प्रदेश में व्यवस्था पतन हुआ: जयराम -पेज 3
- पुलिस की दो जगह रेड के दौरान चिट्टे के साथ 7 आरोपी काबू -पेज 9
- आतंक के खिलाफ लड़ाई में देश एकजुट: राहुल गांधी -पेज 13
- दीपिका ने तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में 5वां रजत पदक जीता -पेज 14

### भारत और चीन के बीच एलएसी पर सीमा विवाद को लेकर हुआ समझौता, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने दी जानकारी

# देपसांग-डेमचोक से पीछे हटेंगी सेनाएं, एलएसी पर फिर शुरू होगी गश्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भारत** और चीन में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपने सैनिकों को पीछे हटाने और फिर से पेट्रोलिंग शुरू करने के लिए सहमति बनी है। दोनों देशों के बीच नए समझौते हुए हैं।

यह समझौता देपसांग और डेमचोक इलाकों में पेट्रोलिंग से संबंधित है। इन दोनों बिंदुओं (देपसांग और डेमचोक) पर पेट्रोलिंग शुरू हो चुकी है और जल्द ही दोनों देश अपने सैनिकों को पीछे हटाना शुरू कर देंगे, जिसे मिलिट्री टर्म में डिसइंगेटमेंट कहते हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच पेट्रोलिंग की व्यवस्था को लेकर बनी सहमति से 2020 में पूर्वी लद्दाख में उत्पन्न हुए तनाव का समाधान हो रहा है।

### कई हफ्तों की चर्चा के बाद बनी सहमति

**एलएसी** पर पेट्रोलिंग को लेकर समझौते पर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि पिछले कई हफ्तों में हुई चर्चाओं के परिणामस्वरूप भारत-चीन सीमा क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर सहमति बन गई है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि इससे 2020 में इन क्षेत्रों में उत्पन्न हुए मुद्दों का समाधान हो रहा है। समझौते के तहत देपसांग और डेमचोक में दोनों देशों की सेनाएं अपनी पुरानी जगह पर आ जाएंगी। इसके साथ ही डिस्इंगेजमेंट के बाद बफर जोन में भी गश्त का रास्ता साफ हो गया है। मिस्री ने कहा कि पेट्रोलिंग को लेकर बनी सहमति के बाद दोनों देशों के बीच एलएसी पर तनाव कम होने की उम्मीद है।

### भारत और चीन के बीच 2020 से चल रहा है सीमा विवाद

**विक्रम** मिस्त्री ने कहा कि कई हफ्तों में भारत और चीन के बीच कूटनीतिक और सैन्य चर्चाएं चल रही हैं। हम अभी भी किसी भी द्विपक्षीय बैठक के लिए समय और विवरण का समन्वय कर रहे हैं। भारत और चीन के बीच साल 2020 से सीमा विवाद है। चीन की तरफ से सीमा पर यथास्थिति में बदलाव के बाद दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव हो गया था। गलवान में चीन और भारतीय सैनिकों के बीच झड़प हो गई थी। इसके बाद से दोनों देशों की तरफ से एलएसी पर सैनिकों की तैनाती को बढ़ा दिया गया था। सैनिकों की वापसी और स्थिति के समाधान के लिए पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। द्विपक्षीय वार्ता के मुद्दे पर हम अब भी समय और व्यस्तताओं के अनुरूप काम कर रहे हैं।

# संजौली मस्जिद की 3 अवैध मंजिलें गिराने का काम शुरू

### वक्फ बोर्ड ने दी मंजूरी, हिंदू संगठनों के प्रदर्शन के बाद काफी चर्चा में आया था मामला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** जिले के संजौली में मस्जिद की तीन मंजिलों के अवैध हिस्से को गिराने का काम शुरू हो गया है। पांच अक्तूबर को नगर निगम कमिश्नर ने मस्जिद की ऊपरी तीन मंजिलों को गिराने का आदेश दिया था। संजौली मस्जिद कमेटी को यह काम अपने खर्चे पर करने को कहा है। वक्फ बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद मस्जिद कमेटी ने सोमवार से अवैध हिस्सा गिराने का काम शुरू किया।

हिंदू संगठनों के प्रदर्शन के बाद यह मामला काफी ज्यादा चर्चा में आ गया था। कमेटी ने मंजूरी मिलते ही मस्जिद की छत को उखाड़ने का काम शुरू किया। मस्जिद कमेटी ने इस संबंध में डीसी शिमला, एसपी शिमला व नगर निगम को भी सूचित कर दिया है। मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद लतीफ का कहना है कि बोर्ड से अवैध निर्माण गिराने की मंजूरी मिल गई है। मस्जिद की छत को उखाड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पैसे जुटाकर अवैध निर्माण तोड़ा जाएगा। पूरे अवैध निर्माण तोड़ने में दो से तीन महीने लगेंगे। प्रदेश में आपसी भाईचारा व सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे, इसलिए यह फैसला लिया गया है।





### वक्फ बोर्ड को जारी हुए थे 11 नोटिस

**वक्फ** बोर्ड को भी अवैध मस्जिद निर्माण को लेकर 11 नोटिस जारी किए गए। साल 2010 से लेकर 2024 तक इस मामले में कुल 45 पेशियां हुईं। 46वीं पेशी में कोर्ट ने अवैध निर्माण गिराने का आदेश सुनाया। अवैध निर्माण की शिकायत 31 मार्च, 2010 को नगर निगम को मिली थी। 3 मई, 2010 को निगम ने सलीम को पहला नोटिस जारी कर काम रोकने के आदेश दिया। दो सितंबर 2010 को वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोटिस जारी हुआ। 2011 में भी कई नोटिस जारी हुए। 2012 तक दो मंजिला मस्जिद बनी थी। कमेटी ने नक्शा पास करने के लिए आवेदन किया, लेकिन खामियों के चलते नगर निगम ने यह नक्शा लौटा दिया।

### अच्छा माहौल बनाए रखें : विक्रमादित्य



**संजौली** मस्जिद पर मंत्री विक्रमादित्य ने कहा कि संजौली मस्जिद कमेटी ने जो पहल की है, मैं उसका स्वागत करता हूं। उन्होंने स्वेच्छा से अवैध भवन को ध्वस्त करने का फैसला लिया है। मेरी लोगों से यही अपील है कि अच्छा माहौल बनाए खें और इस तरह की कोई परिस्थिति न हो, जिससे भाईचारा आपस में खराब हो।

### मस्जिद कमेटी अपने खर्च पर तोड़ेगी अवैध निर्माण

**मस्जिद** कमेटी अपने खर्च पर अवैध निर्माण को तोड़ेगी। संजौली मस्जिद में अवैध निर्माण से जुड़े मामले पर करीब 14 साल बाद बीते 5 अक्तूबर को नगर निगम आयुक्त कोर्ट ने फैसला सुनाया था। वर्ष 2010 से शुरू हुए इस मामले में अवैध निर्माण रोकने को लेकर कुल 38 नोटिस नगर निगम ने जारी किए। इनमें 27 नोटिस अकेले सलीम नाम के व्यक्ति को भेजे गए, जो साल 2016 तक नगर निगम की सुनवाई में आता रहा। फिर अचानक गायब हो गया। सुनवाई में न आने पर 15 जून, 2016 को कोर्ट ने इसे एक्स पार्टी घोषित कर दिया।

# मदरसे बंद करने के आदेश पर सुप्रीम रोक

### गैर-मुस्लिम स्टूडेंट्स का सरकारी स्कूलों में नहीं होगा ट्रांसफर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस जारी**

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और राज्य सरकारों को मदरसे बंद करने के फैसले पर रोक लगा दी। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने 7 जून और 25 जून को राज्यों को इससे संबंधित सिफारिश की थी।

केंद्र ने इसका समर्थन करते हुए राज्यों से इस पर एक्शन लेने को कहा था। वहीं, कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा सरकार के उस आदेश पर भी रोक लगाई, जिसमें मदरसों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को सरकारी स्कूल में ट्रांसफर करना था। इसमें गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के साथ-साथ सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों में पढ़ने वाले गैर-मुस्लिम स्टूडेंट्स शामिल हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने केंद्र सरकार, एनसीपीसीआर और सभी राज्यों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा। बेंच ने कहा कि यह रोक अंतरिम है। जब तक मामले पर फैसला नहीं आ जाता, तब तक राज्य मदरसों पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकेंगे। बेंच ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद को उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा के अलावा अन्य राज्यों को भी याचिका में पक्षकार बनाने की अनुमति दे दी।

शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि इस वर्ष सात जून और 25 जून को जारी एनसीपीसीआर के सिफारिश पर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि राज्यों के आदेश भी स्थगित रहेंगे। न्यायालय ने मुस्लिम संस्था को उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा के अलावा अन्य राज्यों को भी अपनी याचिका में पक्षकार बनाने की अनुमति दी।

# बंबीहा गैंग का 1, लॉरेंस गैंग के 3 गुर्गे गिरफ्तार

### पुलिस को मोगा में मिली कामयाबी; हथियार भी बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**एजेंसी, चंडीगढ़**



**पंजाब** पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने बंबीहा गैंग से लकी पटियाल के एक सहयोगी को 3 अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

वहीं, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े मनप्रीत सिंह उर्फ मनी भिंडर के 3 गुर्गों को भी गिरफ्तार कर लिया है। तीनों के कब्जे से 3 अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक के आधिकारिक 'एक्स' पर यह जानकारी दी। 2 कुख्यात गैंग के 4 सहयोगियों को 6 अवैध हथियारों की बरामदगी के साथ गिरफ्तार किया गया है। ये सभी आरोपी मोगा में जबरन वसूली के लिए एक कारोबारी को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। पुलिस मामला दर्ज कर बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

### हरियाणा सरकार में विभागों का बंटवारा

# सीएम नायब सैनी ने वित्त, गृह समेत 12 विभाग अपने पास रखे

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**अनिल विज को बिजली व परिवहन समेत तीन विभागों का जिम्मा**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंत्रियों को विभागों बांट दिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गृह, वित्त, सीआईडी, योजना एवं आबकारी समेत 12 विभागों का कामकाज अपने पास रखा है। कैबिनेट मंत्री अनिल विज को बिजली व परिवहन समेत तीन विभागों की जिम्मेदारी सौंपी है।

विपुल गोयल को शहरी निकाय व राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, कृष्ण लाल पंवार को विकास एवं पंचायत तथा राव नरबीर को उद्योग एवं पर्यावरण विभागों का कामकाज सौंपा है। हरियाणा सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक महिपाल सिंह ढांडा को शिक्षा विभाग व डॉ. अरविंद शर्मा को सहकारिता विभाग दिए गए हैं। आरती राव को स्वास्थ्य, राव नरबीर को उद्योग एवं पर्यावरण, अरविंद शर्मा को जेल और श्रुति चौधरी को महिला एवं बाल विकास विभाग का जिम्मा सौंपा है।

# प्रदेश सरकार ने 10 बीडीओ बदले लतिका को नगरोटा बगवां भेजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**बीडीओ बशीर खान का गोहर किया ट्रांसफर**

**हिमाचल** सरकार ने सोमवार को 10 ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर (बीडीओ) के तबादले आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग राजेश शर्मा ने आदेश जारी किए हैं।

आदेशों के मुताबिक, वर्तमान में ग्रामीण विकास विभाग मुख्यालय में कार्यक्रम अधिकारी-कम-बीडीओ लतिका सहजपाल को ब्लॉक विकास अधिकारी नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा लगाया गया है। विकास खंड नगरोटा बगवां के बीडीओ बशीर खान का ट्रांसफर कर बीडीओ गोहर मंडी के लिए भेजा गया। वर्तमान में बीडीओ गोहर सुरजीत सिंह को बीडीओ बड़ोह कांगड़ा, बीडीओ चौंतड़ा सरवन कुमार को बीडीओ आरडीडी मुख्यालय शिमला, शिमला मुख्यालय से बीडीओ कुलदीप कुमार बीडीओ पट्टा सोलन, बीडीओ मुख्यालय शिमला कला देवी को बीडीओ चुराग मंडी, बीडीओ मुख्यालय उधी धारा बीडीओ नूरपुर, रेखा देवी को कार्यक्रम अधिकारी-कम-बीडीओ आरडीडी मुख्यालय शिमला, विकास खंड कुपवी शिमला में तैनात अरविंद गुलेरिया को बीडीओ आरडीडी मुख्यालय शिमला और विकास खंड पच्छाद सिरमौर में तैनात रमेश कुमार को बीडीओ सोलन लगाया गया है।

# लश्कर के संगठन टीआरएफ ने ली गांदरबल हमले की जिम्मेदारी

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के गांदरबल जिले के गुंड इलाके में रविवार को हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। इस हमले में एक डॉक्टर और 6 प्रवासी मजदूरों समेत कुल 7 सात की मौत हुई है।

हमले का मास्टरमाइंड टीआरएफ का शेख सज्जाद गुल है और उसके इशारे पर हमला किया गया। हालांकि, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों की पहचान कर ली है। दो लोग दक्षिण कश्मीर के ही रहने वाले हैं और तीसरा पाकिस्तान का रहने वाला है। (अनंत ज्ञान)

### आतंकी बचेंगे नहीं कठोर प्रहार होगा : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' वा कहा कि जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में मजदूरों पर हुआ नृशंस आतंकी हमला कायरतापूर्ण घृणित कृत्य है। इस जघन्य कृत्य में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें हमारे सुरक्षाबल इसका कड़ा जवाब देंगे। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। वहीं, सीएम उमर उमर अब्दुल्ला ने इस हमले की कड़ी निंदा की है। ये लोग इलाके में एक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना पर काम कर रहे थे।

### शिकंजा — मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया साइबर विंग के सीवाई स्टेशन का शुभारंभ

# अब साइबर अपराधियों की खैर नहीं



शिमला में साइबर विंग के सीवाई स्टेशन का उद्घाटन करते सीएम सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**साइबर अपराधों से जुड़ी शिकायतों का होगा निपटारा**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को हिमाचल पुलिस के साइबर विंग के सीवाई स्टेशन का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केंद्र पूरे सप्ताह चौबिस घंटे कार्य करेगा और यह साइबर अपराधों से जुड़ी शिकायतों के निपटारे में प्रभावी है। प्रदेशवासी साइबर अपराधों से जुड़ी शिकायतों को टॉल-फ्री नंबर 1930 पर दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सिटिजन फाइनांशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम से आर्थिक धोखाधड़ी के ब्लॉकिंग या लीन मार्किंग (ग्रहणाधिकार अंकन) को सुगम बनाएगा। उन्होंने कहा कि यह डाटा सेंटर राज्य के नोडल हब के रूप में स्थापित होकर राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के जिला पोर्टल की कार्यप्रणाली पर निगरानी रखेगा। भविष्य की योजनाओं के लिए मुख्य निर्णायक केंद्र के रूप में कार्य करते हुए शिकायतों और कार्रवाई के संबंध में डाटाबेस भी बनाएगा।

### सीएम बोले- कांगड़ा हवाई अड्डे के लिए मुआवजा राशि का आवंटन शुरू

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहले बजट की घोषणा को पूरा करते हुए कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए मुआवजा राशि देने का कार्य शुरू कर दिया है। कांगड़ा जिले के शाहपुर क्षेत्र के जुगेहड़ गांव के भूमि मालिकों को मुआवजा राशि के तौर पर कुल 32.50 करोड़ रुपए वितरित किए जाएंगे। इन भूमि मालिकों को मुआवजे के साथ-साथ पुनर्वास एवं पुरस्थापन के लिए लगभग 3,500 करोड़ रुपए प्रदान किए जाएंगे, जिनकी भूमि कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए अधिग्रहित की जा रही है।

# 'उड़ान' पहल ने देश के विमानन क्षेत्र को बदल दिया : पीएम मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) पहल ने भारत के विमानन क्षेत्र को बदल कर रख दिया है और आने वाले वर्षों में उनकी सरकार इसे और मजबूत करेगी तथा लोगों को और भी बेहतर संपर्क सुविधा मुहैया कराने पर ध्यान केंद्रित करेगी। भारत में बुनियादी ढांचे और संपर्क को बेहतर बनाने के लिए क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) उड़ान पहल को आरंभ किए आठ साल पूरे हो गए। खासकर दूरदराज और कम सेवा वाले क्षेत्रों में आरंभ की गई यह पहल भारत की राष्ट्रीय नागर विमानन नीति (एनसीएपी) 2016 का एक महत्वपूर्ण घटक है। केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए) ने 21 अक्तूबर, 2016 को 10 वर्ष के दृष्टिकोण के साथ इसकी शुरुआत की थी।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज, हम उड़ान के 8 वर्ष पूरे कर रहे हैं। एक ऐसी पहल, जिसने भारत के विमानन क्षेत्र को बदल दिया है। हवाई अड्डों की संख्या में वृद्धि से लेकर अधिक हवाई मार्गों तक, इस योजना ने करोड़ों लोगों को उड़ान तक पहुंच सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि साथ ही व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाने पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ा है।

# गढ़चिरौली में मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर




**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सोमवार को पुलिस मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ छत्तीसगढ़ के नारायणपुर की सीमा से लगे इलाके में हुई। गढ़चिरौली पुलिस की सी-60 कमांडो टीम और सीआरपीएफ की टीम ने इस अभियान को अंजाम दिया। भामरागढ़ तहसील के कोपरी जंगल में रुक-रुककर गोलीबारी चल रही है। खुफिया एजेंसियों ने पुलिस को सूचना दी थी कि कोपरी इलाके में कई नक्सली मौजूद हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने जंगल में ऑपरेशन चलाया।

## न्यूज ब्रीफ

### सारा ने पलचान के शिव मंदिर में टेका माथा

**कमलेश वर्मा, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली एक बार फिर एक्शन, ओके, कट की आवाज से गूंज उठी है। धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही फिल्म की सोमवार को मनाली के पर्यटन स्थल कोठी में शूटिंग की गई। पहले जहां बॉलीवुड स्टार आयुष्मान कुछ दिन पहले फिल्म की शूटिंग के लिए मनाली पहुंचे थे, वहीं अब स्टार कलाकार सारा अली खान भी पर्यटन नगरी पहुंच गई हैं। सोमवार को सारा अली खान व आयुष्मान पर कोठी में दिन भर कई दृश्य फिल्माए गए। आयुष्मान तो एक सप्ताह पहले से शूटिंग में व्यस्त हैं जबकि सारा रविवार को ही मनाली पहुंची है। आज दोनों कलाकर दिन भर शूटिंग में व्यस्त रहे। दोनों स्टार मनाली से करीब 10 किलोमीटर दूर रोहतांग रोड पर पलचान होटल एंड स्पा में ठहरे हैं। सुबह सारा अली खान सैर करते दिखी। उन्होंने पलचान शिव मंदिर में माथा भी टेका।



### प्रदेश के 427 स्कूलों को लोगों ने लिया गोद



**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के कायाकल्प के लिए कई नवाचार कदम उठाए हैं। ऐसी ही पहल अपना विद्यालय द हिमाचल स्कूल अडॉप्शन प्रोग्राम है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के लोग राजकीय पाठशालाओं को गोद लेकर अपनी सहभागिता को सुनिश्चित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम की सफलता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 427 विद्यालयों को समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की ओर से गोद लिया गया है। बिलासपुर में 21, चंबा में 48, हमीरपुर में 32, कांगड़ा में 35, किन्नौर में 2, कुल्लू में 18, मंडी में 66, शिमला में 117, सिरमौर में 1 और सोलन में 96 स्कूल गोद लिए गए हैं।

# व्यवस्था परिवर्तन नहीं, प्रदेश में व्यवस्था पतन हुआ : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर, व्यवस्था का पतन हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस के शासनकाल में प्रदेश ने अपना सम्मान खोया तथा विकास में पिछड़ा है। मौजूदा सरकार का काम करने का तरीका परिहास का विषय बन रहा है।

धर्मशाला में पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सुक्खू सरकार आननफानन में लिए जा रहे फैसलों की खिल्ली उड़ने के बाद भाजपा के सिर ठीकरा फोड़ देती है। सरकार के करीब दो साल के शासनकाल में डीजल के दाम तथा टैक्स वृद्धि हुई, बिजली रियायतों में कमी हुई, पानी के बिल शुरू हुए तथा डिपुओं में राशन महंगा हुआ।

कुल मिलाकर मौजूदा सरकार के काम से प्रदेश का कोई भी वर्ग खुश नहीं है। आलम ये कि सरकार टॉयलेट टैक्स लगाने की तैयारी कर रही है। बैकडेट से नोटिफिकेशन वापस लेने की साजिश बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सीएम सुक्खू झूठ बोल रहे हैं कि ये पूर्व की भाजपा सरकार का निर्णय था। उन्होंने सवाल किया कि अगर ऐसा है तो सीएम तथ्य पेश करें। उन्होंने कहा कि झूठ बोलना सुक्खू की आदत बन गया है। कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने के नाम पर पालमपुर में कृषि विश्व विद्यालय की जमीन दे दी गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के पास हिमाचल को बेचने का हौसला आ गया है। इंजीनियरों के बाद चालकों के पद समाप्त करने वाली सुक्खू सरकार अगर सीपीएस से शुरुआत करती तो अच्छा होता, जिनपर हर माह लाखों रुपए खर्च हो रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री जिन कार्यों का फीता काटते हैं उनमें कांग्रेस सरकार ने एक भी पैसे का योगदान नहीं किया है। सभी कार्यों का शिलान्यास, बजट प्रावधान से लेकर अन्य सभी प्रकार की क्लीयरेंस पूर्व सरकार द्वारा ही की गई थी। जिन्हें वह आज लोकार्पित कर रहे हैं।



**ये नेता रहे मौजूद**

प्रेस वार्ता के दौरान धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा, विधायक विपन परमार, विधायक पवन काजल, पूर्व विधायक विशाल नेहरिया, पूर्व विधायक रवि धीमान, जिला भाजपाध्यक्ष सचिन शर्मा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा तथा भाजपा नेता राकेश शर्मा समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

### थैंकलेस हैं सीएम सुक्खू

**केंद्र** से प्रदेश को भरपूर मदद मिलने तथा बावजूद इसके केंद्र का कभी आभार न जताने की बात कहते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सैलरी तथा पेंशन देना मौजूदा सरकार के लिए चुनौती बन गया है।

वहीं टैक्स का केंद्र से एकमुश्त 1490 करोड़ रुपए जो सेंटर टैक्स का शेयर होता है, मिलने के बाद अब सुक्खू 28 को पेंशन तथा सैलरी देने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने हिमाचल को हमेशा मदद की है। केंद्र से भरपूर मदद मिलने के बावजूद सीएम कभी केंद्र का आभार तक नहीं जताते।

## लोक लेखा समिति की बैठक में हिस्सा लेंगे अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला**



पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर 24 अक्तूबर को संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) की एक अति महत्वपूर्ण बैठक के लिए दिल्ली में मौजूद रहेंगे। अनुराग ठाकुर हाल ही में संसद की कोयला, खान और इस्पात मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष व लोक लेखा समिति के सदस्य के रूप में चुने गए हैं, ऐसे में 24 अक्तूबर को दिल्लीमें इस महत्वपूर्ण बैठक में उनकी उपस्थिति अनिवार्य है। अनुराग ठाकुर 25 अक्तूबर को समीरपुर स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं, स्थानीय जनता व स्नेहजनों से भेंट करेंगे।

संसद की यह लोक लेखा समिति सरकार के वार्षिक वित्त लेखों और व्यय को पूरा करने के लिए सदन द्वारा दी गई राशि के विनियोग को दर्शाने वाले लेखों की जांच करने का काम करती है। लोक लेखा समिति भारतीय संसद के कुछ चुने हुए सदस्यों वाली समिति है जो भारत सरकार के खर्चों की लेखा परीक्षा (ऑडिट) करती है।

इस समिति को यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था कि संसद द्वारा सरकार को दिया गया धन विशिष्ट और निश्चित मद पर ही खर्च किया जाए। क्योंकि संसद जटिल मामलों पर विचार करती है, इसलिए ऐसे मामलों को बेहतर ढंग से समझने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है और ऐसे में यह समिति एक ऐसा मंच प्रदान करने में मदद करती हैं जहां सदस्य मामलों के अध्ययन के दौरान विविध क्षेत्र/विषय विशेषज्ञों और सरकारी अधिकारियों के साथ जुड़ सकते हैं।

## बिजली बोर्ड के 81 ड्राइवरों को निकाला

**एजेंसी, शिमला**

हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड में एसई, एक्सईएन, असिस्टेंट इंजीनियरों के 51 फंक्शनल पदों को समाप्त करने के बाद सुक्खू सरकार ने 81 ड्राइवरों की भी नौकरी से निकाल दिया है। ये ड्राइवर पिछले 10 से 12 सालों से आउटसोर्स पर बिजली बोर्ड में अपनी सेवाएं दे रहे थे। इससे पूर्व सरकार ने बिजली बोर्ड में असिस्टेंट इंजीनियरों से लेकर अधीक्षण अभियंता तक के 51 फंक्शनल पदों को समाप्त करने की अधिसूचना जारी की थी, लेकिन अब 81 ड्राइवरों की सेवाएं भी सरकार ने समाप्त कर दी है।

# धर्मशाला में कल होगा 'हिम फिल्मोत्सव' का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिम सिने सोसायटी हिमाचल प्रदेश 23 व 24 अक्तूबर को हिम फिल्मोत्सव-2024 का आयोजन करेगी, जिसमें सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता, निदेशक और कलाकार भाग लेंगे।

विश्व स्तर पर चर्चित फिल्म केरला स्टोरी व बस्तर जैसी फिल्म बनाकर तहलका मचाने वाले सुदीप्तो सेन और मशहूर कलाकार मनोज जोशी भी समारोह में शिरकत करेंगे। फिल्मोत्सव में भारतीय परंपराओं, हिमाचल की लोक संस्कृति व भारतीयता से ओतप्रोत फिल्मों, लघु फिल्मों और वृत्त चित्रों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। सोमवार को एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी देते हुए हिम फिल्मोत्सव-2024 की आयोजन समिति के अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य यह है कि भारतीयता के बोध पर आधारित फिल्मों का निर्माण हो तथा फिल्मों, लघु फिल्मों व वृत्त चित्रों के माध्यम से भारत की गौरवशाली लोक परंपरा, इतिहास, संस्कृति का भाव राष्ट्रीय सहित विश्व समाज तक पहुंचे।

चल चित्रों के माध्यम जो भारतीय बोध के साथ खिलवाड़ किया जाता है, उसे न केवल रोका जाए, बल्कि उसके उत्तर में ऐसी फिल्में बनें, जो राष्ट्रीय समाज की उपलब्धधियों, गौरव को दर्शाएं व जिन्हें परिवार के साथ बैठकर हम सब देख सकें।




### सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज करेंगे शुभारंभ

कांगड़ा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज 23 अक्तूबर को हिम फिल्मोत्सव का उद्घाटन करेंगे तथा हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य सत प्रकाश बंसल समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप मे सुप्रसिद्ध फिल्म निदेशक सुदीप्तो सेन,भारतीय चित्र साधना के न्यासी व प्रख्यात फिल्म समीक्षक अरुण अरोड़ा व प्रशांत रंजन उपस्थित रहेंगे।

## जेपी नड्डा ने बिहारी लाल शर्मा को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा की राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन दिल्ली मुख्यालय में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की, जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह-प्रभारी संजय टंडन, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, सचिव सुमित शर्मा उपस्थित रहे।

इस बैठक में भाजपा हिमाचल प्रदेश को सदस्यता अभियान प्रभारी बिहारी लाल शर्मा के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष, महामंत्री विनोद तावड़े द्वारा सम्मानित किया गया। भाजपा हिमाचल प्रदेश को साधारण सदस्यता अभियान के अंतर्गत अरुणाचल प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर सम्मानित किया गया। प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि यह भाजपा हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि हमने देवतुलीय कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत के परिणामस्वरूप देश में दूसरे स्थान पर रहते हुए 15.50 लाख सदस्य बना लिए है।



### तीन महीने से राशन नहीं लेने वाले उपभोक्ताओं के कार्ड होंगे ब्लॉक

**शिमला।** तीन महीने से उचित मूल्य की दुकानों से राशन नहीं लेने वाले उपभोक्ताओं के राशन कार्ड ब्लॉक होंगे। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग राशन न लेने वाले उपभोक्ताओं के राशन कार्ड बंद करने की तैयारी में है।

इसके लिए जिला हमीरपुर के सभी डिपो संचालकों से ऐसे उपभोक्ताओं की रिपोर्ट मांगी है। डिपो संचालकों की ओर से रिपोर्ट जारी होने के बाद राशन नहीं लेने वाले उपभोक्ताओं के राशन कार्डों को बंद किया जाएगा। राशन कार्ड को फिर से विभाग के पास सक्रिय करवाना होगा और ई-केवाईसी की प्रकिया को पूरा करना होगा। जिला हमीरपुर की बात करें तो यहां 5 लाख 48 हजार 857 राशन कार्डधारक हैं।

विभाग के ध्यान में आया है कि कई राशनकार्ड धारक ऐसे हैं, जिन्होंने तीन महीने से राशन नहीं लिया है। राशन का दुरुपयोग न हो, इसलिए राशन कार्ड ब्लॉक किए जाएंगे। जिले में इस समय 315 डिपो खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित किए जा रहे हैं।

## फार्मा लैब केम एक्सपो उद्योगपतियों के उत्पाद प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच : हर्षवर्धन चौहान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

उद्योग, संसदीय कार्य एवं श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि फार्मा लैब केम एक्सपो उद्योगपतियों को उत्पाद, प्रौद्योगिकी और नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए एक बेहतर मंच प्रदान कर रहा है। हर्षवर्धन चौहान सोमवार को बद्दी में फार्मा लेबकेम एक्सपो द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि फार्मा लैब केम एक्सपो अपने बेहतर अनुभव के साथ उद्योगपति को नए बाजारों से परिचित कराने और विकास को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है।

उन्होंने उद्योगपतियों से हिमाचल प्रदेश में निवेश करने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सोलन जिला ने देश में औद्योगिक क्षेत्र के रूप में अपनी विशेष पहचान बनाई है। जिला का बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन) क्षेत्र हिमाचल का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र को एशिया के फार्मा हब के रूप में भी जाना जाता है। इस क्षेत्र में एशिया की लगभग 35 प्रतिशत दवाओं का उत्पादन किया जा रहा है। उद्योग मंत्री ने कहा कि विभागीय परियोजनाओं में हरित हिमाचल की परिकल्पना को साकार करने के दृष्टिगत दृढ़ता से कार्य किया जा रहा है।

पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ विकसित हिमाचल की अवधारणा को पूरा करने के लिए सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में प्रस्तावित सभी औद्योगिक परियोजनाओं व ईकाइयों को अमलीजामा पहनाने के लिए त्वरित व आवश्यक कदम उठाएं ताकि जिला व प्रदेश में निवेश के साथ-साथ रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित हो सके।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य संसदीय सचिव रामकुमार चौधरी और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक बावा हरदीप सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक बद्दी इलमा अफरोज, बद्दी उद्योग के उपनिदेशक योगेश गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और उद्योगपति कार्यक्रम में उपस्थित थे।



**विकास** | एमओयू से विकास के नए आयाम होंगे स्थापित : विक्रमादित्य

# एसजेवीएनएल और पीडब्ल्यूडी के बीच सड़कों के विस्तारीकरण के लिए एमओयू हस्ताक्षरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग एवं सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (एसजेवीएनएल) के मध्य सुन्नी-लूहरी सड़क, एमडीआर-22 (घरट नाला-खैरा) एवं शिमला से मंडी, एमडीआर-76 (ढली-देवीधार) की सडकों के विस्तारीकरण परियोजना से संबंधित लगभग 70 करोड रुपए का समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है क्योंकि इस समझौते से प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए प्रयासरत है।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि पूर्व में उनके दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सहयोग से उन्होंने पांच सड़क मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के लिए केंद्र सरकार से आग्रह किया था। इनमें सलापड़-तत्तापानी-सुन्नी-खैरा-लूहरी सड़क मार्ग शामिल हैं। इससे न केवल करसोग बल्कि आनी, कुमारसेन, रामपुर तथा किन्नौर क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे। अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भी यह सड़क विकासात्मक परियोजना का एक हिस्सा है। चीन सीमा के नजदीक होने के कारण यह सामरिक महत्व की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर एसजेवीएनएल के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक सुशील कुमार शर्मा ने शिमला ग्रामीण के सुन्नी एवं लूहरी क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

सचिव लोक निर्माण विभाग अभिषेक जैन, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता दीपक राज चौहान, सुन्नी परियोजना के विभागाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पूर्व विधायक सोहन लाल, चिरंजीव लाल, एसजेवीएनएल एवं लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, शिमला ग्रामीण के पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।




# एक नवंबर को मनाया जाएगा दीपावली पर्व

**दीपावली का पर्व 1 नवंबर, 2024 को मनाया जाएगा। रविवार को लक्ष्मी नारायण मंदिर, (बिरला मंदिर) दिल्ली के परिसर में आयोजित विद्वत् धर्मसभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। बैठक डॉ. अरुण बंसल अध्यक्ष अखिल भारतीय ज्योतिष संस्था संघ (फ्यूचर प्वाइंट) की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आचार्य शुभेश शर्मन (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय ज्योतिष संस्था संघ), स्वामी राघवानंद महाराज (दिल्ली संत मंडल) ने फोन पर सहमति दी। आचार्य राम गोपाल शुक्ल (महामंत्री अर्चक संघ), पंडित कौशल किशोर कौशिक (संपादक राजधानी व ब्रजभूमि पंचांग), आचार्य पं. गिरधारी लाल शर्मा (अध्यक्ष पुजारी संघ दिल्ली), पं. ऋभुकांत गोस्वामी (अध्यक्ष संस्कृत स्वाध्याय व ज्योतिष विधान मंदिर), आचार्य अनमोल (श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा दिल्ली), यज्ञाचार्य चंद्रमणि मिश्र (राष्ट्रीय विद्वत परिषद), आचार्य डीपी शास्त्री (टीवी पैनलिस्ट), पंडित अमित कुमार शर्मा ज्योतिषाचार्य (ह्रीं ज्योतिष संस्थान गाजियाबाद), आचार्य प्रेम नारायण शर्मा, पं. कृष्ण कांत कौशिक (श्री सत्य सनातन ब्राह्मण महासभा, दिल्ली), आचार्य अंकितानंदगोस्वामी (भगवताचार्य नंद गांव मथुरा), आचार्य अवधेश, आचार्य ललित शर्मा, पं. योगेश मिश्रा, पं. सर्वेश दुबे, पं. मदन मोहन,पं. भुवनेश दीक्षित, आचार्य रामकरण भारद्वाज, लव कुश पांडे और ऋषि मिश्रा, पं. काशीनाथ दीक्षित, पं. बृजमोहन पाठक, आचार्य शांति प्रसाद, पं. योगेश मिश्रा, पं. सर्वेश दुबे आदि विद्वानों की उपस्थिति में समस्त विद्वानों, ज्योतिषाचार्यों, धर्माचार्यों, पंचांगकर्ताओं द्वारा सम्वत् 2081 (वर्ष 2024) में दीपावली पर्व को लेकर धर्मशास्त्रों पर व्यापक विचार-विमर्श एवं समस्त पंचांग सम्मत तिथियों के सूक्ष्म अध्ययनोपरांत सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया।**

### दीपावली पर्व या दीपमालिका निर्णय

1. **संग्रहशिरोमणिः** (द्वितीयो भाग:) संपादक आचार्य कमलाकांत शुक्ल, संपूर्णानन्द-संस्कृत-विश्वविद्यालय: वाराणसी। **पृष्ठ 400-401 से लिए गए कुछ वाक्यांश -**



**▶ बिरला मंदिर में विद्वत्सभा का सर्वसम्मत से लिया गया निर्णय**

**▶ विद्वानों, ज्योतिषाचार्यो धर्माचार्यों, पंचांगकर्ताओं ने दी एकमत राय**

2. सूर्यास्त के बाद अधिक (घटिका) व्यापिनी अमावस्या हो तो इसे अमावस्या मानने में कोई संदेह नहीं है। इस अमावस्या में प्रात: अभ्यङ्ग, देव-पूजन व अपराह्न में पार्वण श्राद्ध करके प्रदोष में दीपदान, आकाशदीप-प्रदर्शन, लक्ष्मीपूजन करके भोजन करना चाहिए।
3. दूसरे दिन या दोनों दिन प्रदोष-व्याप्ति होने पर दूसरे दिन की अमावस्या ग्राह्य है।
4. व्याप्ति के पक्ष में दूसरे दिन तीन प्रहर से अधिक हो और अमावस्या की अपेक्षा तीसरे दिन प्रतिपदा का घटिकामान अधिक हो तो, लक्ष्मी पूजन आदि कार्य दूसरे दिन ही करेंगे। इस आधार पर दोनों दिन प्रदोष-व्याप्ति के पक्ष में परा (दूसरे दिन) अमावस्या ग्राह्य है।
5. जिस दिन स्वाती नक्षत्र का योग हो, उस दिन की शुभता विशेष है।

**निर्णय सिन्धु :**

6. श्रीकमलाकरभट्ट प्रणीत, प्रकाशक- श्रीठाकुर प्रसाद पुस्तक भंडार, वाराणसी, से लिए गए **कुछ वाक्यांश**
7. पुष्कर पुराण में कहा है कि स्वाती में स्थित सूर्य में यदि स्वाती में गया चंद्रमा हो तो पंचत्वचा के जल से मनुष्य अभङ्गविधिकर स्नान करें और महालक्ष्मी का नीराजन करें तो लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। **(पृष्ठ 405)**



**पं. लेखराज शर्मा**
(हस्तरेखा विशेषज्ञ)

8. अमावस्या के प्रात:काल में तो दही, खीर, घृत आदियों से पार्वण श्राद्ध करें। **(पृष्ठ 405)**
9. तिथि तत्व में ज्योति का वचन है कि एक दंड (घटी) रात्रि के योग में अमावस्या दूसरे दिन हो तब पूर्व दिन को त्यागकर दूसरे दिन सुखरात्रि में करें। **(पृष्ठ 406)**
10. प्रदोष और अर्धरात्रिव्यापिनी मुख्य है। इस की व्याप्ति में परा ही है। प्रदोष के मुख्यत्व होने से आधी रात में अनुष्ठान का अभाव है।
11. पूर्णिमा तिथि तथा अमावस्या तिथि सावित्री व्रत के बिना परा ग्रहण करनी चाहिए। ब्रह्मवैवर्त पुराण का मत है कि 'हे मुनिश्रेष्ठ, व्रतों में उत्तम सावित्री व्रत को छोड़कर चतुर्दशी से विद्ध अमावस्या तथा पूर्णिमा कभी भी प्रयोग नहीं करना चाहिए।' **(पृष्ठ 89)**
12. धर्मसिन्धुङ्क प्रदोष समय दीपदान लक्ष्मी पूजन आदि के हैं। उसमें सूर्योदय के अनन्तर घटीका तक (भी) अधिक रात्रि तक अमावस्या हो तो (परा लेने में) कुछ संदेह नहीं है। **(पृष्ठ 177)**
13. पुरुषार्थचिन्तामणि। विष्णुभट्टविरचित: **पृष्ठ 306** ... तच्चोत्तरदिनेऽस्तोत्तरं घटिकाद्यवच्छेदेन विद्यते, तथा सैव ग्राह्या। (घटिका के अंश मात्र से भेद में भी लेना है)
14. मार्तण्ड पञ्चाङ्ग प्रियव्रतशर्मा- दीपावली को भले ही अमावस्या सूर्यास्त के बाद एक ही मिनट तक व्याप्त हो, शास्त्रानुसार उसे पूरे प्रदोषकाल में (सूर्यास्त के अनन्तर तीन मुहूर्त तक) व्याप्त माना जाता है, अतः इस स्थिति में भी पूरा प्रदोषकाल लक्ष्मी पूजन के लिए विहित है।

### एक नवंबर को दीपावली निर्णय

*1-11-2024 शुक्रवार शालिवाह्न शक -1946, विक्रम संवत - 2081 पंचांग*
*कालयुक्त संवत्सर॥ सूर्य-दक्षिणायन, दक्षिण गोलार्द्ध॥*
*हेमन्त ऋतु।*
*कार्तिक मास कृष्ण पक्ष॥*
*अमावस्या तिथि 29:33 घटी तक॥ स्वाति नक्षत्र 52:42 घटी तक॥*
*दिनमान- 27:52:30 घटी॥*

1 नवम्बर 2024 को सूर्यास्त के बाद 24 घटी 40 पल 30 विपल की अमावस्या और प्रदोषकाल का योग है। इस कारण और शास्त्रों के वचन से यह स्पष्ट होता है कि दिल्ली में 01 नवंबर 2024 को नि:संदेह दीपावली का निर्णय सही है।

### शास्त्र सम्मत यह दिन

'संपूर्ण भारतवर्ष में दीपावली का महापर्व इस वर्ष 1 नवंबर 2024, शुक्रवार को मनाना शास्त्र सम्मत है एवं इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य दिन दीपावली मनाना शास्त्रानुसार नहीं है।'

### भ्रम व संशय की संभावना नहीं

हमें विश्वास है कि इस सर्वसम्मत निर्णय के उपरांत पूरे देश में किसी भी प्रकार के भ्रम व संशय की संभावना नहीं है। सभी सनातन धर्मियों के लिए 1 नवंबर, 2024, शुक्रवार को कार्तिकी अमावस्या लक्ष्मी पूजन करना शास्त्र सम्मत होगा एवं इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य दिन दीपावली मनाना शास्त्र सम्मत नहीं होगा।

ततः श्वेतैर्हयैर्युक्ते महति स्यन्दने स्थितौ।
माधवः पाण्डवश्चैव दिव्यौ शङ्खौ प्रदध्मतुः॥

**भावार्थः** इसके अनंतर सफेद घोड़ों से युक्त उत्तम रथ में बैठे हुए श्रीकृष्ण महाराज और अर्जुन ने भी अलौकिक शंख बजाए॥

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 22 अक्तूबर 2024

# अहोई अष्टमी व्रत से होती है संतानों की लंबी उम्र

**संतान की लंबी उम्र, उन्नति और खुशहाली के लिए महिलाएं अहोई अष्टमी का व्रत रखती हैं। इस वर्ष यह व्रत 24 अक्तूबर 2024, गुरुवार को मनाया जाएगा। यह व्रत विशेष रूप से माताएं अपने बच्चों के लिए रखती हैं। मान्यता है कि इस दिन उपवास और पूजा करने से उनकी संतान का जीवन समृद्ध और सुरक्षित रहता है। जो महिलाएं निःसंतान हैं, वे भी इस दिन संतान प्राप्ति की कामना से व्रत रखती हैं। इसके अतिरिक्त , इस व्रत का पालन करने से परिवार में शांति और समृद्धि आती है।**

### व्रत की तिथि और समय

पंचांग के अनुसार, अष्टमी तिथि 24 अक्तूबर की रात 1 बजकर 18 मिनट पर शुरू होगी और 25 अक्तूबर की दोपहर 1 बजकर 58 मिनट पर समाप्त होगी। चूंकि 24 अक्तूबर को अष्टमी की उदयातिथि पड़ रही है, इसलिए व्रत इसी दिन रखा जाएगा। यह व्रत तारे दिखने के बाद खोला जाता है, जो इसे अन्य व्रतों से कठिन और विशेष बनाता है।

### पूजा विधि और परंपराएं



अहोई अष्टमी की पूजा विशेष रूप से माता अहोई की होती है, जिन्हें संतान की संरक्षिका देवी माना जाता है। व्रती महिलाएं प्रातः स्नान करके व्रत का संकल्प लेती हैं और पूरे दिन उपवास रखती हैं। संध्या के समय पूजा की जाती है, जिसमें माता अहोई की प्रतिमा या चित्र के सामने दीप जलाकर पूजा की जाती है।

### पूजा विधि के प्रमुख चरण

1. भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा : इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है।
2. दूध-भात का भोग : व्रत के दौरान दूध और भात का भोग देवी को अर्पित किया जाता है।
3. पीपल के पेड़ की पूजा : संध्या के समय महिलाएं पीपल के पेड़ के नीचे दीप जलाती हैं, जो पारंपरिक रूप से शुभ और समृद्धि का प्रतीक है।
4. सिंदूर और श्रृंगार अर्पण : देवी पार्वती को सिंदूर और श्रृंगार का सामान अर्पित करने से वैवाहिक जीवन में सुख और शांति बनी रहती है।
5. चांदी के मोतियों का धागा : संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वाली महिलाएं इस दिन चांदी के 9 मोतियों को लाल धागे में पिरोकर माता अहोई को अर्पित करती हैं, जिसे संतान सुख प्राप्त करने का विशेष उपाय माना जाता है।

### व्रत खोलने की प्रक्रिया

अहोई अष्टमी का व्रत तारे देखकर खोला जाता है। इस दिन व्रती महिलाएं सूर्योदय से लेकर तारों के दिखने तक निर्जल या केवल जल ग्रहण कर व्रत रखती हैं। तारे दिखने पर चंद्रमा की दिशा में जल अर्पित कर व्रत खोला जाता है, और फिर प्रसाद ग्रहण किया जाता है।

### कथा और मान्यता

अहोई अष्टमी से जुड़ी एक पुरानी कथा है कि एक स्त्री ने अज्ञानवश जंगल में एक शेरनी के शावक को पत्थर मार दिया था, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। शेरनी ने क्रोधित होकर उसे श्राप दिया कि उसकी संतान भी मर जाएगी। स्त्री ने अपने अपराध के प्रायश्चित के लिए माता अहोई की उपासना की और संतान की रक्षा की प्रार्थना की। माता अहोई की कृपा से उसकी संतान की रक्षा हुई और तभी से यह व्रत मातााएं संतान की सुरक्षा और दीर्घायु के लिए रखती हैं।

### सांस्कृतिक महत्व

अहोई अष्टमी व्रत का विशेष रूप से उत्तर भारत में अधिक प्रचलन है, जहां इसे गहन श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाया जाता है। यह व्रत परिवार और संतान के प्रति मां के अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक है।

-ज्योतिषाचार्य, विभा शर्मा

# राजस्थान के सिरोही में अचलगढ़ की पहाड़ियों पर है अचलेश्वर महादेव मंदिर



## अनोखा मंदिर जहां होती है भगवान शिव के पैर के अंगूठे की पूजा

*देश में भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों के साथ हजारों मंदिर हैं। ज्यादातर में शिवलिंग और कुछ में मूर्तियां हैं। इनमें से कई के पीछे पौराणिक कहानी और किंवदंतियां हैं। राजस्थान के सिरोही जिले में एक ऐसा दुर्लभ शिव मंदिर है जहां भोलेनाथ के दाहिने पैर के अंगूठे की पूजा होती है। लोगों का मानना है कि मंदिर में दर्शन मात्र से मोक्ष प्राप्ति हो जाती है। आपने अक्सर शिवलिंग के दर्शन किए होंगे, शिव प्रतिमा के दर्शन किए होंगे, लेकिन इस मंदिर में भगवान के शिव के दाहिने अंगूठे के दर्शन करने श्रद्धालु आते हैं। सिरोही के हिल स्टेशन माउंट आबू से करीब 11 किलोमीटर दूर अचलगढ़ की पहाड़ियों पर अचलेश्वर महादेव मंदिर है। इस मंदिर में प्रवेश करते ही पंच धातु की बनी नंदी की प्रतिमा दिखाई देती है। बताया जाता है कि मूर्ति का वजन चार टन है। मंदिर के अंदर गर्भगृह में शिवलिंग पाताल खंड के रूप में दिखाई देता है। इसके ऊपर एक तरफ पैर के अंगूठे का निशान उभरा है। यह शिव का दाहिना अंगूठा माना जाता है।*

### अंगूठे ने थामे हैं माउंट आबू के पहाड़

**कहा** जाता है कि इसी अंगूठे ने माउंट आबू के पहाड़ को थाम रखा है। लोगों का मानना है कि जिस दिन निशान गायब हो जाएगा, उस दिन माउंट आबू के पहाड़ खत्म हो जाएंगे। मंदिर को लेकर पौराणिक कथा है कि आबू पर्वत के नीचे ब्रह्मा खाई थी। इसी के पास वशिष्ठ मुनि रहते थे। उनकी कामधेनु गाय एक बार ब्रह्म खाई में गिर गई। तब उसे बचाने के लिए मुनि ने सरस्वती और गंगा का आह्वान किया। इसके बाद ब्रह्म खाई पानी से जमीन की सतह तक भर गई। ऐसे में कामधेनु गाय बाहर आ गई। हादसे को टालने के लिए वशिष्ठ मुनि ने हिमालय जाकर ब्रह्म खाई को पाटने का अनुरोध किया। तब हिमालय ने अपने पुत्र नंदी वद्रधन को खाई पाटने का काम सौंपा। कहते हैं कि अर्बुन नाग नंदी वद्रधन को उड़ाकर ब्रह्म खाई के पास वशिष्ठ आश्रम लाया था। आश्रम में नंदी वद्रधन ने वरदान मांगा कि उसके ऊपर सप्त ऋषियों का आश्रम होना चाहिए। वहीं, पहाड़ सबसे सुंदर और वनस्पतियों वाला होना चाहिए। वशिष्ठ ने वरदान दिया। इसी प्रकार अर्बुद नाग ने वर मांगा कि पर्वत का नामकरण उसके नाम से हो। वरदान मिलते ही नंदी वद्रधन खाई में उतरा तो वो धंसता ही गया। केवल नंदी वद्रधन की नाक और ऊपर का हिस्सा जमीन से ऊपर रहा, जो अब आबू पर्वत है।

### मुख्य मंदिर में शिलालेख और 108 छोटे शिवलिंग

**मुख्य** मंदिर में एक शिलालेख लगा है। मुख्य मंदिर में 108 छोटे शिवलिंग हैं। आसपास कई प्राचीन प्रतिमाएं स्थापित हैं। गर्भ गृह में अर्बुद नाग की प्रतिमा के बीच में गहरी खाई बनी हुई है। इस खाई के अंदर भगवान शिव के अंगूठे की पूजा होती है। इस खाई में जितना भी जल अर्पित किया जाता है, ये खाई कभी भरती नहीं है। गर्भगृह में महाराजा कुम्भा द्वारा स्थापित कालभैरव समेत कई देव प्रतिमाएं हैं।

### इंद्रदेव ने यहां बनाई ब्रह्म खाई

**मंदिर** हजारों वर्ष पुराना है। इंद्रदेव ने यहां एक ब्रह्म खाई बना दी थी। वशिष्ठ आश्रम में नंदिनी गाय रहती थी। जो खाई में गिर जाती थी। ऋषि ने देवी सरस्वती का आह्वान कर गाय को बाहर निकाला। आज भी वशिष्ठ आश्रम में गाय के मुख से जलधारा बहती है। देवों ने ऋषि से कहा आपके आश्रम के बाहर गहरी खाई है, इसका कोई उपाय करो। तब अर्बुदांचल पर्वत और अर्बुद नाग को लाकर ब्रह्म खाई पर स्थापित किया गया। बाद में भूकंप आने लगे, तो देवता ऋषि वशिष्ठ के पास गए। ऋषि ने समाधि ध्यान कर देखा कि महादेव के यहां नहीं होने से अर्बुद नाग के हिलने-डूलने की वजह से यहां भूकंप आ रहे थे। तब यहां भगवान शिव के अंगूठे को स्थापित किया गया। तब से अर्बुदांचल पर्वत यहां अचल हो गया। इसलिए इस मंदिर का नाम भी अचलेश्वर हो गया।

### मुगलों ने किया मंदिर पर आक्रमण

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर मुगलों ने भी मंदिर पर आक्रमण किया था, लेकिन नंदी की प्रतिमा से निकले हजारों की तादाद में भंवरों ने अपने डंक से पूरी सेना को घायल कर दिया था। हारकर मुगलों ने सारे हथियार के दांतों को गलाकर वहां पर त्रिशूल बनाया था।




### ऐसा है यहां का मंदिर परिसर

**अचलेश्वर** महादेव मंदिर परिसर के चौक में चंपा का विशाल पेड़ है। मंदिर में बाएं ओर दो कलात्मक खंभों पर धर्मकांटा बना हुआ है, जिसकी शिल्पकला अद्भुत है। कहा जाता है कि इस क्षेत्र के शासक राजसिंहासन पर बैठने के समय अचलेश्वर महादेव से आशीर्वाद प्राप्त कर धर्मकांटे के नीचे प्रजा के साथ न्याय की शपथ लेते थे। मंदिर परिसर में द्वारिकाधीश मंदिर भी बना हुआ है। गर्भगृह के बाहर वराह, नृसिंह, वामन, कच्छप, मत्स्य, कृष्ण, राम, परशुराम, बुद्ध व कल्की अवतारों की काले पत्थर की भव्य मूर्तियां हैं।

# एक नहीं, पांच दिन की दिवाली

**रोशनी अर्थात प्रकाश का त्योहार दीपावली संस्कृत के दो शब्दों दीप और आवलि से मिलकर बना है, जिसका अर्थ दीपों की श्रृंखला या पंक्ति से होता है। तभी तो इस त्योहार को रोशनी व प्रकाश या आतिशबाजी का पर्व भी कहते हैं। हिंदुओं का यह प्रसिद्ध व महत्वपूर्ण त्योहार एक पौराणिक उत्सव है, जिसका वर्णन स्कंद व पद्म पुराण में मिलता है। दिवाली का यह त्योहार हर वर्ष कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है। सामाजिक, आर्थिक व धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्त्व रखने के कारण ही इसे दिवाली, दीपावली व दीपोत्सव के नाम के साथ ही साथ अपने अपने प्रांतों में भी अलग-अलग प्रांतीय भाषाओं में कहीं दयाली (हिमाचल), कहीं दवाली (पंजाबी), कहीं दीपाबाली (बंगाली), कहीं दियारी (सिंधी) कहीं पर दिवारी व दीपाली भी कहते हैं। अलग-अलग नामों के साथ ही साथ जहां इस त्योहार को हिंदुओं से विशेष रूप से जोड़ा जाता है। दिवाली हिंदुओं का ही पर्व नहीं है, इसे जैन, बौद्ध, सिख व अन्य धर्म के लोग मनाते हैं। वैसे इस दिन जैन गुरु महावीर जी को मोक्ष की भी प्राप्ति हुई थी और इसी दिन वर्ष 1619 में सिखों की छठे गुरु हरगोविंद सिंह जी की जेल से रिहाई भी हुई थी, जिस कारण इस दिन का महत्व और भी बढ़ जाता है। भगवान राम 14 वर्ष के वनवास के पश्चात इसी दिन वापस अयोध्या पहुंचे थे, जिसकी खुशी में लोगों ने घी के दिए जलाए थे और तभी से इस त्योहार को बड़े ही धूमधाम से मनाए जाने की प्रथा चली आ रही है। देखने में आया है कि इस त्योहार को मनाने के लिए तैयारियां तो महीनों पहले से हो जाती हैं, जिसमें संस्थानों, दुकानों, मकानों, गली मोहल्लों, बाजारों व कार्यालयों की साफ-सफाई के साथ रंग रोगन, मरम्मत व नवनिर्माण आदि के कार्य शामिल रहते हैं।**



लेखक
डॉ. कमल के प्यासा



### कब है दिवाली 31 अक्तूबर या 1 नवंबर

**इस** बार दिवाली को मनाने को लेकर भ्रम है। कोई 31 अक्तूबर को बता रहा है तो कोई 1 नवंबर को बता रहा है। कुछ भी हो कैलेंडर के अनुसार छुट्टी 31 की दिखाई गई है और अब कुछ विद्वान पंडितों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दिवाली का ठीक लग्न 31 अक्तूबर का ही बनता है और इसी दिन इस को मनाया जाएगा। देखा जाए तो दिवाली पूरे पांच दिन तक चलती है। दिवाली से दो दिन पूर्व का त्योहार जिसे धनतेरस कहते हैं, जो कि समुद्र मंथन के समय भगवान धन्वंतरि जी के प्रकट होने के कारण मनाया जाने लगा है। धनतेरस वाले इस दिन बाजार से सोने चांदी के आभूषण, बर्तन, कपड़े वस्त्र व अन्य घरेलू सामान आदि की खरीद की जाती है। इससे अगले दिन फिर छोटी दिवाली के पश्चात मुख्य दिवाली को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। दिवाली वाले दिन बिजली की रोशनी, फूलों व अन्य सजावटी वस्तुओं से घर बाजार आदि खूब सजाए जाते हैं। घर आंगन व द्वारों के आगे सुंदर-सुंदर रंगोली के डिजाइन बनाए जाते हैं, दीपक और मोमबत्तियां चारों ओर जलाई जाती हैं। इससे पूर्व घर पर माता लक्ष्मी की विधिवत स्थापना करके उसे हार फूलों से सजाकर, एक थाल में घर के आभूषण, पैसे आदि रख कर देवी लक्ष्मी की पूजा-अर्चना दही, शहद, गंगाजल, गौत्र व कच्चे दूध के साथ की जाती है। प्रसाद चढ़ाकर फिर उसे बंटा जाता है। इसके साथ ही साथ मित्रों व संबंधियों में मिठाइयां व उपहार भेंट किए जाते हैं। फिर सभी मिलजुल कर आतिशबाजी चला कर आनंद लेते हैं। दिवाली के अगले दिन जो त्योहार आता है, वह है गोवर्धन पूजा। इस दिन भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ ही गाय व गोवर्धन की भी पूजा की जाती है। इस त्योहार के संबंध में पौराणिक कथाओं से पता चलता है कि भगवान श्रीकृष्ण व देव इंद्र के मध्य कुछ आपसी मत भेद थे, जिस कारण भगवान श्रीकृष्ण व उसके सखी साथियों (गोप गोपियों) तथा पशुओं को तंग करने के लिए देव इंद्र ने सात दिन तक लगातार वर्षा करके उन्हें सताने का प्रयास किया था, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी अंगुली से गोवर्धन पर्वत को उठाकर सब कुछ संभाल लिया था और देव इंद्र को बाद में अपनी गलती का अहसास हो गया था और उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से क्षमा मांग ली थी। इसी लिए इस दिन भगवान श्रीकृष्ण व गायों की पूजा की जाती है। दिवाली के साथ का अंतिम पांचवां त्योहार भाई दूज होता है, जो कि गोवर्धन पूजा के अगले दिन पड़ता है। इस दिन बहनें अपने भाई को तिलक लगाकर उसकी लंबी आयु की कामना करती हैं। भाई का मुंह मीठा करवाती हैं और भाई बदले में बहन को भेंट में उपहार व पैसे देता है। इस प्रकार दिवाली के त्योहार के साथ ही साथ दूसरे त्योहार भी निपट जाते हैं और फिर इनकी इंतजार अगले वर्ष को आने की बेसब्री से रहती है। इस प्रकार 5 दिन की दिवाली का त्योहार खुशियों के साथ समाप्त हो जाता है।

# साहसी होते हैं मेष राशि वाले

**मेष राशि 26 वर्ष की आयु से कम युवक व युवतियां अपने माता-पिता के नियंत्रण से मुक्ति पाने की आकांक्षा रखने वाले होते हैं। हालोंकि उन्हें अपने से बड़ों के अनुभवों से सीख लेने की आवश्यकता होती है। धैर्य से काम लेते हुए उनके सम्मान के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व के निर्माण एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रत्यनशील बने रहना चाहिए। इस राशि के युवा धन को अधिक महत्त्व देते हैं, किन्तु वे धन का उपयोग अपने आराम व सुख-सुविधा के लिए ही करते हैं। धन को कमाने की योग्यता रखते हैं, परंतु धन का सही उपयोग करने की कला नहीं जानते। मेष राशि के युवा प्रधान स्थान पाने के इच्छुक रहते हैं और किसी के अधीन रहना पसंद नहीं करते है। ये स्वयं को प्रतिबंधित सा अनुभव करते है और उस प्रतिबंध से मुक्ति पाने की कोशिश में रहते हैं, जिसके कारण लोग उन्हे उत्तरदायित्वों से भागने वाला समझ बैठते हैं। अतः इस संबंध में अधिक धैर्यवान बनने की जरूरत होती है।**

**नेतृत्व का गुण :** इन्हें शैक्षिक योगिता बढ़ाने का प्रत्यन करना चाहिए। यदि संभव हो तो कहीं दूर जाकर शिक्षा ग्रहण श्रेयस्कर रहता है। इन लोगों के विचार अपने निकटस्थ व्यक्तियों से टकराया करते हैं। इसका कारण यह है कि लोग इन्हें कट्टरपंथी समझने लगते हैं। यह स्थिति हितकर नहीं है। अतः स्वयं को उचित ढंग से नियोजित करने पर ही प्रगति हो सकती है। इस राशि के युवाओं में नेतृत्व गुण की विशेष प्रधानता होती है। इन्हें किसी को अपनी क्षमता का मूल्यांकन करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। अपने मित्रों की सहायता करनी चाहिए तथा नीतिकुशलता द्वारा समाज को अपने गुणों से अवगत करना चाहिए। ये साहसी तथा पराक्रमी होते हैं, किन्तु इन्हें अनावश्यक संकटों एवं चुनौतियों से बचना चाहिए। इन्हें परामर्श व सलाह कुंभ राशि के जातक से लेनी चाहिए।

**करियरः** इस राशि वाले युवा किस क्षेत्र में अधिक सफलता प्राप्त करेंगे।



इसका सही आकलन तो जन्मपत्री देखकर ही किया जा सकता है, किन्तु सूर्य मेष राशि में उच्च का होता है, इसलिए मेष राशि वाले युवक सैनिक सेवा, शल्य चिकित्सा, पुलिस विभाग, लोहे का व्यवसाय, दंत चिकित्सा, विज्ञापन एजेंसी, राजनीति तथा जनसंपर्क क्षेत्र आदि में अपना करियर बना सकते हैं।

# स्वप्न रहस्य



- स्वप्न में जूते का चोरी हो जाना रोग की निशानी है।
- स्वप्न में यदि घर या आंगन में शहद की मक्खियों अथवा मधुमक्खियों का वास हो जाए तो व्यक्ति रोगी हो जाता है।
- जो व्यक्ति स्वप्न में तिल चावल की खिचड़ी खाता है, उसे क्षय रोग हो जाता है।
- स्वप्न में बालों का झड़ना अपने नाक, कान, कान या हाथ का काटना दांत और घर और दरवाजे अथवा खिड़की को टूटता हुआ देखना असाध्य रोगों का सूचक है।
- स्वप्न में दुर्घटना देखना पारिवारिक रोग होने की निशानी है।
- स्वप्न में दुर्बल बैल देखना स्वास्थ्य में क्षीणता की निशानी है।
- स्वप्न में अपने-आपको काले घोड़े की सवारी, शरीर में काला पदार्थ का लेपन, काला वस्त्र धारण करने से व्यक्ति की मृत्यु रोग ग्रस्त होकर होती है।
- स्वप्न में कान में गोह या सर्प घुसता है तो व्यक्ति रोग से पीड़ित होकर मृत्यु प्राप्त करता है।
- यदि कोई स्वप्न में कमल का तालाब में सूखता हुआ देखे तो वह रोगी हो जाता है।

# बाज का शकुन



*__जब__ किसी व्यक्ति को पश्चिम दिशा में तथा दिन के प्रथम प्रहर में बाज पक्षी की चीख सुनाई दे तो उसके कार्य इच्छानुसार होते हैं, दूसरे प्रहर में सुनाई दे तो अग्निकांड से हानि होती है। तीसरे प्रहर में सुनाई दे तो यात्रा पर जाना होता है। चौथे प्रहर में सुनाई दे तो किसी से विवाद होता है। बाज का पूर्व दिशा में प्रथम प्रहर में चीख कर बोलना विलंब से वर्षा होने की सूचना देता है। दूसरे प्रहर में बोलता हुआ काई सुने तो उसे राज्य दंड मिलता है, तीसरे प्रहर में बोले तो शत्रुओं द्वारा कार्य नाश होता है, अगर चौथे प्रहर में बोलता सुनाई दे तो आने वाले समय में अच्छी वर्षा होती है। यदि दिन के प्रथम प्रहर में किसी को बाज पक्षी की चीख उत्तर दिशा में सुनाई दे, तो शत्रु उसे काल का ग्रास बना देते हैं, दूसरे प्रहर में सुनाई दे तो धन हानि होती है, तीसरे प्रहर में सुनाई दे तो जातक संकटग्रस्त हो जाता है।*

## न्यूज ब्रीफ

### पांच दिन अलग-अलग जगहों पर लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लि. के विद्युत उपमंडल भवारना के सहायक अधिशाषी अभियंता इंजीनियर मंयक शर्मा ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा है कि विद्युत लाइनों व उपकरणों के आवश्यक रखरखाव हेतु 33 केवि सब-स्टेशन खैरा भौरा के अधीन आने वाले क्षेत्र खैरा, वाहे दा पट्ट, शिव नगर, जैंद, लाहट,रिट, पपलाह, कुरू, केलण, इत्यादि की विद्युत आपूर्ति 22 अक्तूबर को सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी।

**वहीं,** 22 अक्तूबर को घुरकड़ी सब-स्टेशन के रख-रखाव के चलते 11 केवी मंदल फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों मंदल, मसरेड़, भड़वाल, त्रैंबलू, हरनेड़, घियाना खुर्द, घुरकड़ी, ढगवार, खटेहड़, मनेड़, अपर बगली, कोहाला, मटौर तथा साथ लगते क्षेत्रों में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

**उधर,** उपमंडल रैत के तहत आने वाले इलाकों पुहाड़ा, रैत, बसनूर, नेरटी, परेई में 23 अक्तूबर को सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक बिजली आूर्पित बाधित रहेगी। वहीं, राजोल, धनोटू, सूडी, लोअर अनसुई, भाटी, डोला में 24 अक्तूबर को,

अनंत ज्ञान
बिजली बंद

बैंटलू, कुठमां, एयरपोर्ट, भोई, अपर अनसुई में 25 अक्तूबर को और 26 अक्तूबर को मकरोटी, केटलु, खदियाड़ा, मेहरना, त्रैम्बला इत्यादि में सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार ने दी है। उन्होंने लोगों से सहयोग करने की अपील की है।

**वहीं,** 33/11 केवी कालापुल सब-स्टेशन और 11 केवी धर्मशाला फीडर में विद्युत लाइनों के सामान्य रख-रखाव के चलते 23 अक्तूबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक बिजली बंद रहेगी। इस दौरान कोतवाली बाजार, आईपीएच कॉम्प्लेक्स, एमसी ऑफिस, यात्री निवास, जोनल अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल, न्यायिक परिसर, टेलीफोन एक्सचेंज, एसपी कार्यालय, डीसी कार्यालय, डिपो बाजार, सिविल लाइन्स, रामनगर, लोअर टीसीवी, महाजन क्लिनिक शामनगर, पुलिस लाइन्स, एक जोत कॉलोनी, चिलगाड़ी, हाउसिंग बोर्ड, एजुकेशन बोर्ड, आकाशवाणी, डिग्री कॉलेज, बीएड कॉलेज, सकोह, चेलियां, एचपीसीए स्टेडियम, सरस्वती नगर, सिविल लाइंस सिविल बाजार, फोरेंसिक लैब, टेलीफोन एक्सचेंज नरघोटा, टी एस्टेट, पेट्रोल पंप (मान फिलिंग), गोरखा कॉलोनी, हाउसिंग कॉलोनी, सर्किट हाउस, ऑफिसर कॉलोनी चिलगाड़ी, मैक्लोडगंज मुख्य चौराहा, दलाई लामा मंदिर, जोगीवाड़ा, हेरू, टिप्पा रोड, संजय मार्ग और साथ लगते क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। लोगों से सहयोग की अपील की है।

### खैरा में शुरू हुआ उपमंडल स्तरीय बाल विज्ञान मेला

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा में 32वें उपमंडल



स्तरीय धीरा के बाल विज्ञान मेले का शुभारंभ किया गया। यह मेला 21 व 22 अक्तूबर तक चलेगा। इस विज्ञान मेले में कुल 32 स्कूलों के 236 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। विज्ञान मेले का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व को बताया व साथ ही अपने अंदर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने को कहा ।इस कार्यक्रम के विशेषातिथि स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान राजीव धीमान थे। उन्होंने बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।विज्ञान मेले के समन्वयक सिकंदर मिन्हास व सुचारिता कटोच ने बताया कि इस मेले में विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी, जिसमें मैथेमेटिक्स ओलंपियाड, साइंस मॉडल व विज्ञान आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई जाएंगी । इस अवसर पर एसएमसी प्रधान राकेश कुमार, रिटायर्ड प्रधानाचार्य विक्रम सिंह गुलेरिया, समाजसेवी प्रीतम चौधरी व अध्यापकगण उपस्थित रहे ।

### नौरा स्कूल में एनएसएस का शिविर शुरू




**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौरा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ सोमवार को हुआ। यह शिविर 21 से 27 अक्तूबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमसी प्रधान नीलम शर्मा के द्वारा की गई। कार्यक्रम अधिकारी नरेश राणा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा दी गईं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ने ऑडियंस का मन मोह लिया। कार्यक्रम अधिकारी नरेश राणा ने बताया कि इस शिविर में 35 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं, जिसमें 18 लड़कियां और 17 लड़के हैं। बच्चों के द्वारा शपथ ली गई कि वे अपना कार्य पूरी ईमानदारी और समाज सेवा की भावना से करेंगे।

### थुरल कॉलेज में करियर काउंसिलिंग पर व्याख्यान




**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में करियर काउंसिलिंग एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा व्याख्यान आयोजित किया गया। उसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. लेख राम नेगी ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे प्रशासनिक तथा अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से करवाई जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं के बारे में अवगत करवाया। इन प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थी कैसे और किस तरह तैयारी करें के बारे में संबोधित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कमल कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत होती है, अगर आप खूब मेहनत और लगन से किसी भी परीक्षा की तैयारी करते हैं तो सफल होने से आपको कोई नहीं रोक सकता। इस अवसर पर प्रो. कमल कुमार, प्रो. रवि सिंह पालसरा, डॉ. अमित कुमार शर्मा, डॉ. विशाल वालिया, प्रो.पवन राणा, डॉ.संजीव कुमार शर्मा, डॉ. शिशुपाल, प्रो. कुशल, प्रो. अजय, प्रो. रितु राणा व प्रो. अमनजीत आदि मौजूद रहे। करियर काउंसिलिंग मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के सदस्यों ने मुख्य वक्ता प्रो. लेखराम नेगी का विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु धन्यवाद किया।

### तरनाह नाले में पकड़ी पाकिस्तान की नाव

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** भारत-पाकिस्तान सीमा की जीरो लाइन के निकट बहते तरनाह नाले में पाकिस्तानी किश्ती बीएसएफ की बटालियन 121 जवानों ने गत रात बरामद की है। यह नाव पाकिस्तान की ओर से बहकर पठानकोट में पहुंची है। बोट को कब्जे में लेकर बीएसएफ ने तुरंत स्थानीय पुलिस स्टेशन नरोट जैमल सिंह में सूचना दी। पाकिस्तानी नाव की जानकारी मिलते ही सुरक्षा एजेंसियों में भी हड़कंप मच गया। सोमवार सुबह से ही पुलिस, घातक कमांडो की ओर से सीमावर्ती क्षेत्र का करीब 3 किलोमीटर क्षेत्र का चप्पा-चप्पा खंगाला गया है, लेकिन अभी तक कुछ नहीं मिला। दूसरी तरफ एजेंसियों ने किश्ती के संबंधी जानकारी हासिल करने के लिए नाले के पास खेतों खलियान में काम करने वाले लोगों से पूछताछ की। थाना नरोट जैमल सिंह के एसएचओ अंग्रेज सिंह ने बताया कहा कि मामले में छानबीन की जा रही है।

### सीएसयू में राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

**अनंत ज्ञान, गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में भारतीय ज्ञान परंपरा और हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन कर दिया गया। इस अवसर पर देश भर से आए प्रख्यात विद्वानों और शोधार्थियों ने अपने विचार और शोध निष्कर्ष साझा किए। जिससे यह आयोजन ज्ञान और संस्कृति के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य वक्ता प्रो. मदन मोहन झा (केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली) के ऑनलाइन माध्यम से व्याख्यान के साथ हुआ। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य डॉ. रतनलाल (श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली) और डॉ. राकेश जी (सरदार पटेल विश्वविद्यालय) ने भी ऑनलाइन माध्यम से अपने विचार रखे।

## पुलिस ने याद किए बलिदानी साथी



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पुलिस स्मृति दिवस पर कांगड़ा पुलिस ने पुलिस लाइन धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित कर ड्यूटी के दौरान बलिदान देने वाले पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि पिछले साल कांगड़ा जिला के 5 पुलिस जवान चंबा में अपने कर्तव्य को निभाते हुए शहीद हुए थे, उन्हे भी श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि पुलिस के ऐसे 45000 जवान हैं, जिन्होंने ड्यूटी करते हुए देश की सुरक्षा में बलिदान दिया है। एसपी ने उन बहादुर पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने अपने कर्तव्य के प्रति अद्वितीय समर्पण दिखाते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने उनके साहस और बलिदान को सलाम किया जो देश की सुरक्षा और शांति के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं।

# अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंच रही हैं कल्याणकारी योजनाएं : गोमा

## जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम समिति की समीक्षा बैठक में बोले मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आयुष एवं युवा सेवाएं खेल मंत्री, जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष यादविंद्र गोमा ने कहा है कि प्रदेश सरकार कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को राहत पहुंचाने के लिए कई नवोन्मेषी पहल कर रही है। सोमवार को स्कूल शिक्षा बोर्ड के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयुष मंत्री ने कहा कि 20 सूत्रीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गरीबी उन्मूलन तथा आम जनमानस को सड़क, पेयजल तथा स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा




कि योजना विकास तथा 20 सूत्री कार्यक्रम के तहत संबंधित विभागों को तत्परता के साथ निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करना चाहिए ताकि पात्र लोग लाभांवित हो सकें।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में मनरेगा के तहत अप्रैल, 2024 से लेकर सितंबर 2024 तक 57 करोड़ 95 लाख की राशि मजदूरी के रूप में जॉब कार्ड धारकों को दी गई है। इसके साथ ही ग्रामीण अजीविका मिशन के माध्यम से भी स्वयं सहायता समूहों को स्वरोगार के लिए सरकार की ओर से मदद की जा रही है। उन्होंने बैंक के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों को ऋण की सुविधा प्राथमिकता के आधार पर प्रदान की जाए, ताकि स्वयं सहायता समूहों को किसी भी तरह से असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के विपणन की बेहतर सुविधा देने के लिए हिम ईरा शॉपस भी खोली जा रही हैं।

### भूमिहीनों को भूमि मुहैया करवाने में लाएं तेजी

**आयुष** मंत्री ने कहा कि भूमिहीन परिवारों को आवास निर्माण के लिए प्राथमिकता के आधार पर जमीन उपलब्ध करवाने में तेजी लाई जाए तथा विभिन्न तहसीलों में लंबित आवेदन पत्रों को औपचारिकताएं पूर्ण करने के लिए साथ जिला स्तर पर 30 नवंबर तक मंगवाया जाए ताकि किसी भी स्तर पर भूमिहीन परिवार आवास की सुविधा से वंचित नहीं रहें। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में गत छह माह में 16 भूमिहीन परिवारों को आवास के लिए सरकार की ओर से भूमि उपलब्ध करवाई गई है। मंत्री गोमा ने जिला योजना तथा 20 सूत्री कार्यक्रम के तहत लंबित विकास कार्यों की सूची तैयार करने के निर्देश भी विभागीय अधिकारियों को दिए।

## हैप्पी बर्थडे



मंडी के जतिन ठाकुर को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



बौट के वंश राणा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



शारदा ज्योतिष निकेतन जोगिंद्रनगर की विभा शर्मा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी में करवाया अखंड पाठ



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी कॉलेज पठानकोट में 10वां सालाना अखंड पाठ करवाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के स्टूडेंट्स तथा मैनेजमेंट के सहयोग से हर साल की तरह श्री गुरुग्रंथ साहिब का भोग डाला गया और गुरु का अटूट लंगर बांटा गया।

गौर रहे कि सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी ने अपने मृत्यु से पहले यह घोषणा की थी कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही जीवनभर सिखों का मार्गदर्शन करेंगे। इस ग्रंथ को 'आदिग्रंथ' के नाम से भी जाना जाता है। इसमें सिख धर्म के गुरुओं की कही बातें लिखी हैं, जिसे गुरबानी कहा जाता है। इस अखंड पाठ में एमडी तृप्ता पुंज और सीएमडी कंवर तुषार पुंज, रिया पुंज, डॉ. राजेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, डॉ. नवदीप सांवल, डॉ. दिनेश महाजन, सजय पंडित, सुलक्ष्य कुमार, अश्वनी शर्मा, सतनाम सिंह, हरमोहिंदर सिंह, सुखबीर सिंह, स्टाफ आदि शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

## कांगड़ा व धर्मशाला ने जीते मुकाबले

### कांगड़ा ने रीजनल सेंटर धर्मशाला और धर्मशाला कॉलेज ने शाहपुर को हराया

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगडा में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दौर के मैचों में सोमवार को पहला मुकाबला एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा और रीजनल सेंटर धर्मशाला के बीच खेला गया। इसमें एडवोकेट कुलदीप चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बलजीत सिंह पटियाल ने मुख्य अतिथि का औपचारिक स्वागत किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 285 रन का पहाड़ जैसा विशाल स्कोर खड़ा किया। इस विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए रीजनल सेंटर धर्मशाला की टीम 19.4



ओवर में 146 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

वहीं, दिन का दूसरा मैच राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला और राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के बीच खेला गया । व्यापार मंडल के अध्यक्ष वेद प्रकाश ने इसमें बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। पहले बल्लेबाजी करते हुए शाहपुर की टीम 15 ओवर में मात्र 60 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की टीम ने 7.1 ओवर में एक विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

### जमानाबाद की टीम बनी कबड्डी चैंपियन

**योल।** नरवाना पंचायत के युवाओं तथा समाजसेवी शशि कपूर एवं शक्ति यूथ क्लब के प्रधान अभिषेक कपूर के सहयोग से नरवाना में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर पहुंचे मुख्यातिथि पत्रकार नरेश धीमान को युवा जोश द्वारा हिमाचली टोपी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। धर्मशाला और जमानाबाद की टीमों के बीच फाइनल मुकाबला काफी रोचक रहा, जिसमें जमानाबाद की टीम ने जीत हासिल की।

### आपदा प्रबंधन बारे दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सोमवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग और उपायुक्त धर्मशाला के मिले-जुले प्रयास से ग्राम पंचायत धीरा एवं ग्राम पंचायत थुरल में भागसू कला मंच के कलाकारों ( पुरुषोत्तम, राहुल भारद्वाज, बबली शर्मा,बॉबी शर्मा, पिंकी शर्मा, हन्नी मल्होत्रा, मीना कुमारी व रमन) ने आपदा प्रबंधन विषय पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर गीत-संगीत, लोक नृत्य एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों में जानकारियां बांटी गईं।

## दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं देना प्राथमिकता : पठानिया

### उपमुख्य सचेतक ने रिड़कमार में आयुषमान आरोग्य शिविर में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

प्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इसी के चलते स्वास्थ्य विभाग गांव देहात में जाकर आयुषमान आरोग्य शिविरों का आयोजन कर रहा है। इन शिविरों के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सक दुर्गम क्षेत्रों में जाकर



लागों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां देने के साथ उनकी आभा आईडी भी बना रहे हैं। शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अति दुर्गम इलाके रिड़कमार में आयोजित आयुषमान आरोग्य शिविर में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे स्थानीय विधायक व उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने यह बात कही। शिविर में 200 के करीब स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

### कौना स्कूल में शहीद सुरेश कुमार को दी श्रद्धांजलि

**राकेश डोगरा, डरोह।** पुलिस शहीदी दिवस के अवसर पर द्वितीय वाहिनी भारतीय



तिब्बत सीमा पुलिस कुल्लू द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौना के परिसर में स्थित शहीद सुरेश कुमार स्मारक में विद्यालय के प्रधानाचार्य रणदीप सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस की द्वितीय वाहिनी की ओर से पुलिस उपनिरीक्षक पवन कुमार व शहीद सुरेश कुमार की पत्नी सुनीता देवी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रणदीप सिंह गुलेरिया, शहीद की पत्नी सुनीता देवी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस के उपनिरीक्षक पवन कुमार व शहीद की सास ने शहीद के चित्र पर फूलमालाएं चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। (अनंत ज्ञान)

### जुजपुर की खुशी ने ताइक्वांडो में जीता ब्रॉन्ज

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शहीद रणजीत सिंह राजकीय उच्च विद्यालय जुजपुर की दसवीं



कक्षा की छात्रा खुशी देवी ने हाल ही में ताइक्वांडो की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जोकि शिमला जिले के सरस्वतीनगर में संपन्न हुई, उसमें ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर पूरे चंगर क्षेत्र के साथ साथ पीहडी पंचायत का नाम रोशन किया है। उसके स्कूल पहुंचने पर मुख्याध्यापक ओंकार शर्मा और स्कूल प्रबंधन ने फूलमाला पहनकर इस बच्ची का जोरदार स्वागत किया। मुख्याध्यापक ने इस बच्ची के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और खुशी के माता-पिता को भी बहुत-बहुत बधाई दी।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर नहीं थम रहा रेहड़ी-फड़ी वालों का अतिक्रमण

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

हाल ही में मटौर पुल, जो कि दोनों सिरों से क्षतिग्रस्त था, उसको विभाग द्वारा टेंपरेरी तौर पर ठीक करवाया गया है। यह पुल काफी तंग है। इसलिए इसके आसपास रेहड़ी-फड़ी न लगाने के सख्त निर्देश दिए गए है। परंतु सरकारी निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए मटौर पुल के पास फिर से रेहड़ी वालों ने अपना कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। पुल के बाहर टिकी बर्गर, गोल गैप इत्यादि वालों ने अपनी दुकानदारी फिर से लगाकर शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि पुल के पास ही गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज व वरिष्ठ सरकारी माध्यमिक पाठशाला भी है। ऐसे में यहां से गुजरने वाले छात्र व छात्रों के यहां से गुजरने वाले वाहन



चालकों और पैदल चलने वाले राहगीरों को भी काफी दिकतों का सामना कर पड़ रहा है। वहीं, इस संदर्भ में ब्लॉक डेवलपमेंट अधिकारी कांगड़ा राजेश सिंह से बात की गई तो उनका कहना है कि उक्त मामला आपके माध्यम से सामने आया है। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए घुड़कडी पंचायत को उन्हें वहां से तुरंत हटाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### भोजन में प्रतिदिन 150 माइक्रोग्राम आयोडीन की जरूरत : बीरबल वर्मा

**बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पपरोला में सोमवार को आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस मनाया गया। इस मौके पर खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल डॉ. दिलावर सिंह दियोल बताया कि आयोडीन स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्व है, हालांकि नमक से आयोडीन की आपूर्ति की जा रही है फिर भी इसकी कमी के कारण समस्या अभी भी बनी हुई है। आज भी आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों से करोड़ों लोग पीड़ित हैं, जिनमें गंडमाला (ग्वाइटर) एक महत्वपूर्ण विकार है। हालोंकि हमारे देश में ग्वाइटर एक बड़ी समस्या नहीं रह गई है, लेकिन इसकी कमी के कारण अन्य विकार अभी भी मौजूद हैं। वहीं, स्वास्थ्य शिक्षक बीरबल वर्मा ने बताया कि आयोडीन यह थायराइड हार्मोन के शंशलेषण के लिए आवश्यक है। हमारे भोजन में प्रतिदिन 150 माइक्रोग्राम आयोडीन की जरूरत होती है। जीवन भर के लिए एक छोटा चम्मच ही काफी होता है। इसलिए आयोडीन नमक के अलावा अन्य नमक बेचने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है।

### विद्यार्थियों ने जानी पीएनबी की कार्यप्रणाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुन्नर के व्यवसायिक



विषय बीएफएस आई विषय के विद्यार्थियों ने वोकेशनल शिक्षक गुरु स्वरूप की अगुवाई में तीन दिवसीय आन जॉब ट्रेनिंग ली। कक्षा नवमी व दसवीं के विद्यार्थियों का पंजाब नेशनल बैंक कंडवाडी शाखा के प्रबंधक कुशल चंद व स्टाफ द्वारा ज्ञानवर्धन किया गया व बैंक की कार्यप्रणाली से रू-ब-रू हुए। प्रधानाचार्य अंजू लता ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी व्यवसायिक शिक्षा को अधिक महत्व दिया है व व्यवसायिक विषय पढ़कर बच्चे भविष्य में स्वरोजगार प्राप्त कर सकेंगे।

**आयोजन** बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता करवा रही सरकार

## बाली ने हटवास में किया बाल विज्ञान मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक सुधार तथा नवाचार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, ताकि सरकारी शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य भर में शैक्षिक मानकों को बढ़ाने और शिक्षक प्रशिक्षण प्रणाली में सुधार करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि विश्व की सर्वोत्तम शिक्षण तकनीकों व नवाचार को अपनाने के लिए, राज्य सरकार ने शिक्षकों को एक्सपोजर विजिट के लिए विदेश भेजने का कार्यक्रम भी शुरू किया। सोमवार



को हटवास में उपमंडल स्तरीय बाल विज्ञान मेले का शुभारंभ करने के उपरांत प्रतिभागी बच्चों को संबोधित करते हुए आरएस बाली ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण तंत्र को मजबूत करने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) और सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डाइट) को सशक्त करने का निर्णय लिया है।

एससीईआरटी को स्कूल और शिक्षक प्रशिक्षण के लिए राज्य में शीर्ष संस्थान के रूप में स्तरोन्नत किया गया है। उन्होंने कहा कि बाल विज्ञान मेले बच्चों को नवाचार के लिए प्रेरित करते हैं तथा इसके माध्यम से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि भी पैदा होती है। आरएस बाली ने कहा कि वर्तमान सरकार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का नियमित तौर पर आयोजन सुनिश्चित करवा रही है। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया जा रहा है।

मुख्यातिथि ने विभिन्न स्कूलों द्वारा बाल विज्ञान मेले में लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया और बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रोजेक्ट के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने पाठशाला के निर्माणाधीन भवन के कार्य को जल्द पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

### लंबागांव में आपदा प्रबंधन बारे किया जागरूक

**अजीत वर्मा, जयसिंहपुर।** ग्राम पंचायत लंबागांव के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक



विद्यालय लंबागांव में लोक संपर्क विभाग के कलाकारों ने आपदा से किस प्रकार हम अपना और समाज का बचाव कर सकते हैं, इस पर नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से जागरूक किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्कूल स्टाफ सहित गांववासियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। (अनंत ज्ञान)

### करवाचौथ के दिन सुहागिन का उजड़ा सुहाग

**अनंत ज्ञान, देहरा।** पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखने वाली एक सुहागिन का सुहाग इस दिन उजड़ गया। मामला पुलिस थाना क्षेत्र हरिपुर के अंतर्गत निकटवर्ती गांव घमीरपुर का बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार करवाचौथ की रात को जब पति और पत्नी व्रत पूरा होने पर चांद देखकर छत से नीचे आ रहे थे तो उतरते वक्त पति का पांव सीढ़ियों से फिसल गया। व्यक्ति मुंह के बल नीचे पक्के आंगन पर गिर गया। घायलावस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिपुर पहुंचाया, जहां से टांडा रेफर कर दिया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई है। डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने मामले की पुष्टि की है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय विकास कुमार पुत्र स्व. सुरेश कुमार के रूप में हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिव शक्ति यूथ क्लब ने मृत गोवंश को दफनाया



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** सड़क किनारे बीते कई दिनों से बीमार पड़ी एक लावारिस गाय ने आखिरकार दम तोड़ ही दिया। बता दें कि एन एच 154 ए पर देवीदेहरा गोली मुख्य मार्ग पर बीते कई दिनों से एक लावारिस गाय मुख्य मार्ग के एक और बीमारी की हालत में पड़ी हुई थी जिस पर शिव शक्ति यूथ क्लब के युवाओं ने उसे ठीक करने हेतु भरकस प्रयास किया किंतु बीमारी के कारण आखिरकार उसने आज दम तोड़ ही दिया। तो वही यूथ क्लब के सदस्यों ने अपना गो धर्म निभाते हुए सड़क के एक और उसे दफनाकर एक धार्मिक कार्य को अंजाम दिया। बता दे इस गोवंश को लेकर बजरंग दल चंबा के सदस्यों ने भी मौके पर पहुंचकर उचित दवाइयां तथा सेवा को अंजाम दिया तथा स्थानीय पशु चिकित्सकों से भी संपर्क किया किंतु गोवंश की बीमारी के आगे सब छोटा साबित हुआ तथा गोवंश ने अपना दम तोड़ दिया किंतु शिव शक्ति क्लब के सदस्यों ने अपना धर्म निभाते हुए उसे जहां तीनों समय खाने-पीने तथा दवाइयां का इंतजाम किया तो दम तोड़ने के उपरांत उचित शव को दफनाकर अपना धर्म निभाया।

### छात्राओं को अनुशासन बनाए रखने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में सोमवार को सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन हुआ। इस शिविर में विद्यालय की 50 छात्राओं ने सात दिन तक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। समापन समारोह के मुख्यातिथि, टीम फ्लाइंग बाबा एनजीओ की सदस्य संगीता ने छात्राओं को समाजसेवा, राष्ट्र सेवा, और जीवन में अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया। उनके साथ एनजीओ के प्रमुख संचित संक्रांती, सदस्य डॉक्टर अंकिता कुमारी, शिवानी, और सौम्या भी उपस्थित थे। प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज के साथ सार्थक संबंध स्थापित करने के लिए शुरू की गई है।



### हर किसी को मिले योजनाओं का लाभ : कुलदीप



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा आज ठियोग में सामाजिक कल्याण योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक ठियोग विधानसभा क्षेत्र कुलदीप सिंह राठौर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। एक दिवसीय शिविर में लगभग 125 लोगों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भवन एवं निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि श्रमिकों को बोर्ड के तहत पंजीकरण करवाना चाहिए ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की सराहना की और निर्माण श्रमिकों के जीवन पर इसके सकारात्मक प्रभाव को उजागर किया। शिविर के दौरान उपस्थित लाभार्थियों को बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। पंजीकृत लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और बोर्ड द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से मिले लाभों की जानकारी दी। इस अवसर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र, अनीता वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# पेयजल भंडारण टैंक में गाय का शव मिलने से मचा हड़कंप

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के नड् पेयजल भंडारण टैंक में गाय का शव मिलने से पेयजल पूर्ति को लेकर लोगों में हड़कंप मच गया है। जल शक्ति विभाग इस पेयजल भंडारण टैंक से भरमौर को पानी की आपूर्ति सप्लाई करता है। लेकिन टैंक में गाय का शव मिलने से लोगों में हड़कंप मच गया है। लोगों ने विभाग पर बहुत बड़ी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

इसके साथ ही लोगों ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग लोगों के स्वास्थ्य से खिलबाड़ कर रहा है। हैरानी की बात यहां पर ही है कि इस टैंक में गाय का शव आखिर कैसे पहुंचा।

गौरतलब है भरमौर के भरमाणी मंदिर के आसपास स्थानीय लोग अपने मवेशियों को चराने छोड़ते हैं। क्यास लगाए जा रहे हैं की रात में भालू ने गायों के झुंड पर हमला किया होगा। लिहाजा गाय डर के मारे टैंक की तरफ भागी होगी और डूबने से मौत हो गई होगी।



### टैंक को पूरी तरह से किया है साफ : सहायक अभियंता

**सहायक** अभियंता जल शक्ति विभाग भरमौर विवेक चंदेल ने कहा कि सुबह 10:00 बजे, स्थानीय फिल्टर बेड पर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी जब एक आवारा छोटा बछड़ा गलती से एक इकाई में गिर गई और उसकी दुखद मृत्यु हो गई। घटना के तुरंत बाद गाय को फिल्टर बेड से हटा दिया गया। विशिष्ट फिल्टर बेड यूनिट नंबर 1 को पूरी तरह से साफ कर दिया गया है, और एहतियाती उपाय के रूप में, भंडारण और सेक्टर टैंक भी पूरी तरह से सफाई प्रक्रिया से गुजर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पानी की आपूर्ति सुरक्षित और दूषित न हो। अनधिकृत पहुंच को रोकने के लिए पूरे फिल्टर बेड क्षेत्र को उचित रूप से बाड़ लगाया गया था। हालांकि, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गाय मुख्य द्वार से फिल्टर क्षेत्र में प्रवेश कर गई होगी। यह द्वार, जो स्थानीय ग्रामीणों के लिए एक मार्ग के रूप में भी काम करता है, कथित तौर पर समुदाय के किसी व्यक्ति द्वारा खुला छोड़ दिया गया था। सुरक्षा में इस चूक के कारण गाय परिसर में भटक गई होगी।

# चयनित अग्निवीर प्रशिक्षण केंद्रों के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर के भर्ती निदेशक कर्नल मनिष शर्मा (सेना मेडल) ने बताया कि भर्ती वर्ष 2024-25 में कुल 788 वेकेंसी आवंटित हुआ हैं, जिसमें कि अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी) -756, अग्निवीर (तकनीकी) -06, अग्निवीर कार्यालय सहायक/स्टोर कीपर तकनीकी -22 और अग्निवीर ट्रेड्समेन 10वीं पास - 04 हैं। चयनित उम्मीदारो को प्रशिक्षण केंद्रों में ट्रेनिंग के लिए भेजने की प्रकिया 20 अक्तूबर से जारी हैं।

दाह डिविजन के जीओसी मेजर जनरल केके सिंह ने उम्मीदवारों के साथ चाय पार्टी की एवम उन्हें सैन्य अनुशासन, सैन्य सुविधा, उच्च शिक्षा से संबंधित जानकारी, अधिकारी प्रवेश जानकारी के लिए प्रेरित किया तथा 4 साल के उपरांत सिविल में भविष्य सुधार हेतू मिलने वाले अवसर तथा वित्तीय लाभ के बारे मे विस्तार से समझाया।

अंत में तीन बार भारत माता जय की जयकारा लगाकर प्रशिक्षण केंद्रो के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# चंबा पुलिस ने बारगाह में मनाया पुलिस स्मृति दिवस





पुलिस स्मृति दिवस पर सलामी देते हुए पुलिसकर्मी।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पुलिस लाइन चंबा परिसर में सोमवार को जिला चंबा पुलिस द्वारा पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समस्त भारतवर्ष मे पुलिस बल व अर्धसैनिक बलों मे शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजली दी गई व 2 मिनट का मौन रख कर सशस्त्र गार्द द्वारा स्मृति स्मारक को सलामी भी दी गई। पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह दिन हमें उन बहादुर पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद दिलाता है जिन्होंने इस देश की सुरक्षा व शांति बनाये रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति तक दे डाली। हम उन बहादुरों के बलिदान को सदैव याद रखेंगे और उनके योगदान का सम्मान करते रहेंगे।

# मृतक ट्रक ड्राइवर के परिवार को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

4 अक्तूबर को पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे पर चनेड के पास ट्रक हादसे में मृतक चालक छिन्दू गांव मसरुंड के परिवार को ड्राइवर एकता ऑल हिमाचल ने 25,500 की आर्थिक सहायता प्रदान की है। प्रधान ड्राइवर एकता ऑल इंडिया मनोज टंडन ने कहा है ट्रक हादसे के बाद प्रभावित परिवार के घर न ही प्रशासन आया है और न ही गाड़ी के मालिक ने गरीब परिवार का हाल-चाल जाना है जो अत्यंत दुखद है।

इस ट्रक हादसे में जान गंवाने वाले चालक के परिवार में माता-पिता और दो बहने हैं जिनकी शादी हो चुकी है। मृतक चालक के घर में कमाने वाला और कोई नहीं है। इसलिए सोमवार को ड्राइवर एकता और हिमाचल के पदाधिकारी ने जिसमें मनोज टंडन, चुन्नीलाल, कैलाश चंद, राजू जरियाल वह सभी ड्राइवर भाइयों के सहयोग से चालक परिवार को 25500 की आर्थिक सहायता दी गई है।

इस मौके पर उन्होंने सभी से अपील की है की प्रभावित गरीब परिवार को सरकार द्वारा भी आर्थिक सहायता देने का दबाव बनाया जाए। उन्होंने ट्रक मालिक से भी अपील की है कि तुरंत से तुरंत प्रभावित परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए ताकि गरीब परिवार की इस स्थिति में मदद हो सके।

### गोकुल बुटेल ने किया डिजिटल हेल्पलाइन का शुभारंभ

**शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार आईटी नवाचार, डिजिटल तकनीक गोकुल बुटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हमेशा तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा दिया है और इसी सोच के साथ कार्य करते हुए ई-सेवाओं को बढ़ाकर 275 तक पहुंचाया गया है ताकि लोगों को घर बैठे सभी सेवाओं का लाभ उपलब्ध हो सके। गोकुल बुटेल आज महली में डिजिटल तकनीक एवं गवर्नेंस विभाग कार्यालय आईटी भवन के सभागार में डिजिटल हेल्पलाइन का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। डिजिटल हेल्पलाइन को के अधिकारियों के लिए बनाया गया है ताकि लोगों को सेवा प्रदान करने में आ रही समस्याओं का निदान किया जा सके।

# जिला चंबा मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी डीसी को सौंपा ज्ञापन

**आजम डार, तीसा**



ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद सोसायटी के सदस्य।

चुराह तहसील में पिछले एक महीने एसडीएम का पद खाली होने को लेकर मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी ने डीसी चंबा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी ने मांग की है कि पिछली कई समय से यहां पर एसडीएम के साथ-साथ तहसीलदार व नायब तहसीलदार का पद भी रिक्त चल हुआ है।

एसडीएम तहसीलदार व नायब तहसीलदार का पद खाली होने के चलते चुराह की आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि चुराह की जनता को अपने प्रमाण पत्र हिमाचली, इंकम जाति प्रमाण पत्र बनाने में काफ़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। चुराह उप मंडल की जनता में कोई भी अधिकारी न होने से लोगों में भारी रोष है। अधिकारियों के पद रिक्त होने के चलते लोगों के किसी भी तरह के कार्य कार्यालय में नहीं हो पा रहे हैं। रेवेन्यू संबंधित कार्य करने के लिए लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एडवोकेट लतीफ मोहम्मद ने कहा है कि यहां पर एसडीएम का पद पिछले कुछ समय से खाली पड़ा हुआ है। जिसको लेकर कई बार सरकार व प्रशासन के समक्ष भरने की गुहार लगा चुके।

### चुराह में रिक्त चल रहे पदों को भरने की अपील की

एडवोकेट लतीफ मोहम्मद ने कहा इस बारे डीसी चंबा को अवगत करवाया है कि जल्द इन पदों को भरा जाए अन्यथा लोग सड़कों पर उतरने से परहेज नहीं करेंगे। वहीं उपायुक्त चंबा ने इस मामले पर तुरंत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।(अनंत ज्ञान)

# डलहौजी-बनीखेत मार्ग पर दो मोटरसाइकिलों में भिड़ंत, एक घायल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

बनीखेत-डलहौजी मुख्य मार्ग पर स्थित मनकोट के पास दो मोटरसाइकिलों के बीच आपसी भिड़ंत का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें दोनों मोटरसाइकिल सवार घायल हो गए जिसमें एक की गंभीर हालत को देखते हुए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर कर दिया गया।



जानकारी के अनुसार यह सारा मामला करीब साढ़े तीन बजे का है जब 32 वर्षीय रणजीत सिंह पुत्र नरोत्तम सिंह निवासी बगढार अपनी मोटरसाइकिल एचपी 47-1238 लेकर डलहौजी से बगढार की ओर जा रहा था जैसे ही वे मनकोट नामक स्थान पर पहुंचा वैसे ही विपरीत दिशा से बस को ओवरटेक करते हुए मोटरसाइकिल एचपी 20 डी-611 6119 सवार रंजीत की मोटरसाइकिल से जा टकराई जिससे रंजीत एवं विशाल पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी डलहौजी दोनों बुरी तरह से घायल हो गए और दोनों घायल चालको को राहगीरों एवं फौजियों ने मिलकर सिविल हॉस्पिटल डलहौजी पहुंचाया जहां रंजीत की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पंडित जवाहरलाल मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर कर दिया जहां अभी वह उपचारधीन है। वहीं विशाल सिविल हॉस्पिटल डलहौजी में अपना इलाज करवा रहा है।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात अधिनियम के तहत 281,125ए बीएनएस पुलिस थाना डलहौजी में मामला दर्ज करेगी की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सारे मामले की पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुरद्वारा की गई है।

# सलूणी वनरक्षक मारपीट कांड में आरोपियों ने भी दर्ज करवाई शिकायत

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

बीते दिनों वनमंडल सलूणी वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत सिंगाधार में वन विभाग के कर्मचारी वनरक्षक के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया था जिसमें की वनरक्षक से मारपीट तथा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने हेतु पुलिस चौकी सलूणी में प्राथमिक भी दर्ज करवाई गई है। जिस पर वन विभाग ने कड़ा संज्ञान लेते हुए आरोपियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के इलावा वन विभाग द्वारा लोगों को दिए जाने वाले अधिकारों के तहत उन दोनों आरोपियों के पूर्णता समाप्त करने की तैयारी भी कर ली है। बता दें बीते शनिवार सिंह आधार वन बीट के कायल डीपीएस में कायल का पेड़ अवैध रूप से काटने की शिकायत वनरक्षक मानसिंह को मिली जिस पर उन्होंने मामले हेतु जब वनरक्षक मानसिंह ने उक्त व्यक्ति से पेड़ काटने संबंधी पूछताछ की तो उसके साथ खड़े उसके रिश्तेदार ने वनरक्षक से मारपीट की और वर्दी भी फाड़ डाली। इस सारे मामले की वनरक्षक मानसिंह ने वीडियो भी बनाई है। जिस पर उन्होंने पुलिस चौकी सलूणी में जाकर लिखित शिकायत दर्ज करवा दी है।

### पुलिस मौके वाली जगह पर प्रत्यक्षदर्शियों से करेगी पूछताछ व जुटाएगी साक्ष्य

उन्होंने यह भी बताया कि मेडिकल प्रक्रिया को भी अंजाम दे दिया गया है साथ ही उन्होंने सारे मामले को अपने आलाधिकारियों को भी सूचित कर दिया है। तो वहीं जब इस सारे मामले को लेकर डीएफओ सलूणी सुशील गुलरिया से बात की गई तो उन्होंने इस सारे मामले पर वन विभाग का रुख साफ करते हुए बताया कि वन विभाग दोनों आरोपियों को कतई भी माफ नहीं करेगा क्योंकि उन्होंने वन विभाग के कर्मचारी को ड्यूटी निभाते हुए वनरक्षक मानसिंह को पिता और साथ ही उसकी वर्दी फाड़ कर जान से मारने की भी धमकी दी है।। कानूनी औपचारिकताएं लगभग पूरी कर ली गई है तो वहीं वन विभाग द्वारा मिलने वाली सहूलियत को भी इन दोनों आरोपियों को भविष्य में वंचित कर दिया जाएगा।

डीएसपी सलूणी रंजन सिंह ने बताया कि पुलिस चौकी सलूणी में शिकायत दर्ज करवाई गई थी की दो व्यक्तियों द्वारा एक वन विभाग के कर्मचारी के कपड़े फाड़ने और मारपीट तथा जान से मारने करने संबंधी शिकायत की है। तो वहीं मारपीट करने वाले दोनों व्यक्तियों ने भी वनरक्षक मानसिंह के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करवाई है कि उसने भी दोनों के साथ मारपीट की है तथा इस सारे मामले में उन्हें जानबुझ कर शिकार बनाया जा रहा है। डीएसपी सलूणी ने बताया कि उन्हें भी आज मेडिकल हेतु चंबा भेज दिया गया है तथा अभी रिपोर्ट पर आना बाकी है। तो वहीं पुलिस भी मौके वाली जगह पर नक्श करवाई, प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ, तथा लड़ाई में इस्तेमाल वस्तुओं के बारे में साक्ष्य भी जुटाएगी। बाकी मारपीट के बारे में मेडिकल रिपोर्ट आने पर ही साफ हो पाएगा।

### डुब्लु स्कूल में वीरगाथा कार्यक्रम आयोजित

**जुन्गा।** वीरगाथा कार्यक्रम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डुब्लू में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को राष्ट्र प्रेम और देश भक्ति की भावना के प्रति जागरूक किया गया।

इस मौके पर भूतपूर्व फ्लाइंग ऑफिसर, भूषण वर्मा और भूतपूर्व पैरा कमांडो कमल वर्मा ने बच्चों को वीरगाथाओं सुनाकर राष्ट्र की एकता और अखंडता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने बताया कि देश के वीर सपूतों की कुर्बानी के फलस्वरूप आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि हमारे जाबांज जवान विपरित परिस्थितियों में देश की सीमाओं पर प्रहरी का कार्य कर रहे हैं।

### सूडोकु 0096 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0095 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

22 अक्तूबर, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** आश्विन, **तिथि** षष्ठी : (01:31): **नक्षत्र** आर्द्रा, **पक्ष :** कृष्ण **योग :** परिघ (8:44) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:42-12:27), **राहुकाल** (02:54 -04:19)।

**विशेष दिन**

- 22 अक्तूबर : स्कन्द षष्ठी व्रत आज।
- 23 अक्तूबर : हेमंत ऋतु कल से प्रारम्भ।

**मेष:** कार्यस्थल पर किसी के प्रति आकर्षण बढ़ सकता है। प्रेमियो के जीवन की परेशानी आज दूर होने की संभावना है। जीवन साथी से बहस न करें तो बेहतर होगा।

**वृषभ:** लव पार्टनर के साथ कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। वैवाहिक जीवन आज सुखमय बीतने वाला है। कार्यस्थल से अविवाहितों को अच्छी खबर मिल सकती है।

**मिथुन:** प्रेमिका से प्यार भरा संदेश मिलने वाला है। लव पार्टनर के साथ वैचारिक मतभेद हो सकता है। हालांकि यह कुछ समय के लिए ही रहेगा। शादीशुदा जीवन खुशनुमा रहने वाली है।

**कर्क:** पार्टनर के साथ यदि शारीरिक संबंध बनाने की सोच रहे हैं तो यह फैसला गलत साबित होगा। दफ्तर में कोई साथी आपको प्रपोज करने वाला है।

**सिंह:** आपका जीवनसाथी निजी लाभ के लिए आपका उपयोग कर सकता है। नई प्रेमिका कुछ अच्छा गिफ्ट दे सकती है। वैवाहिक जीवन में तनाव झेलना पड़ सकता है।

**कन्या:** लव लाइफ में बिना सोचे समझे कोई नया फैसला लेना गलत साबित होगा। प्रेमिका को सिनेमा दिखाने ले जा सकते हैं। प्रेमी धोखा दे सकता है।

**तुला:** साथी से मिलने किसी रोमांटिक स्थान पर जा सकते हैं। शादी के लिए ऑफर आएगा। आज पत्नी की जिद्द के सामने आपकी एक नहीं चलेगी।

**वृश्चिक:** आज आप अपनी मन की भावनाओं को खुलकर पार्टनर के साथ शेयर करने वाले हैं। कार्यस्थल पर किसी अजनबी से प्यार का इजहार कर सकते हैं।

**धनु :** प्रेम-संबंध को आगे ले जाने के बारे में सोचेंगे। शादीशुदा जीवन में साथी का व्यवहार खुशी देगा। अविवाहित लोग अगर शादी की योजना बना रहे हैं तो ठीक से विचार कर लें।

**मकर:** लव पार्टनर के साथ नजदीकियां बढ़ने वाली है। बहुत हद तक संभव है कि लव लाइफ वैवाहिक जीवन में बदल जाए। वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी के प्रति लगाव बढ़ता दिखेगा।

**कुंभ :** परिवार में जल्द मिलेगी नन्हें मेहमान के आने की सूचना। लव लाइफ सामान्य रहने वाला है। प्रेमिका की ओर से शादी का प्रस्ताव मिलेगा जिसे ठुकरा सकते हैं।

**मीन:** अविवाहित लोगों को विवाह के लिए प्रस्ताव तो आएगा लेकिन वे स्वीकार नहीं करेंगे। शादीशुदा जीवन में परेशानियां बिन बुलाएं आ सकती हैं।

# वल्लभ महाविद्यालय में मनाई शहीद सुरेंद्र पाल सिंह की जयंती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



जयंती के दौरान सामूहिक चित्र में विद्यार्थी, प्रोफेसर एवं अन्य।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी व भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल ने शहीद असिस्टेंट कमांडेंट सुरेंद्र पाल सिंह की जयंती आयोजित की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुरीना शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुरीना शर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन, केयरटेकर ऑफिसर डॉ. कविता असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर युवराज शर्मा, परिवार के सदस्य एडवोकेट राकेश ठाकुर, एडवोकेट हिमांशु ठाकुर व एनसीसी एयर विंग व आर्मी विंग कैडेटों ने शहीद सुरेंद्र पाल गुलेरिया के शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुरीना शर्मा ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद सुरेंद्र पाल सिंह 1970 के दशक में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के छात्र रह चुके हैं। असिस्टेंट कमांडेंट सुरेंद्र पाल ने आतंकवादियों से लोहा लेते हुए वीरगति प्राप्त की थी। इस अवसर पर महाविद्यालय विद्यालय प्रशासन व भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल के सौजन्य से शहीद सुरेंद्र पाल के परिवार जनों को सम्मानित किया गया।

# नेरवा में मिस और मिस्टर चौपाल प्रतियोगिता आज से

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

प्रेस क्लब चौपाल द्वारा नेरवा के राजकीय महाविद्यालय परिसर में उमंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 'मिस चौपाल' 'मिस्टर चौपाल' 'चौपाल की ताल' चौपाल की आवाज' व लोकनृत्य जैसे टैलेंट हंट का 22 से 24 अक्टूबर मेगा शो होना है। इस कार्यक्रम से चौपाल के दूरदराज गांव में छुपी प्रतिभाओं को सामने आने के लिए एक मंच मिलेगा। उपरोक्त प्रतिस्पर्धाओं में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान लेने वाले प्रतिभागियों को नगद धनराशि के साथ चमचमाती ट्रॉफी दी जाएगी। यह जानकारी क्लब के संगठन सचिव राजेंद्र त्यागी ने दी। तीन दिवसीय कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी विनीत ठाकुर, चौपाल के विधायक बलवीर सिंह, कांग्रेस नेता व हिमाचल कांग्रेस कमेटी महामंत्री रजनीश किमटा बतौर मुख्यातिथि शामिल होंगे।

**विडंबना** स्कूल भवन में दरारें होने के कारण विभाग ने कर दिया था अनसेफ घोषित

# पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में 2 साल से चल रहा कूंर स्कूल

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

सीनियर सेकेंडरी स्कूल कूंर पिछले 2 सालों से पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में ही चल रहा है। तकरीबन 2 वर्ष पूर्व हुई भारी बरसात के चलते यहां के स्कूल भवन लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया था। स्कूल भवन में जगह-जगह दरारें होने के कारण विभाग द्वारा अनसेफ घोषित कर दिया गया था। स्कूल भवन में दरारें आने के कारण आनंन-फानन में स्कूल को पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में शिफ्ट किया गया था।



जानकारी के अनुसार स्कूल में 89 बच्चे तीन कमरों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कमरों के अभाव के चलते यहां पर बच्चों के साथ-साथ अध्यापकों को भी पढ़ने-लिखने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर स्कूल के लिए कमरे व जगह न मिलने के कारण मजबूरी में ही पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार करीब 2 वर्ष पहले हुई भारी बारिश के चलते यहां पर बने स्कूल भवन लैंडस्लाइड की भेंट चढ़ गया था।

करीब 2 सालों से यहां पर बच्चों को पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस के तीन कमरों में ही पढ़ाया जा रहा है। उधर हालांकि स्कूल भवन के लिए जगह का चयन भी कर लिया गया है और विभाग द्वारा 2 करोड़ रुपए का बजट भी पीडब्ल्यूडी के पास भवन निर्माण के लिए जमा करवा दिया है। लेकिन अभी तक भी इस भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। लिहाजा अभी तक और कुछ बर्ष बच्चों को इसी रेस्ट हाउस में पढ़ाई करनी होगी। सुविधाओं के अभाव के चलते यहां पर बच्चों की पढ़ाई पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। यहां पर जुगाड़ के जरिए बच्चों को शिक्षा ग्रहण करवाई जा रही है।

### जल्द होगा तैयार भवन: प्यार सिंह

**इस** विषय पर डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन प्यार सिंह चाडक ने कहा है कि स्कूल का अपना भवन न होने के चलते यहां पर बच्चों को पढ़ाई करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल भवन न होने के चलते यहां पर 89 बच्चों को मात्र तीन कमरों में ही पढ़ाई करने को मजबूर होना पड़ रहा है। विभाग द्वारा जगह का चयन कर लिया गया है और 2 करोड रुपए नए भवन के लिए स्वीकृत भी हो गए हैं। जिसे पीडब्ल्यूडी विभाग के पास जमा करवा दिया गया है। उन्होंने कहा है कि सोमवार को वह स्वयं सीनियर सेकेंडरी स्कूल कूंर चयनित जगह को देखने के लिए गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि जल्द ही स्कूल भवन का निर्माण शुरू हो जाएगा।

**काम** आरंभ करने में देर न करो और अगर काम शुरू कर दिया है तो उसे पूरा करके ही छोड़ो। -विनोबा भावे

## संपादकीय

# सुधरते भारत-चीन संबंध

भारत और चीन के बीच रिश्तों में जमी बर्फ अब धीरे-धीरे पिघलनी शुरू हो गई है। दोनों देश आपसी संबंधों की नई इबारत लिखने जा रहे हैं। भारत-चीन ने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल यानी एलएसी पर टकराव रोकने या कम करने की दिशा में सकारात्मक पहल की है। दोनों देशों के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर समझौता हो गया है। निश्चित रूप से इससे संबंधों में सुधार आना तय है। यह इतना आसान नहीं था। इसके लिए दोनों देशों में राजनयिक और सैन्य स्तर पर कई वार्ताएं हुईं, तब जाकर समझौता हुआ है। यही नहीं, दोनों देशों ने वर्ष 2020 में पैदा हुए सीमा तनाव को जल्द सुलझाने के लिए संकल्प भी पारित किया है। हाल ही में दोनों देशों ने बॉर्डर से अपनी सेनाएं पीछे हटाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया था। अब भारतीय और चीनी वार्ताकार बाकी मुद्दों को सुलझाने में जुटे हैं। भारत-चीन सीमा विवाद सुलझने से दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग बढ़ेगा, जिससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। सीमा विवाद का समाधान होने से दोनों देशों के बीच सामरिक स्थिरता बढ़ेगी, जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा में वृद्धि होगी। इसके अलावा सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ सकता है। हालांकि, इन समझौतों के लिए दोनों देशों को आपसी विश्वास और सहयोग की आवश्यकता होगी।

इसके लिए दोनों देशों को अपने मतभेदों को भुलाना होगा। भारत-चीन संबंधों में ऐतिहासिक मोड़ हालिया विवाद का केंद्र बने अक्साई चिन में स्थित गलवान घाटी है, जिसको लेकर दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने आ गई हैं। एक तरफ भारत आरोप लगाता है कि गलवान घाटी के किनारे चीनी सेना अवैध रूप से टैंट लगाकर सैनिकों की संख्या में वृद्धि कर रही है, तो वहीं, दूसरी ओर चीन का आरोप है कि भारत गलवान घाटी के पास रक्षा संबंधी अवैध निर्माण कर रहा है। इस घटना से पहले उत्तरी सिक्किम के नाथू ला सेक्टर में भी भारतीय व चीनी सैनिकों के बीच झड़प हो गई थी। इस तरह की घटनाओं को देखकर प्रतीत होता है कि भारत-चीन के मध्य सीमा विवाद काफी वर्षों से चले आ रहे हैं, जो दोनों देशों के बीच रक्षा व सुरक्षा संबंधों की जटिलता को प्रदर्शित करते हैं। दोनों देशों के बीच संबंधों को व्यापक दृष्टिकोण से समझने की आवश्यकता है। भारत और चीन दोनों ने लगभग एक साथ साम्राज्यवादी शासन से मुक्ति पाई थी। भारत ने जहां सदैव लोकतंत्र के मूल्यों का निर्वहन किया तो, वहीं चीन छद्म लोकतंत्र को अपनाता रहा।

भारत-चीन संबंधों की इस गाथा में अनेक स्याह मोड़ आते रहे। हजारों वर्षों तक तिब्बत ने एक ऐसे क्षेत्र के रूप में काम किया, जिसने भारत और चीन को भौगोलिक रूप से अलग और शांत रखा, परंतु जब वर्ष 1950 में चीन ने तिब्बत पर आक्रमण कर वहां कब्जा कर लिया तब भारत और चीन आपस में सीमा साझा करने लगे और पड़ोसी देश बन गए। 20वीं सदी के मध्य तक भारत और चीन के बीच संबंध न्यूनतम थे एवं कुछ व्यापारियों, तीर्थयात्रियों और विद्वानों के आवागमन तक ही सीमित थे। वर्ष 1954 में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू और चीन के प्रथम प्रधानमंत्री झोउ एनलाई ने 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' के नारे के साथ पंचशील सिद्धांत पर हस्ताक्षर किए, ताकि क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए कार्ययोजना तैयार की जा सके। वर्ष 1959 में तिब्बती लोगों के आध्यात्मिक और लौकिक प्रमुख दलाई लामा तथा उनके साथ अन्य कई तिब्बती शरणार्थी हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में बस गए। इसके बाद चीन ने भारत पर तिब्बत और पूरे हिमालयी क्षेत्र में विस्तारवाद और साम्राज्यवाद के प्रसार का आरोप लगा दिया। इसके बाद ही दोनों देशों के रिश्तों में खटास आना शुरू हो गई। वर्ष 1962 में सीमा संघर्ष से द्विपक्षीय संबंधों को गंभीर झटका लगा तथा उसके बाद वर्ष 1976 में भारत-चीन राजनयिक संबंधों को फिर से बहाल किया गया। इसके बाद समय के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों में धीरे-धीरे सुधार देखने को मिला। पैंगोंग त्सो मोरीरी झील का विवाद, डोकलाम गतिरोध, अरुणाचल प्रदेश में आसफिला क्षेत्र पर विवाद तथा परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में भारत का प्रवेश, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता आदि पर चीन का प्रतिकूल रुख रहा। बेल्ट एंड रोड पहल संबंधी विवाद, जैसे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे विवाद के अलावा सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर चीन की ओर से पाकिस्तान का बचाव एवं समर्थन करने से दोनों देशों में नफरत पैदा की। बहरहाल, विवाद समाधान की रणनीति के लिए दोनों देशों को नेताओं के रणनीतिक मार्गदर्शन का पालन करना चाहिए। ■

# बढ़ती महंगाई से आम जनमानस का हाल बेहाल



लेखक : सुखदेव सिंह
नूरपुर (कांगड़ा)

बढ़ती महंगाई ने आम जनमानस का हाल बेहाल कर रखा है। आज खाने, पीने की वस्तुओं के दाम सातवें आसमान पर पहुंच चुके हैं। बेमौसमी बारिश के चलते वर्षभर जनता को महंगाई दौर से गुजरना पड़ता है। फल, सब्जियां, दाल, तेल, लहसुन आदि खाद्य पदार्थों में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिल रही है। उचित मूल्यों की दुकानों में मिलने वाला खाद्यान्न भी निरंतर महंगा हो रहा है। सरकारों ने प्रदेश की जनता को भिखारी बनाकर रखा, ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। जनता को उचित मूल्य की दुकानों में पर्याप्त खाद्यान्न बहुत कम मिलता है। विक्रेता उपभोक्ताओं को यह कहकर चुप करा देते कि अभी उक्त खाद्यान्न का टेंडर लंबित जिसके चलते सप्लाई बाधित है। मीडिया रिपोर्ट अनुसार अगले महीने से दालों के दामों में वृद्धि हो जाएगी। सुख की सरकार उपभोक्ताओं को तीन दालें मुहैया करवाती है।

केंद्र सरकार अगले महीने से चना दाल के दामों में वृद्धि करने वाली है। हिमाचल प्रदेश में कुल 19,65,589 कार्ड धारक जिन्हें 5500 मीट्रिक टन दालें उपलब्ध करवाई जाती हैं। केंद्र सरकार अपने हिस्से का पैसा दालों पर बंद करने वाली है। कोरोना वायरस काल दौरान केंद्र सरकार ने गरीब लोगों को मुफ्त राशन दिए जाने की सराहनीय योजना चलाई थी। गनीमत यह रही कुछेक लोग हीं इस राशन को डकारते रहे जिसकी जांच चल रही है। एनडीए सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब लोगों को 2028 तक मुफ्त राशन दिए जाने का आहवान किया है। सरकार महामारी काल दौरान भी गरीब लोगों के लिए मुफ्त राशन भेजती रही, जिसकी गलत तरीके से बंदरबाट की गई थी। सहकारी सभाओं की दयनीय हालत के पीछे कुशल कमेटियों का अभाव, सचिव और विक्रेताओं की कार्यप्रणाली गरीब विरोधी रहने की सुर्खियां अक्सर पढ़ने को मिलती हैं। कुछेक सहकारी सभाएं राजनीति का ऐसा अखाड़ा, दो कमेटियां तक भी इसे चलाने का दावा करती रही हैं। सहकारी सभाओं की कमेटियों द्वारा वेतरतीव ढंग से बांटे गए ऋण की वसूली नहीं हो पा रही है। विक्रेताओं द्वारा जनता के पैसे का गलत इस्तेमाल किए जाने के कारण भी डिपुओं की हालत खस्ता हुई है।

केंद्र सरकार राज्य सरकारों को खाद्यान्न पर सब्सिडी देती रही जिससे हिमाचल प्रदेश के राशन कार्ड धारकों को इसका लाभ मिलता था। पूर्व भाजपा सरकार समय केंद्र सरकार ने उक्त सब्सिडी को बंद कर दिया था। पूर्व सरकार अपने बलबूते पर 19 लाख से अधिक राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न मुहैया करवाती रही है। सुख की सरकार समय भी राशन कार्डधारकों को डिपुओं में खाद्यान्न मिल रहा है।

आज हालात ऐसे बन चुके कि आए दिन खाद्यान्न वस्तुओं के दाम बढ़ते जा रहे, जिससे राशन कार्ड धारकों को खास लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार की मजबूरी की वह इस खाद्यान्न को बंद नहीं करवा सकती है। ठीक इसी कारण ही राशन कार्ड धारकों को कई वार डिपुओं से पर्याप्त खाद्यान्न नहीं मिल पाता है। उचित मूल्य दुकान विक्रेता राशन कार्डधारकों को समझाने की पूरी कोशिश करते की कुछेक वस्तुओं की टेंडर प्रक्रिया लंबित रहने कारण ऐसा हो रहा है। राशनकार्ड धारक इसी बात को लेकर कई बार विक्रेताओं के साथ उलझ जाते और उन पर कई आरोप लगाने से बाज नहीं आते हैं। सहकारी सभाओं में कभी राशन कार्ड धारकों को कपड़ा, कापियां, किरोसीन तेल, किट नाश्क दवाइयां, स्प्रे, बीज, कृषि औजार तक मिलते थे। किसानों को मुफ्त बीज तक दिए जाते रहे, जिससे उनकी आर्थिकी बढ़ सके। सुख की सरकार भी आए दिन डिपुओं में खाद्यान्न सहित अन्य चीजें बेचने के दावे करती है। सरकार की मंशा की उचित मूल्य दुकानों में अतिरिक्त सामान बेचने से वह आर्थिक रूप से समृद्ध बनकर अपना सफल कारोबार चला सकती हैं। सहकारी सभाएं मुनाफे में रहने पर ही राशन कार्ड धारकों को सस्ती दरों पर ऋण मिल सकेगा।

अन्यथा सहकारी सभाओं ने ऋण पर इस कदर अतिरिक्त ब्याज लगाकर रखा की आम आदमी इसे लेने से पहले सौ बार सोचता है। सहकारी सभाओं के विक्रेताओं को खाद्यान्न वितरित करने समय खाद्य आपूर्ति विभाग की नाकामी का खामियाजा भुगतना पढ़ता है। खाद्य आपूर्ति विभाग का सर्वर हमेशा डाउन ही रहता और अधिकतर सहकारी सभाओं में जनता पूरा दिन डेरा जमाकर रखती है। विक्रेता राशन कार्ड धारकों के हाथों की उंगलियों को कार्ड रीडर पर बार-बार स्केन करने की कोशिश करता है। कभी कभार खाद्य आपूर्ति विभाग की नाकामी का खामियाजा राशनकार्ड धारकों और विक्रेताओं को चुकाना पड़ता है। ई केवाइसी की प्रक्रिया पिछले दो वर्षों से चल रही और अभी भी 25 प्रतिशत काम इसका लंबित है। खाद्य आपूर्ति विभाग ने प्रदेश के राशन कार्ड धारकों को ई केवाइसी करवाए जाने की अंतिम तारीख 31 अक्तूबर बताई है।

ठीक इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता कि दूर संचार कंपनियों का खराब सिंग्नल और खाद्य आपूर्ति विभाग की लापरवाही के चलते यह प्रक्रिया विक्रेताओं और राशनकार्ड धारकों के लिए मुसीबत बन चुकी है। प्रदेश सरकार को ऐसी तकनीकी खराबी समय विक्रेताओं को मैनुअल एंट्री करके राशन कार्ड धारकों को राहत पहुंचाने के लिए अधिकृत करना चाहिए। सहकारी सभाएं क्षेत्रीय बैंकों के सहयोग से इस कारोबार को चला रही हैं। सहकारी सभाएं घाटे में चलने कारण इसका प्रभाव बैंकों पर भी पड़ा है। डिपो संचालकों को कमीशन पर रखा गया, कुछेक सहकारी सभाएं निजी भवनों में चलाई जा रही और अन्य की जर्जर हालत चलते कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। सहकारी सभाओं का कारोबार पटरी पर आए इसलिए कुशल कमेटियों का गठन किया जाना बहुत जरूरी है।

शेयर होल्डरों का विश्वास उनके प्रति अत्यधिक बड़े उन्हें इसका आर्थिक लाभ मिलना चाहिए। सहकारी सभाओं में खाद्यान्न अतिरिक्त अन्य सामान बेचने पर फोकस करने की जरूरत है। प्रदेश सरकार को सहकारी सभाओं को सुपरमार्केट की तरह बनाना होगा, जिससे उसकी आय में वृद्धि होकर जनता सदैव उन पर आश्रित रह सके। ग्रामीण लोग आज छोटे से ऋण के लिए बैंकों के चक्कर काटने को मजबूर रहते हैं। सहकारी सभाओं में कम ब्याज पर ऋण मुहैया करवाया जाए, तो प्रदेश की जनता को इसका भरपूर लाभ मिलेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए करें संतुलित आहार



लेखक :सिकंदर बंसल
रामपुर बुशैहर

जब कभी हम सत्य को खोजने का प्रयत्न करते हैं। तो जीवन के अभेद्य रहस्यमयी चीजों का पता चलता है। मनुष्य के जीवन जीने के लिए सुख-दु:ख, अच्छा-बुरा, प्रेम-करुणा, क्रोध और कुछ समय कायरता या यूं कहिए अमानवीय होने के भी पर्याप्त सपूत एक मनुष्य जीवन में मिलते हैं। उस समय हम जीवन के उन्मुक्त आनंद को महसूस नहीं कर सकते हैं। जीवन जीने के दो ढंग है। एक तो मेहनत करके संसार के अदृश्य शत्रुओं से लड़ा जाए। जैसे बीमारी, भुखमरी, निर्धनता। इसके लिए बेहतर है कि शिक्षा को रोजगार से जोड़ना। दूसरा विकल्प किसी के सिर और कंधे का बोझ बनकर मात्र यहां तक के प्रयास करना कि मेरे तो मजे हैं। यह भी जीने का महज आनंद ही तो है। पुश्तैनी प्रॉपर्टी, कारोबार बगैरा बगैरा। दो तरह के जीवन रूपी आनंद में स्पष्ट हैं कि जीना तो है या तो मेहनत करें या फिर किसी से कंधे में बैठकर बंदूक चलाकर अपनी अंतरात्मा से अमानवीय होने का प्रयास करें। प्रमुखता से जीवनकाल का संघर्ष विद्यार्थी जीवन से शुरू होकर, गृहस्थ जीवन से बुजुर्गवस्था तक चला रहता है।

विद्यार्थी जीवन में बहुत सारी कौशलता सीखकर नैतिक और मर्यादित होना सिखाता है। विद्यार्थी जीवन के दो प्रमुख प्रहरी एक अभिभावक, दूसरे शिक्षक। दोनों एक कड़ी का काम इस जीवन को निखारने में करते है। दूसरा गृहस्थ काल जब अपना जीवन व्यक्तिगत न होकर दूसरे के लिए परिवार और समाज के लिए होता है। परिवार और समाज की आशाओं के अनुरूप खरा उतरने की भी एक चुनौती होती है। इस काल में उस मनुष्य पर बहुत सी अदृश्य बीमारियां शुरू में धीरे-धीरे किराए का मकान लेकर बुढ़ापे तक अपना कब्जा या उस शरीर को बिना किसी वकील और दलील से आसानी से हड़पा लेती है। इसी काल में जीवन के सत्य की जानकारी के शुरुआती रुझान जैसे कम और ज्यादा ब्लडप्रेशर, शुगर, किडनी, पथरी, दमा, श्वास की समस्या आनी शुरू हो जाती है। विद्यार्थी काल में अनुशासित जीवन जीने के बाद और बहुत संघर्ष करने के बाद जब कोई मेहनत से काबिल इंसान बन जाता है तो जीवन का एक और संघर्ष में वही मनुष्य विभिन्न बीमारियों के साथ जकड़कर हार जाता है। कोई ऐसी शिक्षा, जब हम अपने शरीर के साथ लड़कर लाभमंद हो जाए।

शरीर एक ऐसा भ्रम है जिसके नाम पर विश्व सुंदरियां जैसे गौरवमयी नामकरण अलंकारित किए जाते हैं, परंतु इस शरीर को विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए न तो वैज्ञानिक दृष्टिकोण इतना प्रबल हुआ न ही अध्यात्म मनुष्य जीवन दो धारी तलवार के साथ आगे बढ़ रहा है। एक तो भागदौड़ भरी जिंदगी में हम शरीर के खुद शत्रु बन बैठे है। दूसरा हमें करना ही कुछ नहीं। सारी बीमारियों के इलाज लिए हॉस्पिटल है। अमीर किसी भी बीमारी को अपने शरीर में जगह देकर महंगे हॉस्पिटल में इलाज करवा सकता है। गरीब फिर वही दो धारी तलवार में फंसा हुआ है। बहुत सारे सार्थक प्रयास हमारी सरकारें भी करती है। फिट इंडिया मोमेंट जैसे कार्यक्रम सिर्फ बड़े-बड़े शहरों में दिखते हैं। गांव में अभी भी स्वास्थ्य शिक्षा व्यवस्था सदृढ़ न होकर हाथी की चाल में चलती फिरती है। जीवन रूपी सत्य जानने के लिए सबसे पहले स्वास्थ्य शिक्षा को जानना होगा।

स्वास्थ्य शिक्षा जरूरी है क्योंकि यह लोगों को उनके स्वास्थ्य के बारे में सही जानकारी और जागरूकता प्रदान करती है। स्वास्थ्य शिक्षा लोगों को यह सिखाती है कि बीमारियों और संक्रमणों से कैसे बचा जा सकता है। इससे रोगों के फैलाव को कम किया जा सकता है। दूसरा स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देकर यह लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती है, जैसे संतुलित आहार, शारीरिक व्यायाम, धूम्रपान और शराब से परहेज। स्वास्थ्य शिक्षा मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाती है और तनाव, अवसाद जैसे मानसिक समस्याओं से निपटने के उपाय बताती है। स्वास्थ्य शिक्षा से लोग अपने और अपने परिवार की भलाई के लिए सही निर्णय ले सकते हैं, जिससे समग्र समाज का स्वास्थ्य बेहतर होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## करो विचार

राकेश डोगरा

**जिसे** आप अपना कहते हो,
खुद से भी ज्यादा चाहते हो।
अंत समय सब यहीं रहेगा,
साथ चलूं न कोई कहेगा।
संग होगा तेरा व्यवहार,
गहरे मन से करो विचार।
कर्म किए जा फल को छोड़,
सद्कर्मों से नाता जोड़।
उसके घर में नहीं अंधेर,
धीरज धर है थोड़ी देर।
वही करेंगे नैय्या पार,
गहरे मन से करो विचार।
वह मालिक है अंतर्यामी,
सर्वव्यापक है वह स्वामी।
'राकेश' मन में जोत जला तू,
उससे सच्ची प्रीत लगा तू।
वही हैं तेरे पालनहार,
गहरे मन से करो विचार।

# दोस्ती निस्वार्थी होनी चाहिए, स्वार्थी नहीं



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार

दुनिया में कब किसको किससे मिलना है यह किसी को पता नहीं होता जीवन में कुछ ऐसे लोग मिलते हैं जो भाग्यशाली होते हैं शायद पिछले जन्मों का रिश्ता होता होगा, तभी ही मिलन होता है। हजारों दोस्त बनाने की जरूरत नहीं होती एक ही दोस्त काफी होता है जो हर मुसीबत में साथ दे। जिंदगी में कुछ दोस्त ऐसे भी मिलते हैं जो जीवन को स्वर्ग बना देते हैं और कुछ ऐसे भी मिलते हैं जो नर्क बना देते हैं। दोस्त सच्चा व पक्का होना चाहिए जो सुख दु:ख में जीवन भर साथ निभाए। दोस्ती निस्वार्थ होनी चाहिए, स्वार्थ नहीं होना चाहिए। दोस्त ऐसा होना चाहिए जब दोस्त गलत भी हो तब भी साथ नहीं छोड़े। आज लोग मतलबी हो गए हैं और गलत लोगों का साथ देते हैं आदमी की पहचान मुश्किल हो गई है। समय बहुत बलवान समय से डरो मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। समय बहुत ही बलवान है समय से डरना चाहिए, वक्त के थपेड़ों से कोई नहीं बच पाया है।

जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते हैं, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी महंगी होगी। जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मगर आधुनिक इंसान फितरती होता जा रहा है। मानव विलासिता पर धन खर्च कर रहा है। सुख में तो सभी साथ होते हैं, मगर दुख में साथ छोड़ देते हैं, कहते अपने ही काम आते हैं मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है, कुत्ते बिस्किट खा रहे हैं, मगर मानव भूख से त्रस्त है क्या मजाल की कोई भूखे को रोटी का निवाला दे। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है। प्रतिदिन शराब, मांस ,मदिरा का प्रयोग कर रहा है।

आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इंकार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है मगर सोच वही सामंतवादी है। आदमी अपना वक्त भूल चुका है। कहते हैं सादा जीवन उच्च विचार मानव का श्रृंगार होता है। मानव को सदैव सादगी व उच्च विचारों में विश्वास रखना चाहिए। जिंदगी में दिखावा नहीं करना चाहिए। सादगी का अपना महत्व होता है सादा जीवन जीने वाले लोग कभी दुखी नहीं होते ताउम्र सुखी रहते हैं। सादा भोजन कीजिए। सादगी की अपनी एक अलग पहचान होती है। अत: प्रत्येक इंसान की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए। आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए, प्रत्येक मानव का आदर-सत्कार करना चाहिए। जीवन बार-बार नहीं मिलता है, ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है। यह एक शाश्वत सत्य है और बेईमानों का सत्यनाश हुआ है। खुदा के घर में देर है अंधेर नहीं है। आदमी को समय से डरना चाहिए क्योंकि वक्त का कोई पता नहीं कि कब कौन मिट्टी में मिल जाए। समाज की रचना के लिए सादगीपूर्ण जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए। मानव को हमेशा समानता व एक समान व्यवहार करना चाहिए। क्योंकि जो आदमी भेदभाव करता है वह मानवता के नाम पर कलंक है।

कहते हैं कि व्यक्ति को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए भले ही आदमी कितनी ही ऊंचाइयां छू लें। एक कहावत है कि मानव कितना भी अमीर हो जाए वह अपना अतीत नहीं खरीद सकता? आज दुनिया में कुछ ऐसे लोग है जो कभी दाने-दाने को मोहताज थे। मानव को सदा अच्छे कर्म करने चाहिए, क्योंकि अगर तुम अच्छा करोगे अच्छाई ही मिलेगी दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगीं। हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए क्योंकि सच्चाई की सदा जीत हुई है। सांच को आंच नहीं आती। अभावग्रस्त लोगों की सहायता करनी चाहिए। भूखे को रोटी खिलाओं, हमेशा अच्छा करोगे तो अमर हो जाओगे। अगर तुम किसी का अच्छा नहीं कर सकते तो बुरा भी मत करो किसी को मत सताओ। पैसे से गुजरा हुआ समय खरीदना नामुमकिन है।


पैसा ही सब कुछ नहीं होता मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते हैं, अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है। वक्त बदलते देर नही लगती इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए। ताकि विपत्तियों का अहसास होता रहे। वर्तमान परिवेश में मानव इतना स्वार्थी व मौका परस्त होता जा रहा है कि खुद को खुदा से उपर समझने लगा है। आज वह भगवान के साथ छल-कपट तक करने से नहीं चूकता, मगर जब उसकी मार पड़ती है तो होश ठिकाने आ जाते हैं। ऐसे लोगों को आदमियों की पहचान नहीं होती कि कौन अच्छा है कौन बुरा है। आज चापलूस लोगों का बोलबाला हो गया है, लेकिन खुदा सब देख रहा है समय ने करवट बदली और उनका भाग्य भी बदल गया लेकिन वह लोग अपनी औकात भूल गए कि एक समय ऐसा भी था कि उनके पास एक जोड़ी कपड़े होते थे। खाने के लाले पड़े होते थे। आज अच्छे दिन आ गए, तो अपनों को भूल गए और हवा में उड़ने लगें, लेकिन असली व नकली पंखों में फर्क होता है।

कार-कोठी को ही जीवन का लक्ष्य मान अन्य लोगों को नीचा दिखाने की कोशिश में लगे व्यक्तियों की पोल आखिकार खुल जाती है, समाज में आत्मकेंद्रित लोगों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है। ऐसे लोग सिर्फ अपनों के सिवाय दूसरों का अच्छा नहीं कर सकते, ऐसे लोग जानवरों से भी बदतर हैं। मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इंसानियत को हमेशा जिंदा रखें, किसी गरीब को न सताएं। मानवता ही मानव की असली पूंजी है। समाज के हर मानव की सहायता करनी चाहिए। यह अटल सच्चाई है। अच्छाई युगों-युगों तक मानव को अमर कर देती है। मानव को हमेशा अच्छाई व सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए। मानव जीवन अनमोल है। कहते हैं कि एक पत्थर सिर्फ एक बार मंदिर जाता है और भगवान बन जाता है इंसान हर रोज मंदिर जाते हैं फिर भी पत्थर ही रहते हैं । आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उड़ाई जाती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## प्रसिद्ध हिंदी और उर्दू फिल्म अभिनेता



कादर खान
**जन्म** : 22 अक्तूबर,1935
**मृत्यु** : 31 दिसंबर, 2018

**कादर** खान को भारतीय सिनेमा जगत में एक ऐसे बहुआयामी कलाकार के तौर पर जाना जाता है, जिन्होंने सहनायक, संवाद लेखक, खलनायक, हास्य अभिनेता और चरित्र अभिनेता के तौर पर दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाई। खलनायक से लेकर हास्य अभिनेता तक हर किरदार में जान फूंक देने वाले कादर खान अब तक 300 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके हैं, लेकिन उनकी प्रतिभा यहीं नहीं थमती। वह 80 से अधिक लोकप्रिय फिल्मों के लिए संवाद लिखकर उस दिशा में भी अपना लोहा मनवा चुके हैं। कादर खान के अभिनय की एक विशेषता यह है कि वह किसी भी तरह की भूमिका के लिए उपयुक्त हैं। फिल्म 'कुली' एवं 'वर्दी' में एक 'क्रूर खलनायक' की भूमिका हो या फिर 'कर्ज चुकाना है', 'जैसी करनी वैसी भरनी' फिल्म में भावपूर्ण अभिनय या फिर 'बाप नंबरी बेटा दस नंबरी' और 'प्यार का देवता' जैसी फिल्मों में हास्य अभिनय इन सभी चरित्रों में उनका कोई जवाब नहीं है। कादर खान के सिने करियर में उनकी जोड़ी अभिनेता शक्ति कपूर के साथ काफी पसंद की गई। इन दोनों अभिनेताओं ने अब तक लगभग 100 फिल्मों में एक साथ काम किया है। उनकी जोड़ी वाली महत्त्वपूर्ण फिल्मों में से कुछ इस प्रकार हैं- बाप नंबरी बेटा दस नंबरी, नसीब, लूटमार, हिम्मतवाला, महान, हैसियत, जस्टिस चौधरी, अक्लमंद, मकसद, मवाली, तोहफा, इंकलाब, कैदी, गिरफ्तार, घर संसार, धर्म आदि। ■

## अपनी बात



**आयुर्वेद** में कहा गया है कि आपको हमेशा अपनी भूख का सिर्फ अस्सी फीसदी खाना खाना चाहिए। शेष बीस फीसदी भूख बचा कर रखनी चाहिए। जानिए आखिर क्यों कहा गया है ऐसा। शायद किसी भी व्यक्ति के जीवन का सबसे अच्छा और सबसे रिलैक्सिंग पल वही होता है, जब वो दिन भर की तमाम परेशानियों को भूल कर भोजन करता है। साथ ही अक्सर आपने यह भी सुना होगा कि 'हमें जितनी भूख हो, उतना ही खाना चाहिए'। लेकिन आजकल के 'मॉडर्न' और बदलते युग में लगातार बढ़ती भागदौड़ और दैनिक जीवन में अलग-अलग तरह के कामकाज के चलते लोग डाइट और फिटनेस की इन बेसिक आदतों को भूलते जा रहे हैं। खाना खाने की कैपेसिटी और उससे होने वाली समस्याओं के बारे में बात करते हुए आहार विशेषज्ञ डॉ. डिंपल बतातीं हैं कि हमें हमेशा अपनी भूख से कम ही खाना चाहिए। ऐसा करने से हम अपच, पेट फूलना और पेट में एसिड बनने जैसी समस्याओं से काफी दूर रहेंगे और साथ ही ऐसा करने से हम लंबे समय तक स्वस्थ भी रहेंगे। कैपेसिटी पर बात करते हुए डॉ. डिंपल कहतीं हैं कि हमें हमेशा अपनी भूख का 80 प्रतिशत ही खाना चाहिए और पेट के 20 प्रतिशत भाग को खाने के साथ होने वाली क्रियाओं के बाद पैदा होने वाले 'रसों' यानी जूस के लिए छोड़ देना चाहिए। अक्सर आपने अपनी दादी-नानी से सुना होगा कि हमें थोड़ा कम खाना चाहिए। हमारे बड़े अक्सर इस बात पर दबाव इसलिए डालते थे, क्योंकि उन्हें उससे होने वाले स्वास्थ्य फायदों के बारे में बहुत जानकारी होती थी। **पवन कुमार, कांगड़ा**

# पाठकों के पत्र...

**मैं** जिला ऊना के धुंदला ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में नशे का साम्राज्य फैल रहा है। नशाखोरी, अवैध खनन और वन माफिया की समस्या ही प्रमुख है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी हैं। नशेड़ी सरेआम घूमते हैं। अवैध शराब और चरस की बिक्री होती है। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए बंगाणा एजेंसी भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए, तो ननावीं, मलांगड़, कुसान आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। यहां जंगली जानवरों की वजह से किसानों की फसलों का भी नुकसान होता है। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

**दीपक ( धुंदला, ऊना )**

**उम्दा** दैनिक अनंत ज्ञान में छप रही नाना प्रकार की सामग्री पठनीय ही नहीं, बल्कि संग्रहणीय भी है जिसे लोग पसंद कर रहे हैं। संपादकीय पृष्ठ यानी ओपिनियन में प्रकशित स्वतंत्र लेखन आदि जहां रुचिकर लगता है वहीं हिमाचली रंग,'हर गांव कुछ कहता है' रंगीन छायाचित्रों संग हमारी संस्कृति एवं परंपरा को दर्शाता है और मेलों उत्सवों की कवरेज अच्छी है। इसके साथ ही आज के दिन की प्रमुख हस्ती आदि मजेदार सामग्री है। अब रही बात देर शाम की कवरेज की जिसमें मंत्रिमंडल की बैठक जो रात तक भी चलती है, सांस्कृतिक संध्याएं, रात के समय के खेल समाचार तथा रात के समय अचानक होने वाली आतंकी घटना गोलीबारी आदि जो अक्सर होती ही रहती हैं बारे खबरें छापने का पुख्ता इंतजाम कैसे हो? इसकी जरूरत ही नहीं, बल्कि समय की भी मांग है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि अनंत ज्ञान जैसा मीडिया अलग स्थान रखते हुए, हिमाचल का अपना होकर रह गया है। बहुत ही ज्यादा जरूरत है तो वह यह कि समाचार-पत्र हर जगह जाए और बड़े पैमाने पर अभी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कृपया अखबार की प्रसार संख्या बढ़ाने पर जोर दें।

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव, सुंदरनगर**

**अनंत** ज्ञान अपने आप में संपूर्ण अखबार है इसमें हिमाचल प्रदेश से जुड़ी खबरों का समावेश होने के साथ-साथ राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और खेल जगत की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया जा रहा है। इसके अलावा धार्मिक स्वास्थ्य संबंधित पाठक की रोचक ताजा जानकारियां उपलब्ध है। अनंत ज्ञान समाचार के संपादकीय पन्ने रोज सामायिक विषयों को उजागर करता है। पाठकों को रोचक और पूरी जानकारी उपलब्ध करने के लिए अनंत ज्ञान समूह को ढेर सारी शुभकामनाएं। हम उम्मीद करते हैं कि भविष्य में अनंत अनंत ज्ञान रोजगार के समाचारों को लेकर अग्रसर रहें।

**राजेश ठाकुर, गगल**

**मैं** शाहपुर में रहता हूं तथा अनंत ज्ञान का नियमित पाठक हूं। अखबार का बारीकी से अध्ययन करता हूं। अखबार ने बहुत कम समय में अच्छी पैठ बना ली है। इस अखबार में मुझे तकरीबन सभी खबरें पढ़ने को मिल जाती हैं। हालांकि, देर रात की खबरें कई बार पढ़ने को नहीं मिलती। हमारे इलाके में मुख्य रूप से आवारा पशुओं की समस्या है। लोगों ने सैकड़ों की तादाद में अपने पशु लावारिस समझकर छोड़ दिए हैं, जो एक तरफ खेतों में उगी फसलों को चट कर रहे हैं तो वहीं, दूसरी ओर सड़कों पर बेखौफ घूम रहे हैं। इससे सड़कों पर दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। मैं चाहता हूं कि आप अपने रिपोर्टर को भेजकर हमारे इलाके की इस समस्या की डिटेल स्टोरी करवाएं।

**नवनीत, शाहपुर**

पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं
*Email : editoranantgyaan@gmail.com*
*Whatsapp no. :* 88945-21702

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### टकोली स्कूल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल टकोली में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शुरू हुआ। इस शिवर की शुरुआत एसएमसी प्रधान मोनिका रानी ने की। शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेवियों को मिल-जुलकर, अनुशासन में और समाज में अपने माता-पिता का आदर सत्कार करने और नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया यह शिविर सात दिन चलेगा, जिसमें अलग-अलग गतिविधियों की जानकारी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य स्वर्ण सिंह, पूजा शर्मा, प्रिया शर्मा, रमेश कुमार आदि ने भाग लिया।

### रपोह मिसरां स्कूल में एनएसएस का आवासीय शिविर शुरू



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रपोह मिसरां में सात दिवसीय एनएसएस आवासीय शिविर का शुभारंभ सोमवार को हुआ। पंचायत प्रधान ऊषा चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल स्टाफ ने मुख्यातिथि को टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को एनएसएस के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र की युवा शक्ति के व्यक्तितव विकास हेतु युवा कार्यक्रम खेल एवं मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसकी गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी समाज के लोगो के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है। उन्होंने श्रमदान करने वाले विद्यार्थियों को 2100 रुपए की राशि देने की घोषणा की। शिविर में 45 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं।7 इस मौके पर प्रधानाचार्य तरसेम लाल धीमान, मुकेश कुमार, रोमी, संजय डोगरा, दीपक शर्मा, विशाल, सुरजीत कुमारी, अंजू बाला, ओम प्रकाश, पूनम, गुलशन, तरलोक चंद आदि उपस्थित रहे।

### एनएसएस से जुड़कर अनुशाशन की भावना होती है विकसित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल हरोली में एनएसएस की वार्षिक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 400 के करीब ऊना, कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर के करीब 200 प्रिंसिपल और 200 एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में जिला के डिप्टी डायरेक्टर राजेंद्र कौशल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रिंसिपल रविंद्र कुमार, जिला को-ऑर्डिनेटर मुकेश कुमार, राज्य सलाहकार समिति सदस्य संजीव पराशर, सुरिंद्र कौंडल आदि ने उनका भव्य स्वागत किया। दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती वंदना के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कौशल ने कहा कि पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें एवं पढ़ाई के साथ-साथ हमें एनएसएस जैसी संस्था के साथ जुड़ कर हममें नेतृत्व विकास, समाजसेवा की भावना विकसित होती है। उन्होंने एनएसएस के स्वयंसेवियों को अनुशासन में रह कर पढ़ाई करने और समाजसेवा करने जरूरतमंद की सहायता करने के टिप्स दिए। मुकेश कुमार ने आए हुए एनरसएस के कार्यक्रम अधिकारियों को एनएसएस से संबंधित अकाउंट्स और अन्य विषयों पर जानकारी प्रदान की। इस अवसर रीजनल डायरेक्टर जय भगवान चंडीगढ़ ने भी एनएसएस बारे व्यापक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर के निजी सचिव वरुण पाठक, जय भगवान रीजनल डायरेक्टर डिप्टी डायरेक्टर बिलासपुर जोगिंद्र रॉव एनएसएस जिला कोऑर्डिनेटर मुकेश कुमार, सुमन वर्मा, राजन शर्मा, संजीव पराशर, सुरिंद्र कौंडल, अजय आहलुवालिया नीरज सोंध उपस्थित थे। राज्य सलाहकार समिति सदस्य सुरिन्दर कौंडल संजीव कुमार ने भी उपस्थित अधिकारियों को संबोधित किया।

# हरोली के भदौड़ी में दो गुटों में हुई मारपीट

## पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की शुरू



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

क्षेत्र के भदौड़ी में दो गुटों के बीच मारपीट हुई है। पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता गौरव पुत्र निरंजन सिंह निवासी वार्ड एक गांव भदौड़ी तहसील हरोली जिला ऊना (हिप्र) की शिकायत पर उक्त अभियोग दर्ज किया गया।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि वह 20 अक्तूबर को सुबह यह अपने दोस्त बेअंत के साथ उसकी मोटरसाइकिल पर सवार होकर हरोली उसकी माता की दवाई लेने आया था व दवाई लेने के बाद वे अपने घर गांव भदौड़ी के लिए वापस आ गए थे।

बेंअत इसे करीब 11.30 बजे सुबह घर के पास पक्की सड़क पर छोड़कर वापस अपने घर के लिए निकल गया था जो यह भी वहां से पैदल ही अपने घर के लिए कच्चे रास्ते पर आ रहा था, तो उसी दौरान एक में सवार होकर मेरे ही गांव के गुलशन पुत्र प्रकाश सिंह (बिट्टू) अपने छोटे भाई गुरप्रीत राजा, गोविंद, तीनों निवासी गांव भदौड़ी, सुरजीत सिंह उर्फ घूग्गी निवासी गांव कांटे व साहिल निवासी हरोली व गुलशन उपरोक्त हाथ में एक बेस बाल बैट व राजा एक गंडासा लेकर कार से उतर कर मेरे पास आए व गुलशन ने मेरा रास्ता रोक कर मुझे कहने लगा की तू बदमाश है क्या व इतना कहते ही उसने मेरे ऊपर बेसबॉल से हमला कर दिया, जिसे मैंने अपने हाथ से रोक लिया, लेकिन उतनी ही देर मे उसके भाई राजा ने पीछे से मेरी पीठ पर उल्टा गंडासा मार दिया, जो मैं उन दोनों से बचने की कोशिश रह रहा था तो उसके बाद बाकी तीनों साहिल, सुरजीत उर्फ घुग्गी व गोविंद्र ने भी मेरे ऊपर हमला कर दिया।

दूसरे पक्ष की ओर से गुरप्रीत ने भी गौरव और उसके साथियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है दोनों वादी पक्ष और प्रतिवाद विपक्ष के खिलाफ अभियोग दर्ज करके पुलिस नियम अनुसार कार्रवाई अमल में ला रही हैं।

### बंगाणा में 6 नवंबर को लगेगा दिव्यांगता मूल्यांकन शिविर

**ऊना।** भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम मोहाली के सहयोग से बंगाणा उपमंडल के तहत बंगाणा में 6 नवंबर को दिव्यांग व्यक्तियों के लिए दिव्यांगता मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में पात्र दिव्यांग व्यक्तियों का कृत्रिम अंग लगाने के लिए मूल्यांकन किया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम सोनू गोयल ने इस शिविर की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक के बाद दी। उन्होंने बताया कि यह शिविर दो चरणों में आयोजित होगा। पहले चरण में दिव्यांग व्यक्तियों का मूल्यांकन किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में उन्हें निशुल्क कृत्रिम अंग और यंत्र वितरित किए जाएंगे। शिविर में दिव्यांग व्यक्तियों का पंजीकरण उनकी आवश्यकताओं के आधार पर उपकरण मुहैया करवाने के लिए किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इस शिविर में शामिल होने के लिए दिव्यांगजनों को विकलांगता प्रमाण पत्र और जरूरी दस्तावेज लाने जरूरी होंगे। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिए कि वह अपने विकास खंड की सभी ग्राम पंचायतों के माध्यम से इस शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि हर पात्र दिव्यांगजन इसका लाभ उठा सकें। अधिकारियों को भी अपने क्षेत्रों में दिव्यांग व्यक्तियों को इस शिविर की जानकारी देने के लिए कहा गया है।

# दुकानों के आगे अतिक्रमण पर होगी सख्त कार्रवाई: सोनू गोयल

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

दीपावली पर उपमंडल में कानून व यातायात व्यवस्था चाक चौबंद रखने के दृष्टिगत एसडीएम सोनू गोयल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्राधिकार में यह सुनिश्चित करें कि दुकानदार अपनी दुकानों के आगे अतिक्रमण न करें। यदि कोई व्यापारी अतिक्रमण करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

**बोले**
**पटाखे बेचने के लिए लेना होगा लाइसेंस**

उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अनाधिकृत गाड़ियां खड़ी न हों, जिससे जनता को यातायात में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि में पटाखों को बेचने के लिए स्थान चिन्हित किए गए हैं। वहीं पर पटाखे बचें।

वहीं, एसडीएम ने ग्रीन पटाखों की सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीन पटाखों को गैर-ज्वलनशील सामग्री से बने शेड में रखा जाए, और शेड एक-दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी पर हों। शेड का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि वे एक-दूसरे के सामने न हों। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेल और गैस लैंप का उपयोग शेड के भीतर नहीं किया जाएगा। हर दुकान में स्विच दीवार के साथ सटे होने चाहिए, और प्रत्येक पंक्ति के लिए एक मास्टर स्विच आवश्यक होगा। आगजनी की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए दुकानों में पर्याप्त मात्रा में पानी, फायर एक्सटिंग्यूशर, और रेत से भरी बाल्टियां उपलब्ध होनी चाहिएं।

एसडीएम ने स्पष्ट किया कि फायर क्रैकर्स स्टॉल लगाने के लिए संबंधित क्षेत्राधिकार के अनु-विभागीय मजिस्ट्रेट से लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। बिना लाइसेंस के ग्रीन पटाखों का स्टॉक और बिक्री की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार अमित कुमार, व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद, थाना प्रभारी रोहित कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लक्ष्मी दास नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक्स एंड क्रेडिट सोसायटीज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने

**अनंत ज्ञान, ऊना**



समाजसेवी और प्रसिद्ध बैंकर श्री लक्ष्मी दास को नैशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक्स एंड क्रेडिट सोसायटीज लिमिटेड का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। वह इस समय राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हिमाचलियों द्वारा संचालित कांगड़ा सहकारी बैंक लिमिटेड के चेयरमैन के पद पर कार्यरत हैं। नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक्स एंड क्रेडिट सोसायटीज लिमिटेड देश भर के 1600 अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक्स और 50000 क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटीज का शीर्ष संगठन है जोकि देश भर में अर्बन को-ऑपरेटिव बैंकों और क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटीज का मजबूत नेटवर्क स्थापित करता है ताकि बैंकिंग को आम आदमी तक पहुंचाया जा सके।

लक्ष्मी दास खादी और ग्रामोद्योग कमीशन मुंबई के अध्यक्ष रहे हैं। इसके अलाबा बह हिमाचल खादी ग्रामोद्योग फेडरेशन के चेयरमैन, हरिजन सेवक संघ के सचिव, गांधी स्मारक प्राकृतिक चिकित्सा समिति राजघाट दिल्ली के चेयरमैन, हिमाचल प्रदेश भूदान बोर्ड के सदस्य सचिव जैसे प्रतिष्ठित पदों पर तैनात रहे हैं। दिल्ली में कार्यरत हिमाचली संगठनों, हिमाचल सोशल बॉडीज फेडरेशन, हिमाचल कल्याण सभा, हिमाचल मंडी जन कल्याण सभा, ऊना सभा ने उनके चुनाव पर खुशी जाहिर करते हुए इसे हिमाचल के लिए ऐतिहासिक क्षण करार दिया है।

## पीएनबी ने शहीद दिलवर खान के परिवार को प्रदान किया एक करोड़ रुपए का बीमा लाभ

**अनंत ज्ञान, ऊना**



श्रीनगर में वीरगति प्राप्त शहीद दिलवर खान के परिवार को पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा 'पीएनबी रक्षक योजना' के तहत एक करोड़ रुपए का जीवन बीमा लाभ प्रदान किया गया। यह आर्थिक सहायता मंडल प्रमुख अरविंद सरोच और उपमंडल प्रमुख किशोर बाबू ने पीएनबी आरसेटी कार्यालय चंद्र लोक कॉलोनी ऊना में सोमवार को शहीद दिलवर खान की पत्नी जमीला को सौंपी। इस अवसर पर शहीद दिलवर खान के पिता कर्मदीन, माता भोलां बीबी और पुत्र जुनैद के अलावा जिला सैनिक बोर्ड के उप निदेशक सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल एसके कालिया और अग्रणी जिला प्रबंधक लहरी मल भी उपस्थित रहे।

ज्ञात रहे कि बंगाणा उपमंडल के घरवासड़ा गांव के सेना के जवान दिलवर खान 24 जुलाई 2024 को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकियों से संघर्ष करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। मंडल प्रमुख अरविंद सरोच ने कहा कि पंजाब नैशनल बैंक हमेशा अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करता है और भविष्य में भी अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करता रहेगा।

पीएनबी द्वारा चलाई जा रही 'पीएनबी रक्षक योजना' उन सैनिकों के लिए विशेष रूप से बनाई गई है जो देश की रक्षा करते हुए अपना जीवन समर्पित करते हैं। इस योजना के तहत, यदि किसी सैनिक की मृत्यु हो जाती है, तो उनके आश्रितों को बिना किसी औपचारिकता के 1 करोड़ रुपए का आर्थिक लाभ शीघ्र प्रदान किया जाता है। इसी योजना के अंतर्गत शहीद दिलवर खान की पत्नी को 1 करोड़ रुपए का चेक सौंपा गया।

# नन्हे वैज्ञानिकों ने विज्ञान मेले में एक से बढ़कर एक मॉडल किए पेश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय संतोषगढ़ में दो दिवसीय खंड स्तरीय 32वें बाल विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इस बाल विज्ञान मेले का शुभारंभ मुख्यातिथि के रूप में जिला शिक्षा उपनिदेशक सेकेंडरी राजेंद्र कौशल ने किया।

इस मौके पर विशेष रूप से उनके साथ मेजवान प्रिंसिपल उपेंद्र राणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मुख्यातिथि द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर एवं मेजवान स्कूल की छात्राओं द्वारा बंदे मातरम गीत गाकर की गई। कौशल ने विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है अत: प्रत्येक विद्यार्थी को वैज्ञानिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के युग में विज्ञान बहुत ज्यादा तरक्की कर रहा है जिसके चलते आज हम लोग चंद्रमा पर भी पहुंच कर आगामी जीवन को तलाश रहे हैं।

इस दौरान उन्होंने ऊना ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों से आए नन्हे वैज्ञानिकों के मॉडलों, क्विज प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का अवलोकन भी किया। इस मौके पर उन्होंने नन्हे वैज्ञानिकों को विज्ञान की बारीकियों के बारे में भी अवगत करवाया। प्रिंसिपल ने बताया कि इस विज्ञान मेले में जिला ऊना ब्लॉक के 50 स्कूलों के 300 नन्हे वैज्ञानिक हिस्सा लेकर अपना ज्ञान परख रहे हैं। उन्होंने बताया की इस विज्ञान मेले में वैज्ञानिक प्रश्नोत्तरी, विज्ञान माडल एवम मैथ्स ओलंपियाड आदि प्रतियोगिताएं करवाई जा रही है।

इस मौके पर मुख्यतिथि के अलावा प्रिंसिपल उपेंद्र राणा, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अवनीत सैनी, निर्णायक मंडल के सदस्य कुलदीप राज चंदेल, राजीव कुमार, मुनीश कुमार, विज्ञान अध्यापक सतिंद्र कौशल, प्रवक्ता सीमा शर्मा, प्रवक्ता अंजूबाला, प्रवक्ता ऋतु रतन, प्रवक्ता सुरेंद्र कुमार, प्रवक्ता मनोज कुमार,प्रवक्ता सुशील कुमार, विज्ञान अध्यापक विशालदीप, परवीन नेगी सहित अन्य विज्ञान अध्यापक उपस्थित रहे।



प्रदर्शनी के दौरान मॉडल को देखते छात्र और अध्यापक।



# एसडीएम सचिन शर्मा ने किया अंब बाजार का दौरा

**विवेक शर्मा, अंब**

अंब बाजार के दुकानदारों को प्रशासन ने चेताया कि जिन भी दुकानदारों का सामन सड़क के ऊपर लगा हुआ मिलेगा, उस दुकानदार का सामान प्रशासन द्वारा जब्त कर लिया जाएगा।

एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने दल-बल के साथ अंब बाजार का दौरा किया ओर दुकानदारों को फुटपाथ के ऊपर लगी दुकानों को हटाने के निर्देश दिए और कहा कि आज तो आपको समझाया जा रहा है, अगली बार आपका सामान प्रशासन द्वारा जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने फुटपाथ पर रेहड़ी-फड़ी लगाने वालों को भी आज चेतावनी देकर छोड़ दिया।

उन्होंने नगर पंचायत अंब के जेई को निर्देश दिए कि जिन दुकानदारों ने अपनी दुकान को फुटपाथ पर लगाया है और सड़क की तरफ छजा भी बढ़ाया है, उन सभी दुकानदारों को विभाग की तरफ से नोटिस दिया जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को भी निर्देश दिया कि फुटपाथ के दोनों तरफ किसी भी तरह से वाहन न खड़े करने दिए जाएं। उन्होंने बस अंब अड्डे का भी निरक्षण किया और वहां के दुकानदारों को भी चेताया कि बस अड्डे पर किसी भी तरह पार्किंग नहीं होनी चाहिए। थाना प्रभारी गौरव भारद्वाज को कहा कि पुलिस सख्ती से पेश आए।

इस मौके पर तहसीलदार प्रेम धीमान नायब तहसीलदार संजीव कुमार, दफ्तर कानूगो वीशर मोहम्मद, पटवारी निशांत आदि मौजूद रहे। इस मौके पर एसडीएम ने बताया कि प्रशासन की तरफ से सभी दुकानदारों को एक सप्ताह का समय दिया गया है और अगले सोमवार फिर बाजार का जायजा लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## उपायुक्त जतिन ने गैर-आवासीय प्रशिक्षण केंद्र गुगलैहड़ का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, ऊना**



गैर-आवासीय प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत उद्घाटन करने के बाद गणमान्य लोगों के साथ उपायुक्त।

उपायुक्त जतिन लाल ने सोमवार को गगरेट ब्लॉक के गुगलेहड़ में नवस्थापित गैर-आवासीय प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से बातचीत की और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं और यह सुनिश्चित करना हमारा प्रयास है कि उनकी खुशी और मुस्कान हमेशा कायम रहे।

उपायुक्त ने शिक्षा सुधार समिति ईसपुर द्वारा प्रवासी मजदूरों के बच्चों की शिक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से ऊना जिले में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले प्रवासी बच्चों की शिक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गैर आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की गई है। ये केंद्र इन बच्चों के शैक्षिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और उन्हें बेहतर भविष्य की ओर ले जा रहे हैं।

इस अवसर पर शिक्षा सुधार समिति के अध्यक्ष सीवी पाठक ने समिति की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 2006 से समिति प्रवासी मजदूरों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। साथ ही, उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न स्कूलों में रिक्त अध्यापक पदों के लिए समिति ने 42 अध्यापकों की नियुक्ति सुनिश्चित की है।

इससे पहले, उपायुक्त जतिन लाल ने स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय हरोली का निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षा सुधार समिति के महासचिव सुच्चा सिंह कंग ने पुस्तकालय में किताबों, बिजली और पानी की समस्याओं की जानकारी दी। उपायुक्त ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, प्रधान उपनिश पाल, सुरेश जेटली आदि उपस्थित रहे।




**सरोकार** — 'सामर्थ्य' के माध्यम से ग्रामीण समाज में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ानी है जागरूकता

# 'सामर्थ्य' के तहत पंचायतों में लगेंगे निशुल्क योग शिविर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला प्रशासन ऊना ने अपनी विशेष पहल 'सामर्थ्य' को नव-विस्तार देते हुए इसके अंतर्गत जिले की प्रत्येक पंचायत में सात दिवसीय निशुल्क योग शिविरों के आयोजन का उपक्रम जोड़ा है। 'योग अपनाएं, रोगमुक्त समाज बनाएं' के उद्घोष के साथ आरंभ की गई। इस नवीन पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। यह शिविर जिला आयुष विभाग के सहयोग से आयोजित किए जाएंगे, जहां अनुभवी योग प्रशिक्षक योगासन, प्राणायाम और ध्यान की शिक्षा देंगे।

उपायुक्त एवं जिला रैडक्रॉस सोसायटी ऊना के अध्यक्ष जतिन लाल ने बताया कि 'सामर्थ्य' के माध्यम से ग्रामीण समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। इन शिविरों का आयोजन जिले की सभी ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थलों पर किया जाएगा, जहां लोगों को योगाभ्यास कराकर उसके लाभों से अवगत कराया जाएगा। पंचायत प्रधानों को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वे बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करें और महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित करें।



एनएसएस की वार्षिक कार्यशाला में उपस्थित गणमान्य।

जिले की प्रत्येक पंचायत में योग शिविर में प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा योगासन, प्राणायाम और ध्यान के सत्र होंगे, जो सभी आयु वर्ग के लिए उपयुक्त रहेंगे। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इन सत्रों में भाग ले सकते हैं। योग के लाभों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ये सत्र पूर्णतः निशुल्क होंगे। प्रत्येक पंचायत में सात दिनों तक प्रतिदिन एक घंटे का योग सत्र आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त ने जिला पंचायत अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारियों, पंचायत प्रधानों और आयुष विभाग के अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे आपसी समन्वय से अपने-अपने क्षेत्रों में योग शिविरों का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। आयुष विभाग द्वारा तिथियों और समय की सूचना पंचायतवार दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि नियमित योगाभ्यास शारीरिक और मानसिक तनाव से मुक्ति, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, मानसिक शांति और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में सुधार, साथ ही शारीरिक लचीलापन और सहनशक्ति में वृद्धि में सहायक होता है। शिविर आयोजन संबंधी अधिक जानकारी के लिए ग्रामवासी अपने पंचायत कार्यालय या उपायुक्त कार्यालय, ऊना में कक्ष संख्या 413 में संपर्क कर सकते हैं।

### स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण है लक्ष्य

**उपायुक्त** ने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और इसके नियमित अभ्यास से हम कई रोगों से बच सकते हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि योग के माध्यम से लोगों के जीवन को समृद्ध बनाया जाए और एक स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### रंगोली प्रतियोगिता में कुल्लू कॉलेज दूसरे स्थान पर



**कुल्लू।** युवा महोत्सव गुप-1 में कुल्लू कॉलेज के विद्यार्थियों को रंगोली प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करने में सफलता मिली है। बिलासपुर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में कुल्लू कॉलेज के 12 विद्यार्थियों ने वाद-विवाद, भाषण, रंगोली, कार्टूनिंग, पोस्टर मेकिंग, कोलाज, पेंटिंग, क्विज और फोटोग्राफी में भाग लिया था। प्रॉचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने बताया कि सुनीता सोनी ने शानदार रंगोली बनाई, जिसे द्वितीय पुरस्कार मिला है। प्रॉचार्य ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### बजंतरी कल्याण संघ ने सीएम का जताया आभार



**मनाली।** देव भूमि बजंतरी कल्याण संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू सहित दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर का आभार जताया है। देव भूमि बजंतरी कल्याण संघ कुल्लू के अध्यक्ष मेहर चंद ने कहा कि बजंतरियों के मानदेय में 20 प्रतिशत की वृद्धि से संघ गदगद है। संघ ने मुख्यमंत्री के साथ दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर का आभार जताया है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि आगे भी प्रदेश सरकार व दशहरा कमेटी का बजंतरियों को इसी तरह से सहयोग मिलता रहेगा।

### समृद्धि विषय पर करवाई चित्रकला प्रतियोगिता



**कुल्लू।** एनएचपीसी पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-दो की ओर से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनएचपीसी चरण के सत्यनिष्ठा क्लब ने सोमवार को विभिन्न सतर्कता प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, नगवाईं में सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। इस अवसर पर परियोजना सतर्कता अधिकारी रवि कुमार व पाठशाला के अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

### आज से होगा राष्ट्र स्तरीय सरस मेला

**कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव (देव समागम) जहां संपन्न हो चुका है और कुल्लू में अब व्यापारिक मेले का आयोजन हो रहा है। वहीं, इस बार पहली बार दशहरा उत्सव के दौरान कुल्लू के रथ मैदान में राष्ट्रीय स्तरीय सरस मेला भी आयोजित किया जा रहा है। 10 दिवसीय इस मेले का मंगलवार को सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर शुभारंभ करेंगे। इस मेले में लोग हस्तनिर्मित उत्पादों की खरीददारी कर सकेंगे। सरस मेले में देश के अलावा हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों से आए स्वयं सहायता समूहों की ओर से हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगे। रथ मैदान में 61 के करीब स्टॉल लगे हैं, जहां पर 10 दिनों तक विभिन्न तरह के व्यंजनों के अलावा हस्तनिर्मित उत्पाद मिलेंगे। हस्तकला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दशहरे के बाद सरस मेला आयोजित किया जा रहा है। इन दिनों ढालपुर मैदान में सामान की खरीददारी के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग उमड़ रहे हैं। सरस मेले के लिए प्रदर्शनी मैदान चुना गया है, यहां देशभर के हस्तशिल्पी जुट चुके हैं। सोमवार से सरस मेले का शुभारंभ होना था, लेकिन पहले दिन दुकानदार अपनी दुकानें सजाने में ही व्यस्त रहे। अब मंगलवार को इसका विधिवत शुभारंभ होगा। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) की परियोजना अधिकारी डॉ. जयवंती ने बताया कि 30 तक चलने वाले 10 दिवसीय इस राष्ट्रीय स्तर के इस मेले का शुभारंभ मंगलवार को सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर करेंगे। उन्होंने जिले के लोगों से अपील की है कि इस अनूठे मेले का जरूर हिस्सा बनें और विभागों व अन्य समूहों के कार्यों की भी सराहना करें। लिहाजा, कुल्लू में इस बार देश, दुनिया से आए लोगों के अलावा स्थानीय लोगों को दशहरा के दौरान बहुत कुछ नया देखने को मिल रहा है और लोग व्यापारिक मेले के अलावा अब राष्ट्रीय स्तर के सरस मेले में भी जमकर खरीदारी करेंगे।



पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन कुल्लू में पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन के नेतृत्व में शहीद पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव चौहान और उपपुलिस अधीक्षक राजेश कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# व्यापारिक मेले में शॉपिंग का क्रेज, उमड़ रहे लोग

## 50 से लेकर 5000 तक के गर्म कपड़ों की हो रही खरीददारी, व्यापारियों के खिले चेहरे

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के बाद सजे व्यापारिक मेले में गर्म कपड़ों की हर दिन खूब खरीददारी हो रही है।

सर्दियों के मौसम का आगाज हो चुका है और सुबह व शाम के समय ठंड भी बढ़ गई है इसी के चलते कुल्लू के अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव खत्म होने के बाद सजी इन दुकानों में सबसे अधिक व्यापार गर्म कपड़ों का हो रहा है। कुल्लू के खेल मैदान में लगी फल्ली मार्केट में हर रोज लाखों रुपए का कारोबार हो रहा है और शहरवासियों से लेकर दुर्गम क्षेत्र व जनजातीय क्षेत्रों के लोग गर्म कपड़ों की खरीददारी करने में मशगूल हैं। हर वर्ष दशहरा उत्सव में सजी विभिन्न अस्थायी दुकानों और डोम में जहां करोड़ों रुपए का कारोबार होता है। वहीं, खेल मैदान में सजी इस मार्केट में बाहरी राज्यों के व्यापारी दीपावली तक करोड़ों रुपए का कारोबार कर खूब चांदी कूटते हैं। इस मार्केट की खासियत यह है कि यहां पर 50 से लेकर 5000 हजार तक की जैकेट व स्वेटर उपलब्ध हैं और हर साल लोग यहां से पूरे साल के लिए गर्म कपड़ों की खरीददारी करते हैं।



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के समापन के बाद कुल्लू में सजे व्यापारिक मेले में गर्म व सस्ते कपड़ों की खरीददारी करने में व्यस्त लोग।

कुल्लू के साथ लगते जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति व पांगी व मंडी के लोग सबसे अधिक खरीददारी इसी मार्केट में करते हैं और पूरी सर्दियों में इस्तेमाल होने वाले गर्म कपड़ों से लेकर अन्य दुकानों में बर्तन, तंदूर, स्वेटर, जुराबें, जूता मार्केट से जूते सहित अन्य सामान खरीदते हैं। कबाड़ मार्केट में पिछले लगभग 10-15 सालों से दुकान लगाने वाले डेविल, दिल्ली के महेश व यूपी के मोहम्मद व अन्य व्यापारियों ने बताया कि कुल्लू दशहरा उत्सव के खत्म होने के बाद ही यहां पर व्यापार में उछाल आया है।

पूरे प्रदेश में और जगह भी कई मेले लगते हैं, लेकिन अकेले कुल्लू में ही गर्म कपड़ों की इतनी अधिक मात्रा में खरीददारी होती है। हालांकि हर वर्ष व्यापारियों को पीपल मेले व दशहरा उत्सव में प्लॉट के दाम में बढ़ोतरी हो रही है, जिसके चलते शुरू-शुरू में व्यापारियों को थोड़ी परेशानी झेलनी पड़ती है, लेकिन उत्सव के संपन्न होने के बाद दीपावली तक हर रोज फल्ली मार्केट में खरीददारी करने के लिए लोगों का खूब हुजूम उमड़ता है। उनके अनुसार इस मार्केट में बड़े से बड़ा अधिकारी और छोटे से छोटा गरीब सब व्यक्ति खरीददारी करने पहुंच रहे हैं। अब एक-दो दिनों से व्यापार में इजाफा हो रहा है और अब धनतेरस और दीपावली में और अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। लिहाजा, डोम से लेकर फल्ली मार्केट, जूता मार्केट, मीना बाजार सहित अन्य स्थान ग्राहकों से खचाखच भरे हुए हैं और लोग 20 से लेकर हजारों रुपए तक का सामान खरीदने में मशगूल हैं। (अनंत ज्ञान)

### बेसब्री से करते हैं लोग इंतजार

कुल्लू सहित लाहौल-स्पीति, पांगी व कुल्लू के साथ सटे मंडी के भी दूरदराज क्षेत्र के लोग यहां पर सर्दियों के लिए गर्म कपड़ों के अलावा अन्य सामान की खरीददारी करते हैं। सालभर खेतों व बगीचों में मेहनत करने के बाद फसलें व सेब सहित अन्य उत्पाद बेचकर एक-एक पैसा जोड़ते हैं और इस उत्सव का बेसब्री से इंतजार करते हैं, ताकि सस्ते दामों में सालभर के लिए जरूरत का हर सामान एक ही जगह आसानी से खरीद सकें। धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक व आर्थिक जरूरतों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के आर्थिक पक्ष पर यदि गौर करें, तो देखा जा सकता है कि देश के विभिन्न हिस्सों से छोटे-बड़े व्यापारी नई-नई चीजें लेकर यहां आते हैं।

## पर्वतों के संरक्षण में जैव विविधता की अहम भूमिका : मनदीप

**कुल्लू।** कुल्लू कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। पर्वतीय पारिस्थितिक तंत्र जैव विविधिता केंद्रीय विषयक संगोष्ठी में दो दिनों तक जैव विविधता पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में प्रॉचार्य डॉ. मनदीप शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पर्वतों के संरक्षण में जैव विविधता की अहम भूमिका है।

डॉ. मनदीप ने पर्वतीय क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित योजनाबद्ध विकास पर जोर दिया तथा मानव जीवन में पर्वतों के महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. एसएस सामंत बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। उन्होंने हिमालय पारिस्थितिक तंत्र को बचाने के लिए इसके संरक्षण और संवर्धन पर जोर दिया। राष्ट्रीय संगोष्ठी का प्रथम सत्र हिमालय क्षेत्र की जैव विविधता की मौजूदा स्थिति पर केंद्रीत रहा, जिसमें सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नीलम ठाकुर और स्टेट बायोडायर्वसिटी बोर्ड, शिमला के समन्वयक डॉ. एमएल ने व्याख्यान दिया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 55 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया है।

## रैली व जनसंपर्क अभियान के माध्यम से करेंगे जागरूक

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नग्गर में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ एसएमसी प्रधान रूम सिंह ठाकुर ने किया। इस विशेष शिविर में 25 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं, जिसमें 15 छात्राएं व 10 छात्र हैं, जो सात दिनों तक दिन-रात विद्यालय परिसर में ही ठहरेंगे। एसएमसी प्रधान रूम सिंह ठाकुर ने स्वयंसेवियों को जागरूक करते हुए कहा कि ऐसे शिविर से विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविकताओं को सीखने में सहायता मिलती है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राधनाचार्य मनोज कुमार, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी मेहर सिंह,




महिला कार्यक्रम अधिकारी जयोति किरण शामिल हुए। कार्यक्रम अधिकारी मेहर सिंह ने कहा कि इस शिविर के दौरान स्वयंसेवी एनएसएस इकाई द्वारा गोद लिए गांव नगगर में परियोजना कार्य करेंगे और लोगों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशा निषेध व बेटी पढ़ओ के बारे में रैली व जनसंपर्क अभियान के माध्यम से जागरूक करेंगे।

### भुंतर सुधार समिति ने जंगल की बाउंड्री से सूखी घास हटाकर आग लगने के जोखिम को किया कम

## भूईन ठेला के जंगल में लिया आग बुझाने का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

भुंतर सुधार समिति पर्यावरण संरक्षण को लेकर बहुत ही नेक कार्य कर रही है। समिति के सदस्यों ने वन विभाग के साथ मिलकर भूईन-ठेला बीट के जंगल की बाउंड्री के चारों ओर से सूखी घास को नष्ट कर आग लगने के जोखिम को कम किया। इस एरिया में वन विभाग व भुंतर सुधार समिति की टीम ने काफी प्लांटेशन की है।

इस एरिया में आग लगने का खतरा बहुत ज्यादा रहता है। इसलिए वन विभाग ने भुंतर सुधार समिति के साथ मिलकर सुखी घास को जंगल की बाउंड्री से हटा दिया, ताकि नीचे से अगर अचानक आग लग भी जाए, तो वह जंगल की ओर न बढ़े। सुखी घास को हटाने से आग जंगल की तरफ नहीं



भुंतर सुधार समिति के सदस्य भूईन ठेला के जंगल में आग बुझाने का प्रशिक्षण लेते हुए।

फैलेगी। वन विभाग व समिति के मेंबरों ने बाउंड्री की सूखी घास को बड़ी सूझबूझ व सतर्कता के साथ आग लगाकर नष्ट किया। बात दें कि वनों को आग से बचाने की मुहिम में बाउंड्री से सूखी घास को सतर्कता के साथ समाप्त किया जा रहा है। भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ कश्यप ने कहा कि वनों को बचाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए, अगर अचानक किसी कारण से वनों में आग लग भी जाए, तो उसे बुझाने में सभी को मिलकर वन विभाग वालों का सहयोग करना चाहिए। नजदीकी पंचायत, महिला मंडलों और युवक मंडलों व सामाजिक संगठनों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। वनों को आग लगने से बहुत नुकसान होता है।

जीव जंतुओं सहित वनस्पति का भी नुकसान होता है। उन्होंने भुंतर के आसपास इलाके की जनता से आग्रह किया कि वन विभाग का जंगलों को आग से बचाने में सहयोग करें और पौधरोपण में भी स्थानीय लोग आगे आएं। पर्यावरण को बचाने के लिए भुंतर सुधार समिति पौधरोपण के साथ पौधों को बचाने में अपनी सराहनीय भूमिका निभा रही है। जंगलों को आग से बचाने की कोशिश के साथ समिति के मेंबरों को वन विभाग से आग बुझाने का प्रशिक्षण भी मिल रहा है।

## आनी स्कूल वरिष्ठ वर्ग प्रश्नोत्तरी में विजेता

**अनंत ज्ञान, आनी**

पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में उपमंडल स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें आनी खंड के सरकारी तथा निजी पाठशालाओं के 160 से भी अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर उपनिदेशक उच्चतर शिक्षा जिला कुल्लू अमर चंद चौहान बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता प्रवक्ता कुंदन शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ तथा पाठशाला प्रभारी श्यामानंद तथा खंड बाल विज्ञान सम्मेलन प्रभारी धर्मेंद्र वर्मा और सह प्रभारी सतीश कुमार ने मुख्यातिथि तथा विशिष्टातिथि को टोपी, मफलर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मेलन में प्रश्नोत्तरी में कनिष्ठ वर्ग में 28, वरिष्ठ वर्ग में 22 तथा वरिष्ठ माध्यमिक वर्ग में 4 पाठशालाओं ने भाग लिया। कनिष्ठ वर्ग में कराना ने प्रथम, एचएमएस आनी ने द्वितीय तथा एलपीएस आनी



पीएम श्री विद्यालय आनी में उपमंडल स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन के दौरान गणमान्य लोग।

ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी वरिष्ठ वर्ग में एचएमएस आनी ने प्रथम, एलपीएस चबाई ने द्वितीय तथा एसवीएम आनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी वरिष्ठ माध्यमिक वर्ग में आनी स्कूल ने प्रथम, दलाश ने द्वितीय तथा एचएमएस आनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

गणित ओलंपियाड में कनिष्ठ वर्ग में 17, वरिष्ठ वर्ग में 16 तथा वरिष्ठ माध्यमिक वर्ग में 6 पाठशालाओं ने भाग लिया, जिसमें कनिष्ठ वर्ग में एचएमएस आनी ने प्रथम, आनी ने द्वितीय तथा एसवीएम आनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में आनी ने प्रथम, कन्या विद्यालय आनी ने द्वितीय तथा एलपीएस चबाई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ माध्यमिक वर्ग में आनी ने प्रथम , एचएमएस आनी ने द्वितीय तथा दलाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नवाचारी मॉडल प्रदर्शनी में कनिष्ठ वर्ग में 5 तथा वरिष्ठ वर्ग में 8 पाठशालाओं ने भाग लिया, जिसमें कनिष्ठ वर्ग में जीएमएस गरहना ने प्रथम, एचएमएस आनी ने द्वितीय तथा दलाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशिष्ट अतिथि ने अपने संदेश में विद्यार्थियों से चिंतन करने तथा नवाचारी सोच विकसित करने की अपील की। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों से सकारात्मक प्रतियोगिता की भावना से आगे बढ़ने का संदेश दिया।

## अब भुंतरवासियों को नहीं झेलनी पड़ेगी पेयजल की किल्लत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भुंतर में अब पेयजल की किल्लत नहीं रहेगी। भुंतर की जनता को अब 24 घंटे पानी उपलब्ध होगा। अमृत योजना चरण-दो के तहत भुंतर शहर के लिए 24 घंटे पानी उपलब्ध करवाने वाली पेयजल योजना का काम अब जल्द शुरू होने वाला है।

बजट मंजूर होने के बाद पेयजल योजना को तकनीकी मंजूरी मिल चुकी है। भुंतर शहर की इस पेयजल योजना पर 22 करोड़ खर्च किए जाएंगे। वर्ष-2023 में जल शक्ति विभाग की ओर से इसका प्रपोजल बनाकर केंद्र सरकार को मंजूरी के लिए भेजा था, जिसे अब केंद्र की ओर से मंजूरी मिल चुकी है, अब जल्द ही पेयजल योजना का काम टेंडर लगने के बाद शुरू होगा। अमृत योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर राशि जारी की जाती है।

### 15,000 की आबादी होगी लाभान्वित

**अमृत-2.0** योजना के अंतर्गत भुंतर के लिए 22 करोड़ रुपए से पेयजल आपूर्ति योजना से करीब 15000 की आबादी लाभान्वित होगी। नगर पंचायत भुंतर के तहत कुल सात वार्ड आते हैं। भुंतर शहर के इन वार्डों की जनता को पेयजल योजना की सुविधा मिलेगी।

### जल्द शुरू होगी 24 घंटे पानी उपलब्ध करवाने वाली योजना

अमृत योजना के पहले चरण में कुल्लू शहर को 24 घंटे पानी की सुविधा मिली थी। कुल्लू में करोड़ों की राशि पेयजल योजना पर खर्च हुई है। पेयजल योजना से भुंतर शहर में लोगों को खासकर गर्मियों के दौरान पेयजल की दिक्कत नहीं सताएगी। भुंतर शहर में आबादी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में यहां पर पानी की मांग बढ़ रही है। दूसरी ओर भुंतर में लोग अब इस इंतजार में हैं कि कब पेयजल योजना का काम शुरू हो और लोगों को 24 घंटे पानी मिले।

### टेंडर करने के बाद शुरू किया जाएगा काम

"भुंतर शहर की अमृत योजना चरण-2 के तहत बनने वाली पेयजल योजना को तकनीकी मंजूरी मिल चुकी है। बजट स्वीकृति होने के बाद अब इसका टेंडर करने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। पेयजल योजना का भुंतर शहर की जनता को लाभ मिलेगा।

**इंद्र ठाकुर, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग।**

## मापतोल यंत्रों के सत्यापन का कार्य शुरू

**पतलीकूहल।** जिला मापतोल विभाग की ओर से पतलीकूहल शिव मंदिर परिसर में दुकानदारों के माप-तोल यंत्रों के सत्यापन का वार्षिक कैंप शुरू हो गया है। जानकारी देते हुए माप-तोल निरीक्षक सुनीता महंत ने बताया कि वर्ष में एक बार विभाग की ओर से दुकानदारों के मापतोल यंत्रों जैसे वेइंग स्केल, तराजू, लीटर आदि का निरीक्षण कर सत्यापन किया जाता है, ताकि उपभोक्ताओं के अधिकार सुरक्षित रह सकें। पतलीकूहल में यह कैंप शुक्रवार 25 तक जारी रहेगा। उन्होंने आसपास के सभी व्यापारी से कहा कि सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक शिव मंदिर परिसर पतलीकूहल में आकर अपने-अपने मापतोल यंत्रों का सत्यापन करवा सकते हैं।

## प्रशासन की तरफ से सहायता करने के लिए हम हमेशा तैयार : बीजू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हर वर्ष की तरह, इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव में टीम सहभागिता ने अपनी अटूट निष्ठा और सेवाभाव से जिला प्रशासन और पुलिस विभाग का भरपूर सहयोग किया। इस भव्य आयोजन में टीम के सदस्यों ने भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और जनसुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक निभाते हुए उत्सव को सुचारु रूप से संपन्न करवाने में अपनी अमूल्य सेवाएं दीं।

टीम सहभागिता के अध्यक्ष बीजू हिमदल ने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को सहयोग



टीम सहभागिता एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन के साथ।

करना हमारी हमेशा ही प्राथमिकता रहा है। उसी उद्देश्य से इस दशहरा उत्सव में भी हमारी टीम के 77 राष्ट्रीय सेवा योजना कुल्लू कॉलेज के 49 सदस्यों ने उपाध्यक्ष राज सिंघानिया के नेतृत्व में दिन-रात जमकर जनता की सेवा की। इस दौरान स्वयंसेवकों ने अपने कौशल और अनुशासन का उत्कृष्ट परिचय दिया, जिससे पुलिस प्रशासन और जिला अधिकारियों को बड़ी राहत मिली। उनके अथक प्रयासों के कारण न केवल यातायात व्यवस्था सुचारु रही, बल्कि भीड़ का प्रबंधन भी कुशलता से किया गया। हर वर्ष की तरह इस बार भी उत्सव में लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक शामिल हुए। ऐसे में यातायात और सुरक्षा संबंधी चुनौतियां अधिक बढ़ गई थीं।

इसके बावजूद टीम सहभागिता ने अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया और हर दिन कुछ नया सीखने व सिखाने का अवसर पाया। भीड़ प्रबंधन में अनुभव हासिल कर चुके स्वयंसेवकों ने पुलिस बल के साथ मिलकर मेला स्थल के विभिन्न क्षेत्रों में भीड़ को नियंत्रित किया। इसका परिणाम यह हुआ कि इस बार का दशहरा उत्सव बिना किसी अव्यवस्था या दुर्घटना के सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। टीम सहभागिता की भूमिका केवल भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन तक सीमित नहीं थी। उन्होंने उत्सव के दौरान विभिन्न सामाजिक जागरूकता अभियानों में भी भाग लिया।

विशेष रूप से, स्वयंसेवकों ने एकल-प्रयोग प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोकथाम के लिए दुकानदारों और जनता के बीच जागरूकता अभियान चलाया। टीम सहभागिता को सेवा का अवसर देने के लिए अध्यक्ष बीजू एवं उपाध्यक्ष राज ने डीसी एवं पुलिस अधीक्षक का विशेष तौर पर आभार जताया।


**लाटरी ड्रॉ** जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने कलाकेंद्र में निकाला रेफरल ड्रॉ, डीसी कुल्लू की अध्यक्षता में किया गया ड्रॉ का शुभारंभ

# टिकट नंबर-009216 ने ड्रॉ में जीती कार, 012652 को रॉयल एनफील्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला मुख्यालय स्थित लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र में रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से रेफरल ड्रॉ निकाला गया।

इसमें कार, मोटरसाइकिल सहित अन्य इनाम निकले। दशहरे से पहले रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से लॉटरी टिकट जारी किए गए थे। डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष तोरुल एस रवीश ने






कलाकेंद्र में निकाले रेफरल ड्रॉ की सूची (दाएं) प्रथम आए नंबर को दिखाती हुई डीसी कुल्लू।

लाटरी ड्रॉ का शुभारंभ किया। कलाकेंद्र में काफी अधिक संख्या में लोग मौजूद रहे। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव में जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू द्वारा लाल चंद्र प्रार्थी कलाकेंद्र में 201 इनाम निकाले गए हैं। डीसी कुल्लू तोरुल रवीश की मौजूदगी में ये सभी इनाम के ड्रॉ निकाले गए। सनद रहे कि रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इनाम के ड्रॉ निकाले गए हैं।

इस ड्रॉ में पहला इनाम टिकट नंबर-009216 को लॉटरी में कार, इस ड्रा में दूसरा इनाम नंबर टिकट 012652 को रॉयल एनफील्ड, इस ड्रॉ में तीसरा परायिज टिकट नंबर 035705 को स्कूटी मिली है। इसके इलावा 2 टिकट पर लैपटॉप और 2 टिकट पर वाशिंग मशीन, 4 टिकट पर मोबाइल फोन, 5 ब्लुटूथ स्पीकर, 10 टिकट पर बाइसाइकिल, 20 टिकट पर माइक्रोवेव, 30 टिकट पर बजाज मिक्सर और 125 लोगों को 2-2 हजार के इनाम निकले हैं। इस तरह इस लॉटरी ड्रॉ में कुल 201 ईनाम निकाले। डीसी ने बताया कि दशहरा उत्सव पर इस वर्ष भी जिला रेडक्रॉस सोसायटी की तरफ से लॉटरी ड्रॉ में 201 इनाम निकाले गए हैं। लोगों ने रेडक्रॉस सोसायटी की लॉटरी में उत्साह दिखाया। जिला रोड को सोसायटी के ऑफिस से सभी लॉटरी ड्रॉ के विजेता 20 नवंबर तक अपने इनाम हासिल करें।



# किसानों ने धान की धीमी खरीद के विरोध में राजमार्ग किया जाम

एजेंसी, फगवाड़ा

भारती किसान यूनियन (दोआबा) के बैनर तले किसानों ने पंजाब में धान की ''धीमी'' खरीद के विरोध में सोमवार को यहां एक चीनी मिल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के एक हिस्से को अनिश्चितकाल के लिए अवरुद्ध कर दिया।



यूनियन के अध्यक्ष मंजीत सिंह राय के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी किसान राजमार्ग पर बैठ गए जिससे फगवाड़ा-नकोदर और जालंधर-लुधियाना मार्ग अवरुद्ध हो गए। जिला प्रशासन ने जालंधर की ओर से आने वाले यातायात को मेहली-बंगा-खोथरां मार्ग से गोराया की ओर मोड़ दिया। लुधियाना की ओर से आने वाले वाहनों का भी मार्ग बदल दिया गया। किसान नेता सतनाम सिंह साहनी ने कहा, ''हमारा धान न तो खरीदा गया और न ही मंडियों से उठाया गया। हम अपनी बात साबित करने के लिए बड़ी संख्या में बिना बिके धान से लदी ट्रॉली लेकर आए हैं। जब तक सभी मंडियों में धान की खरीद शुरू नहीं हो जाती, हम नाकाबंदी जारी रखेंगे।'' त्योहारों के समय किसानों के इस कदम के कारण यात्रियों को हुई असुविधा के लिए माफी मांगते हुए साहनी ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकारों ने उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर किया है। साहनी ने बताया कि एंबुलेंस और स्कूली बच्चों को गुजरने की अनुमति दी जा रही है। कपूरथला की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वत्सला गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी स्थिति पर नजर रखने के लिए मौके पर डेरा डाले हुए हैं।

## राज्यपाल कटारिया ने टेका माथा



जगदीश शर्मा, चंडीगढ़ : पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने परिवार के साथ शिव मंदिर सेक्टर 8सी में माथा टेका। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लकी अध्यक्ष ने राज्यपाल का स्वागत किया।

## शिवानंद चौबे मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से रक्तदान शिविर 26 को

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़

शिवानंद चौबे मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 26 अक्तूबर को रोटरी एंड ब्लड बैंक सोसायटी रिसोर्स सेंटर, सेक्टर 37 चंडीगढ़ में 68वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संजय कुमार चौबे ने समस्त नारीशक्ति, देवतुल्य रक्तदाताओं, युवाओं तथा शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं से निवेदन किया कि इस नेक काम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले और किसी की अमूल्य जिंदगी बचाने में अपने सामाजिक भागीदारी का निर्बहन करे। (अनंत ज्ञान)

## आज होने वाली 'पीटीएम' में 20 लाख अभिभावकों के शामिल होने की उम्मीद

एजेंसी, चंडीगढ़

पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने सोमवार को कहा कि प्रदेश में लगभग 20,000 सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के 20 लाख से अधिक अभिभावकों के विशाल अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) में भाग लेने की उम्मीद है। यह बैठक मंगलवार को होगी।

बैंस ने कहा कि 'पीटीएम' शिक्षकों और अभिभावकों के बीच सार्थक संवाद की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे वे विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उनके व्यवहार और स्कूल के अंदर व बाहर समग्र विकास के बारे में जानकारियां साझा कर सकेंगे। मंत्री ने कहा कि 'पीटीएम' राज्य भर के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक सरकारी विद्यालयों में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसमें शिक्षक सितंबर के परीक्षा परिणामों को अभिभावकों के साथ साझा करेंगे और बच्चों के व्यक्तिगत प्रदर्शन पर भी चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को विद्यालयों में सुविधाओं का मूल्यांकन करने और अपने बच्चों की शिक्षा के बारे में अपनी चिंताओं व सुझावों को जाहिर करने का अवसर भी मिलेगा।



**'पीटीएम' सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक सरकारी विद्यालयों में आयोजित की जाएगी : बैंस**

बैंस ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान भी इस विशाल 'पीटीएम' में भाग लेने वाले हैं।

## उत्तराखंड में बढ़ाए गए पुलिसकर्मियों के भत्ते

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों के आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए आवंटित करने तथा उनके आहार भत्ते में प्रतिमाह 100 रुपए की बढ़ोतरी करने सहित चार घोषणाएं कीं।

यहां पुलिस लाइन देहरादून में शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के बाद अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने नौ हजार फुट से अधिक ऊंचाई पर रहने वाले कार्मिकों के लिए उच्च तुंगता भत्ते को बढ़ाकर 300 रुपए प्रतिदिन करने तथा पुलिस निरीक्षकों और सहायक उप निरीक्षकों के वर्दी भत्ते में 3500 रुपए की वृद्धि करने की घोषणा की।

इस मौके पर उन्होंने अपनी जान न्यौछावर करने वाले पुलिस जवानों के परिजनों को भी सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### आबकारी विभाग ने बार/क्लबों पर की छापेमारी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** कम उम्र में शराब पीने वालों को रोकने के लिए आबकारी विभाग जिला मोहाली ने बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है। बीती रात मोहाली जिले के कई बार/क्लबों की जांच की गई। इस उद्देश्य के लिए, विभिन्न टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने मोहाली और जीरकपुर में कई बार और क्लबों पर छापेमारी की। इसके परिणामस्वरूप मानदंडों का उल्लंघन करने वाले तीन बार/क्लबों का चालान किया गया है। सहायक आबकारी आयुक्त (आबकारी) अशोक ने बीती रात की कार्रवाई का ब्यौरा देते हुए बताया कि आबकारी विभाग की टीम ने आबकारी निरीक्षकों गुरिंदरपाल, विकास भटेजा और गुरप्रीत सिंह के नेतृत्व में मोहाली शहर और जीरकपुर क्षेत्र में क्लबों और बार में छापेमारी की। मोहाली के सेक्टर-79 में छापेमारी के दौरान निर्धारित आयु से कम के लोगों को शराब परोसने के 3 चालान किए गए। एक बार पर शराब परोसने के लिए 25 वर्ष से कम आयु के वेटरों को तैनात करने का भी आरोप लगा। तीन बार के लाइसेंस भी सात दिनों के लिए निलंबित कर दिए गए और शेष बारों पर 1 लाख 35 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इन मानदंडों का उल्लंघन करने तथा राज्य के राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)



### आजम खान की ट्रांसफर याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान की ओर से दायर ट्रांसफर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। आजम खान ने अपनी याचिका में उत्तर प्रदेश में चल रहे सभी मुकदमों का ट्रायल राज्य से बाहर कराने की मांग की है। उनका मानना है कि यूपी में उनके खिलाफ इतने मुकदमे दर्ज हैं कि उन्हें यहां निष्पक्ष न्याय मिलने की संभावना नहीं है।



### बेंगलुरु में बारिश से जनजीवन प्रभावित, स्कूल बंद

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सोमवार सुबह भारी बारिश होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया, जिसके कारण स्कूल दिनभर के लिए बंद रहे। भारी बारिश के कारण कार्यालय जाने वाले लोगों व यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। बारिश और जलभराव के कारण, बेंगलुरु शहरी जिला प्रशासन ने शहर में स्कूली बच्चों और किंडरगार्टन के लिए अवकाश घोषित कर दिया है। बेंगलुरु यातायात पुलिस विभाग ने वड्डारापाल्या जंक्शन पर जलभराव और बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर वाहनों की धीमी गति के बारे में अलर्ट जारी किया है।



### वात्सल्य गोशाला में आई सबसे छोटी पुंगनूर गाय

**मथुरा।** विश्व में सबसे छोटे कद की पुंगनूर गाय अब मथुरा में वात्सल्य ग्राम की कामधेनु गोशाला में आ गई है। गाय अब तक मथुरा की किसी गोशाला या निजी व्यक्ति के पास नहीं थी। वात्सल्य ग्राम की अधिष्ठात्री साध्वी ऋतंभरा ने बताया कि पुंगनूर गाय विश्व की सबसे छोटी प्रजाति की गाय है। दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के पुंगनूर शहर में पाई जाने वाली इस गाय का नाम इसके शहर पुंगनूर पर पड़ा है। इस गाय की औसत लंबाई दो से ढाई फीट तक होती है। इसके दूध में अन्य गायों की अपेक्षा वसा की मात्रा अधिक होती है।



## कश्मीर आतंकी हमला

# पंजाब के गुरमीत सिंह को पत्नी से बात करते समय लगी गोली

एजेंसी, चंडीगढ़

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आतंकवादी हमले में मारे गए सात लोगों में से एक गुरमीत सिंह को आतंकियों की गोली उस समय लगी जब वह अपनी पत्नी से फोन पर बात कर रहे थे।

यह जानकारी उनके पिता ने सोमवार को दी। रविवार को गुंड में एक निर्माणाधीन सुरंग पर हुए आतंकवादी हमले में कश्मीर के एक चिकित्सक और छह गैर-स्थानीय मजदूरों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। गुरमीत सिंह (45) पंजाब के गुरदासपुर जिले के सखोवाल गांव के रहने वाले थे और एक कंपनी में निर्माण मजदूर के रूप में काम करते थे। गुरमीत के पिता धरम सिंह ने कहा, ''जब यह घटना हुई, तब वह मोबाइल फोन पर अपनी पत्नी से बात कर रहा था। उसने अपनी पत्नी को बताया कि उसे गोली लग गई है।''

धरम सिंह ने बताया कि परिवार को बाद में बताया गया कि उसकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि गुरमीत पिछले पांच वर्षों से कश्मीर में रह रहा था और कई वर्षों से कंपनी से जुड़ा हुआ था।

एक अन्य रिश्तेदार ने कहा कि गुरमीत की कमाई से परिवार का खर्च चलता था और उन्होंने राज्य सरकार से उन्हें हरसंभव सहायता देने का आग्रह किया।

रिश्तेदार ने बताया कि गुरमीत के परिवार में पत्नी, दो बेटियां, एक बेटा और माता-पिता हैं।

## हरियाणा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक 25 को लेंगे शपथ

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को यहां 25 अक्तूबर को शपथ दिलाई जाएगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी विधायक रघुवीर सिंह कादियान (80) 15वीं हरियाणा विधानसभा में प्रोटेम स्पीकर होंगे और सदस्यों को शपथ दिलाएंगे।

हालांकि इससे पहले राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, कादियान को प्रोटेम स्पीकर के तौर पर शपथ दिलाएंगे। हरियाणा विधानसभा सचिवालय को भेजे गए एक सरकारी संदेश के अनुसार, ''राज्यपाल 25 अक्तूबर को हरियाणा राजभवन में प्रोटेम स्पीकर को शपथ दिलाएंगे।''

नब्बे सदस्यीय विधानसभा के विधायकों के शपथ लेने के बाद विधानसभाध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव भी होने की संभावना है।

# देश-विदेश

## विमानों में बम की धमकियों से निपटने को विधायी कार्रवाई की योजना बना रही सरकार : नायडू

एजेंसी, नई दिल्ली

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि विमानों में बम रखे होने की धमकियों की घटनाओं से निपटने के लिए सरकार विधायी कार्रवाई की योजना बना रही है, जिनमें ऐसी धमकी देने वालों के नाम 'उड़ान-निषिद्ध' सूची में डालना शामिल है। पिछले करीब एक सप्ताह में भारतीय विमानन कंपनियों की करीब 100 उड़ानों में बम रखे होने की धमकियां मिली हैं।



सरकार विमानन सुरक्षा नियमों और 'नागरिक विमानन सुरक्षा के विरुद्ध गैरकानूनी कृत्यों का दमन अधिनियम, 1982' में संशोधन करने की योजना बना रही है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) विमानों में बम रखे होने की धमकियां मिलने के मुद्दे पर लगातार गृह मंत्रालय से संपर्क बनाए हुए है।

### सरकार उड़ान योजना को 10 साल के लिए और बढ़ाएगी

**नागर** विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' को 10 साल के लिए और बढ़ाएगी। राष्ट्रीय राजधानी में योजना के आठ वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि 'उड़ान' योजना से क्षेत्रीय विमानन कंपनियों को अस्तित्व में आने और विकास करने का मौका मिला। साथ ही रोजगार सृजन हुआ तथा पर्यटन को बढ़ावा मिला है। क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के अंतर्गत 601 मार्ग और 71 हवाई अड्डे चालू किए गए। उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) का उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाना और विमान सेवा को अधिक किफायती बनाना है।

## मालदीव में शुरू होगी भारत की यूपीआई सर्विस

**नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव में भारत की यूपीआई सर्विस शुरू करने को लेकर आवश्यक कदम उठाने का फैसला किया है। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि इस कदम से मालदीव की अर्थव्यवस्था को लाभ मिलने की उम्मीद है।

मालदीव को भारत की यूपीआई सुविधा के साथ बेहतर फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर मदद मिलेगी। यह निर्णय आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री की ओर से कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत किए गए पत्र पर गहन चर्चा के बाद लिया गया। राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव में यूपीआई शुरू करने के लिए एक कंसोर्टियम गठित करने का निर्णय लिया है।

## हिजबुल्लाह के 'खजाने' पर इसराइल का हमला, बम से तबाह किए अरबों डॉलर

एजेंसी, यरूशलम

इसराइली वायुसेना (आईएएफ) ने हिजबुल्लाह की दर्जनों ठिकानों पर टारगेटेड, इंटेलिजेंस बेस्ड हमले किए। ये हमले बेरूत, दक्षिणी लेबनान और लेबनानी क्षेत्र के भीतरी इलाकों में किए गए।

इसरायल रक्षाबलों (आईडीएफ) के मुताबिक, जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया उनका इस्तेमाल लेबनानी ग्रुप, अपनी आर्थिक गतिविधियों के लिए करता था। आईडीएफ ने कहा कि पैसा, अल-कर्द अल-हसन एसोसिएशन की ओर से जमा किया गया था, जो हिजबुल्लाह की आतंकी गतिविधियों को सीधे तौर पर फंड करता है, जिसमें हथियारों की खरीद और हिजबुल्लाह की सैन्य शाखा के कार्यकर्ताओं को भुगतान शामिल है।



### इसराइली हमलों में अब तक 2,464 लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान में जारी इसराइली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 2,464 तक पहुंच गई है। वहीं, 11,530 लोग घायल हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शनिवार को इसराइली हमलों में 16 लोग मारे गए और 59 अन्य घायल हो गए। दक्षिण गवर्नरेट में 11 लोग मारे गए और 27 अन्य घायल हो गए, जबकि नबातियेह गवर्नरेट में पांच लोगों की मौत हुई और 23 घायल हो गए।

## रोहिणी ब्लास्ट : स्कूल की दीवार में हो गया था बड़ा होल

एजेंसी, नई दिल्ली

**दिल्ली** के रोहिणी में हुए बम ब्लास्ट मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में लिखा है कि धमाके से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्कूल की दीवार में बड़ा होल हो गया था। बम धमाके में विस्फोटक का उपयोग किया गया था। घटनास्थल पर काफी मात्रा में सफेद पाउडर बिखरा मिला है। एफआईआर के मुताबिक, विस्फोट के कारण स्कूल की बाउंड्री वॉल में छेद हो गया है। इसके अलावा, सीआरपीएफ स्कूल के सामने की दुकानों के खिड़की के शीशे और साइनबोर्ड विस्फोट से टूट गए। धमाके के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) समेत केंद्रीय एजेंसियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### पुलिस ने 'टेलीग्राम' को पत्र लिखा, फुटेज में संदिग्ध दिखा

**सीआरपीएफ** के एक स्कूल के निकट हुए विस्फोट मामले में संभावित खालिस्तानी संबंध की जांच कर रही दिल्ली पुलिस ने विस्फोट की जिम्मेदारी लेने वाले संगठन की विस्तृत जानकारी हासिल करने के लिए 'मैसेजिंग ऐप' 'टेलीग्राम' को पत्र लिखा है।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता बेहद खराब, एक्यूआई 300 पार

एजेंसी, नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी के कई हिस्सों में सोमवार को धुंध की एक परत छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) इस मौसम में पहली बार 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंचा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक 307 रहा, जबकि आनंद विहार सबसे ज्यादा प्रभावित रहा, जहां एक्यूआई 361 रहा। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा माना जाता है। एक्यूआई 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।



## आतंकवाद, घुसपैठ, धार्मिक तनाव के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी : शाह

एजेंसी, नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भले ही देश ने जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित इलाकों में अपेक्षाकृत शांति स्थापित कर ली है, लेकिन आतंकवाद, घुसपैठ और धार्मिक तनाव पैदा करने की साजिश के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।



शाह ने दिल्ली में पुलिस स्मृति दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, कहा कि शहीद पुलिस कर्मियों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और देश निश्चित रूप से 2047 तक पूरी तरह विकसित राष्ट्र बन जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा वामपंथी चरमपंथ से प्रभावित क्षेत्रों में अपेक्षाकृत शांति स्थापित की गयी है। हालांकि, हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। हम मादक पदार्थ, साइबर अपराध, धार्मिक तनाव पैदा करने की साजिश, घुसपैठ और आतंकवाद के खिलाफ लड़ते रहेंगे जो हमारे लिए चुनौतियां पैदा करती रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से 36,438 पुलिसकर्मियों ने देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान दी है, जिनमें से 216 लोगों ने पिछले साल प्राण न्यौछावर किए। देश की विकास यात्रा में बलिदान के लिए देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा।

## सेंसेक्स में 73 और निफ्टी में 72 अंक की गिरावट

एजेंसी, मुंबई

**शेयर** बाजार में सोमवार को दो गिरावट मामूली गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 73 अंक की गिरावट साथ 81,151 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं, निफ्टी में भी 72 अंक की गिरावट रही, ये 24,781 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले सुबह सेंसेक्स 546 अंक की बढ़त के साथ 81,770 के स्तर पर ओपन हुआ था। आज बैंकिंग और एफएमसीजी शेयर्स में ज्यादा गिरावट है। टाटा कंज्यूमर में 7.08 फीसदी और कोटक बैंक के शेयर में 4.73 फीसदी की गिरावट रही।



एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.07 फीसदी की गिरावट रही। वहीं, कोरिया का कोस्पी 0.43 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.20 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए। 18 अक्तूबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.08 फीसदी चढ़कर 43,275 पर और नैस्डैक 0.63 फीसदी चढ़कर 18,489 पर बंद हुआ।

## म्यांमार में नौका डूबने से सात लोगों की मौत, 30 लापता

**बैंकॉक।** म्यांमार में सैनिकों और लोकतंत्र समर्थक छापामार लड़ाकों के बीच लड़ाई से बचकर जा रहे लोगों की नाव अंडमान सागर में पलट जाने से सात लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग लापता हैं। बचाव कार्य में मदद कर रहे एक ग्रामीण के अनुसार, नाव से लगभग 30 लोगों को बचा लिया गया है। रविवार को क्यौक कार द्वीप से लगभग 70-75 लोग सवार होकर म्यांमा के दक्षिणी क्षेत्र तनिनथारी के निकटवर्ती तटीय शहर म्यीक जा रहे थे। खचाखच भरी यह नौका रविवार रात 9.30 बजे क्यौक कार द्वीप से रवाना हुई और 15 मिनट बाद पलट गई। खचाखच भरी थी और समुद्र में तेज लहरें उठ रही थीं।

## आतंक के खिलाफ लड़ाई में देश एकजुट : राहुल गांधी

एजेंसी, नई दिल्ली

**जम्मू**-कश्मीर के गांदरबल में हुए आतंकी हमले पर राहुल गांधी ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरा देश एकजुट है। उन्होंने आतंकियों को जवाब देते हुए कहा कि उनका यह दुस्साहस लोगों का विश्वास कभी नहीं तोड़ पाएगा।



उन्होंने इस हमले में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं और घायलों के जल्दी ठीक होने की उम्मीद जताई। गांदरबल में हुए आतंकी हमले में सात लोगों की मौत हो गई। इनमें एक डॉक्टर और छह मजदूर शामिल हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमले में एक डॉक्टर और प्रवासी मजदूरों समेत कई लोगों की हत्या बहुत ही कायरतापूर्ण और अक्षम्य अपराध है। सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। आतंकियों का यह दुस्साहस जम्मू-कश्मीर में निर्माण का क्रम और लोगों का विश्वास कभी नहीं तोड़ पाएगा। आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में पूरा देश एकजुट है।

# ट्वेंटी-20 विश्व कप विजेता न्यूजीलैंड की महिला टीम के बीच पुरस्कार राशि को बांटा जाएगा

## टीम के प्रत्येक सदस्य के हिस्से में लगभग आएंगे 1.31 करोड़ रुपए

**एजेंसी, वेलिंगटन**

महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 32 रन से हराने वाली न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को पुरस्कार राशि में मिली 2.3 मिलियन डॉलर (लगभग 19.33 करोड़ रुपये) को खिलाड़ियों के बीच बांटा जाएगा। इससे टीम के प्रत्येक सदस्य के हिस्से में लगभग 155,000 डॉलर (1.31 करोड़ रुपए)आएंगे।




पिछले कई वर्षों से पुरुष खिलाड़ियों की तरह वित्तीय समानता हासिल करने के लिए वर्षों तक संघर्ष कर रही महिला टीम के सदस्यों के लिए यह बड़ी रकम है। क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के विश्व कप में न्यूजीलैंड की पहली जीत अप्रत्याशित है। टूर्नामेंट के अभ्यास मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराने से पहले न्यूजीलैंड की महिला टीम ने लगातार 10 टी-20 मैच गंवाए थे।

न्यूजीलैंड ने अपने अभियान के दौरान लीग चरण में भारत, श्रीलंका और पाकिस्तान को हराया, जबकि उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। टीम ने सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज को शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में छह बार की चैंपियन और खिताब के दावेदार ऑस्ट्रेलिया को हराया था, लेकिन फाइनल में यह टीम दबाव में एक बार फिर बिखर गई। न्यूजीलैंड ने फाइनल में पांच विकेट पर 158 रन बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर ने 38 गेंदों पर 43 रन बनाए और फिर 24 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने ब्रूक हैलिडे (38) के साथ चौथे विकेट के लिए 44 गेंद में 57 रन की साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। कप्तान सूजी बेट्स ने भी 32 रन का योगदान दिया।

कप्तान के तौर पर सोफी डिवाइन का यह न्यूजीलैंड के लिए आखिरी मैच था। उन्होंने बेट्स के साथ 2009 से अब तक आयोजित सभी 9 टी-20 विश्व कप में खेले हैं। न्यूजीलैंड 2009 और 2010 में पहले दो टूर्नामेंटों के फाइनल में पहुंचा था। दोनों मौकों पर उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। बेट्स ने कहा, ''हमारे लिए यह सब कुछ है। जब आप टीम मैच खेलते हैं, तो आप विश्व चैंपियन बनना चाहते हैं।''

# दीपिका ने तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में 5वां रजत पदक जीता

**एजेंसी, टिलेक्सकला**

भारत की शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने विश्व कप फाइनल में 5वां रजत पदक जीता। वह फाइनल में चीन की लि जियामैन से 0-6 से हार गई। दिसंबर 2022 में अपनी बेटी के जन्म के बाद विश्व कप फाइनल में लौटी चार बार की ओलंपियन दीपिका को आठ तीरंदाजों में तीसरी वरीयता मिली थी।

सेमीफाइनल तक दीपिका को कोई दिक्कत नहीं हुई, लेकिन स्वर्ण पदक के मुकाबले में वह पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धा का रजत पदक जीतने वाली जियामैन से हार गई। दीपिका 9वीं बार विश्व कप फाइनल खेल रही थी। भारत के लिए विश्व कप फाइनल में सिर्फ डोला बनर्जी ने स्वर्ण पदक जीता था, जब दुबई में 2007 में वह अव्वल रही थी।


दीपिका कुमारी

पुरुषों के रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मादेवरा 4-2 से आगे रहने के बावजूद पहले दौर में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया के ली वू सियोक से हार गए। पांच सदस्यीय भारतीय दल में तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज थे। भारत की झोली में सिर्फ एक पदक गिरा।

सेमीफाइनल में मैक्सिको की अलेजांद्रा वालेंशिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली दीपिका उस लय को कायम नहीं रख सकी। पहला सेट उसने एक अंक से (26-27) गंवाया। दूसरे सेट में वापसी की लेकिन ली ने 30-28 से जीता। तीसरे सेट में ली ने 27-25 से जीत दर्ज की। पुरुषों के रिकर्व वर्ग में धीरज अकेले भारतीय चुनौती पेश कर रहे थे। उन्हें 4-6 ( 28-28, 29-26, 28-28, 26-30, 28-29) से पराजय झेलनी पड़ी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### खुडोग की 8वीं की छात्रा प्राची का राष्ट्रीय खो-खो टीम में चयन

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** राजकीय माध्यमिक पाठशाला खुडोग की 8वीं कक्षा की छात्रा प्राची का राज्य की 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की राष्ट्रीय खो-खो टीम में चयन होने से उसके गृह क्षेत्र किरण सहित पूरी नेरवा तहसील में खुशी की लहर है। प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली प्राची जिला शिमला से इकलौती खिलाड़ी है। प्राची का इससे पूर्व दो बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी चयन हो चुका है। खंड स्तरीय खो-खो स्पर्धा में इस बालिका ने नेरवा खंड का प्रतिनिधित्व करते हुए नेरवा खंड को विजयी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यही नहीं राज्य स्तरीय स्पर्धा में भी जिला शिमला को सेमीफाइनल तक पंहुचाने में प्राची का महत्वपूर्ण रोल रहा है। प्राची की प्रतिभा को देखते हुए चयनकर्ताओं ने राष्ट्रीय खो-खो के लिए प्राची का प्रदेश की टीम में चयन किया है। (अनंत ज्ञान)



### खूबसूरती के चलते खबरों में ज्वाला गुट्टा

**नई दिल्ली ।** बैडमिंटन खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा अपने खेल से ज्यादा खूबसूरती और विवादों के चलते खबरों में रही हैं। 38 साल की गुट्टा को भारत का सबसे बेहतरीन युगल बैडमिंटन खिलाड़ी माना जाता है। वह 13 बार की नेशनल बैडमिंटन चैंपियन हैं। उनका जन्म महाराष्ट्र में हुआ था। उनकी मां चीन से हैं, इसी वजह से गुट्टा दिखने में अन्य भारतीयों से थोड़ी अलग हैं।



### विशेष ओलंपिक एशिया पैसिफिक बॉची एंड बॉलिंग टूर्नामेंट अगले महीने

**नई दिल्ली।** भारत 18 से 23 नवंबर तक यहां पहली बार विशेष ओलंपिक एशिया पैसिफिक बॉची एंड बॉलिंग प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा, जिसमें 15 देशों के 250 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पिछले साल बर्लिन में विशेष ओलंपिक विश्व खेलों में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली शिवानी को टूर्नामेंट की एथलीट दूत बनाया गया। टूर्नामेंट में पूर्व एशिया, यूरोप यूरेशिया और एशिया पैसिफिक के देश जैसे ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, मकाऊ, थाईलैंड, हांगकांग, फिलीपींस, इंडोनेशिया, म्यामां, उज्बेकिस्तान और सिंगापुर हिस्सा लेंगे। विशेष ओलंपिक भारत की अध्यक्षा डा. मल्लिका नड्डा ने टूर्नामेंट की जर्सी का अनावरण किया। पिछले साल 198 भारतीय खिलाड़ियों ने 'वर्ल्ड समर गेम्स' में हिस्सा लिया था और 202 पदक जीते थे, जिसमें 76 स्वर्ण, 75 रजत और 51 कांस्य पदक शामिल थे।

### रणजी ट्रॉफी : मुंबई ने महाराष्ट्र को नौ विकेट से हराकर पूरे अंक लिए

**मुंबई।** पहले मैच में बड़ौदा से मिली करारी हार से उबरते हुए गत चैंपियन मुंबई ने महाराष्ट्र को रणजी ट्रॉफी ग्रुप-ए के दूसरे मैच में नौ विकेट से हराकर अपने अभियान को ढर्रे पर लाया। जीत के लिए 74 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने रविवार को बिना किसी नुकसान के 13 रन बना लिए थे। आयुष म्हात्रे (15) के आउट होने से उसे बोनस अंक नहीं मिल सका। पृथ्वी शॉ (36 गेंद में 39 रन) और हार्दिक तामोर (26 गेंद में 21 नाबाद) ने 13.3 ओवर में टीम को जीत तक पहुंचाया। पहले मैच में 42 बार की चैंपियन मुंबई टीम को बड़ौदा ने 84 रन से हराया था। मुंबई ने महाराष्ट्र को पहली पारी में 126 रन पर आउट करने के बाद 17 वर्ष के म्हात्रे के 176 रन और श्रेयस अय्यर के 142 रन की मदद से 441 रन बनाए। महाराष्ट्र ने दूसरी पारी में 388 रन बनाए, लेकिन वह नाकाफी थे।



# अब कोई दर्द नहीं है, ऑस्ट्रेलिया सीरीज में अभी समय है: मोहम्मद शमी

**एजेंसी, गुरुग्राम**

भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें अब जरा भी दर्द महसूस नहीं हो रहा है और वह अगले महीने शुरू होने वाले आस्ट्रेलिया के दौरे के लिए अब भी दौड़ से बाहर नहीं हुए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में समाप्त हुए भारत के शुरुआती टेस्ट के बाद उन्होंने नेट पर गेंदबाजी की। हालांकि कुछ दिन पहले कप्तान रोहित शर्मा ने खुलासा किया था कि उनके घुटने में सूजन है, जिससे पिछले साल लगी टखने की चोट से उबरने के लिए चल रहा उनका 'रिहैबिलिटेशन' प्रभावित हुआ।


मोहम्मद शमी

इस 34 साल के गेंदबाज ने कहा, ''मैंने कल जिस तरह गेंदबाजी की, उससे मैं खुश हूं। मैं इससे पहले आधे 'रन-अप' से गेंदबाजी कर रहा था क्योंकि मैं ज्यादा दबाव नहीं लेना चाहता था, लेकिन कल मैंने पूरे 'रन-अप' से गेंदबाजी की। ''

पर्थ में 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का जिक्र करते हुए शमी ने कहा, ''मुझे अब कोई दर्द नहीं है। हर कोई लंबे समय से सोच रहा है कि मैं ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए जा पाऊंगा या नहीं, लेकिन अभी इसमें थोड़ा समय है।''

रोहित ने कहा था कि वह फिटनेस के कारण शमी को महत्वपूर्ण सीरीज के लिए ले जाने के पक्ष में नहीं हैं।

शमी ने यह भी कहा कि वह मौजूदा रणजी ट्रॉफी में अपने राज्य की टीम बंगाल के लिए कुछ मैच खेलना चाहेंगे।

उन्होंने कहा, ''मेरे दिमाग में सिर्फ यही चीज सुनिश्चित करना है कि मैं फिट रहूं और ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए मैं कितना मजबूत रह सकता हूं। मुझे पता है कि ऑस्ट्रेलिया में किस तरह के आक्रमण की जरूरत होती है। मुझे मैदान पर ज्यादा समय बिताना होगा। मैं इससे पहले कुछ रणजी मैच खेलना चाहता हूं।''

शमी इस चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर को 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से भारत के लिए नहीं खेले हैं।

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में छाए वीपीएस के छात्र

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राज्य स्तरीय अंडर-14 बैडमिंटन प्रतियोगिता 16 से 19 अक्तटूबर तक जिला मंडी में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में 12 जिलों से लगभग 450 बच्चों ने भाग लिया।

ऊना जिला का प्रतिनिधित्व वशिष्ट पब्लिक स्कूल (वीपीएस) के आठवीं कक्षा के दो छात्रों स्वास्तिक शर्मा तथा हर्षदीप सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वास्तिक शर्मा तथा हर्षदीप सिंह ने स्टेट लेवल पर सिल्वर मेडल हासिल किया। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि यह स्कूल के लिए बड़े गौरव की बात है। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने इस उपलब्धि के लिए कोच धर्मेंद्र सिंह, विजेता रहे छात्रों तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी और उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में सिल्वर मेडल हासिल करना ऊना जिला तथा वशिष्ट पब्लिक स्कूल के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।


वीपीएस के प्रबंधक बैडमिंटन टीम को सम्मानित करते हुए।

# अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए बंगाणा की पुरुष टीम रवाना

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज वॉलीबॉल पुरुष चैंपियनशिप के लिए वॉलीबॉल टीम को शुभकामनाएं देकर रवाना किया।




इस अवसर पर खेल विभाग के इंचार्ज प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज वॉलीबॉल पुरुष चैंपियनशिप के लिए टीम आज राजकीय महाविद्यालय सीमा के रवाना हुई।

उन्होंने कहा कि टीम चयन के लिए एक विशेष चयन प्रिं,या अपनाई गई, जिसमें राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वालों को विशेष अवसर दिया गया है। आपको बता दे कि पिछले हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय वालीबॉल चैंपियनशिप में महाविद्यालय बंगाणा के वॉलीबॉल टीम ने पूरे हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और इस क्षेत्र का नाम रोशन किया था। निश्चित तौर पर ये छात्र राजकीय कॉलेज सीमा में होने वाली हिमाचल प्रदेश इंटर कॉलेज चैंपियनशिप में अपना दबदबा कायम रखेंगे। (अनंत ज्ञान)

# क्रिकेट चयन प्रक्रिया कैंप आयोजित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेई उत्कृष्ट राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में महाविद्यालय स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के ओर से हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु एकदिवसीय चयन प्रक्रिया कैंप का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के इंचार्ज प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने बताया कि स्पोर्ट्स कमेटी के सदस्यों ने चयन प्रक्रिया के हर पैरामीटर को ध्यान में रखकर खिलाड़ियों का सेलेक्शन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को टिप्स दिए ताकि वह चैंपियनशिप में अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

इस अवसर पर स्पोर्ट्स कमेटी व चयन प्रक्रिया के सदस्य प्रोफेसर कृष्ण चंद, डॉ. कुलदीप सिंह और प्रोफेसर कमलेश आदि मौजूद रहे।

# 'टाटा स्टील शतरंज' में नार्वे के मैग्सन कार्लसन होंगे आकर्षण

**एजेंसी, कोलकाता**

दुनिया के नंबर-1 शतरंज खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर मैग्नस कार्लसन 13 से 17 नवंबर तक यहां होने वाले 'टाटा स्टील शतरंज' के छठे सत्र में मुख्य आकर्षण होंगे। नॉर्वे का यह खिलाड़ी दूसरी बार इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनेगा। उन्होंने इससे पहले 2019 में इसमें भाग लिया था और इसके विजेता बने थे। बुडापेस्ट में हाल ही में शतरंज ओलंपियाड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती जैसे युवा भारतीय खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट के 'ओपन' वर्ग में निहाल सरीन और एसएल नारायणन भी इसमें भारतीय चुनौती को पेश करेंगे। पिछले सत्र तरह टूर्नामेंट में 'ओपन' और 'महिला' वर्ग की श्रेणियों में रैपिड और



ब्लिट्ज मुकाबलों के लिए समान पुरस्कार राशि होगी। महिला वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कोनेरु हम्पी, आर वैशाली, डी. हरिका, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल करेंगी।

शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद टूर्नामेंट के ब्रांड दूत बने रहेंगे। आनंद ने कहा, '' 'टाटा स्टील शतरंज' में वापस आने का इंतजार कर रहा हूं। यह भारत में एक प्रमुख टूर्नामेंट बन गया है। इस साल इस आयोजन में मैग्नस कार्लसन के नेतृत्व में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।''

### टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ी

**ओपन वर्ग।** मैग्नस कार्लसन, नादिबेक अब्दुस्तोरोव, वेस्ले सो, विंसेंट केमर, डैनियल डबोव, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानानंदा, विदित गुजराती, निहाल सरीन, एसएल नारायणन।

**महिला वर्ग।** एलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना, कैटेरिना लैग्नो, एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक, नाना डेजाग्निड्जे, वेलेंटीना गुनिना, कोनेरू हम्पी, आर वैशाली, डी हरिका, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल।

**ला लीगा** घरेलू फुटबॉल लीग में लेवांडोवस्की और टोरे ने किए दो-दो गोल

# बार्सीलोना ने सेविला को 5-1 से रौंदा

**एजेंसी, मैड्रिड**

रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो और गोल करके स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग 'ला लीगा' में अपने गोलों की संख्या 12 तक पहुंचा दी, जिससे बार्सीलोना ने सेविला को 5-1 से शिकस्त दी। बार्सीलोना के लिए इस मैच में पाब्लो टोरे ने भी दो जबकि पेड्रि ने एक गोल किया।

इस जीत से बार्सीलोना ने चिर-प्रतिद्वंद्वी रीयाल मैड्रिड पर तीन अंक की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। यह दोनों टीमें इस सप्ताह जब आपस भी भिड़ेंगी तो बार्सीलोना के हौसले बुलंद होंगे। बार्सीलोना के लिए दिग्गज मिडफील्डर गावी ने घुटने की चोट से उबर कर लगभग एक साल के बाद मैदान पर वापसी की। वह मैच के 83वें मिनट में पेड्रि की जगह मैदान पर उतरे।

पोलैंड के दिग्गज लेवांडोवस्की ने मैच के 24वें मिनट और 39वें मिनट में गोल दागे। पेड्रि ने 28वें मिनट जबकि टेरी (82वां और 88वां मिनट) ने 6 मिनट के अंदर दो गोल कर टीम की जीत के अंतर को बढ़ाया। सेविला के लिए स्टानिस इडूम्बो ने सांत्वना गोल किया। अन्य मैचों में एटलेटिको मैड्रिड ने लेगानेस को 3-1 हराया जबकि विलारीयाल और गेटाफे का मैच 1-1 की बराबरी पर छूटा। मैलोर्का ने रेयो वैलेकैनो को 1-0 से शिकस्त दी।



सेविला के खिलाफ मैच जीतने के बाद खुशी मनाते बार्सीलोना के खिलाड़ी।

### अल नासर का एसीएल मैच ईरान की बजाय दुबई में

**वॉशिंगटन।** अल नासर क्लब का तेहरान के एस्तेगलाल क्लब के खिलाफ एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल मैच ईरान में सुरक्षा चिंताओं के कारण अब संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में होगा। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने पिछले सप्ताह जारी बयान में इसकी जानकारी दी थी। भारत ने इस फैसले पर हैरानी जताई है क्योंकि सात अक्तूबर को एएफसी ने कहा था कि कोलकाता के मोहन बागान क्लब ने ट्रैक्टर एससी के खिलाफ दो अक्तूबर को दूसरी श्रेणी के एएफसी चैंपियंस लीग-2 के मैच के लिए ईरान जाने से इनकार किया था लिहाजा माना जाएगा कि उसने नाम वापस ले लिया है। सिर्फ अल नासर ही नहीं बल्कि ट्रैक्टर का ताजिकिस्तान के रवशान के खिलाफ घरेलू मैच भी अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है। ईरान और कतर के बीच 15 अक्तूबर का मैच भी कतर से दुबई स्थानांतरित किया गया।

# भारतीय टीम विश्व ब्रिज खेलों में पेश करेगी मजबूत चुनौती


**एजेंसी, नई दिल्ली**

विनय देसाई के नेतृत्व में मजबूत भारतीय दल 22 अक्तूबर से तीन नवंबर तक ब्यूनस आयर्स में होने वाले 16वें विश्व ब्रिज खेलों की सभी चार श्रेणियों में चुनौती पेश करने के लिए तैयार है। भारतीय दल में 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रणव बर्धन (सीनियर वर्ग), राजू तालानी और जैग्गी शिवदासानी (ओपन वर्ग) जैसे कई दिग्गज खिलाड़ी शामिल है

इस प्रतियोगिता के 'ओपन' वर्ग में 34 जबकि महिला वर्ग में 24 देश प्रतिस्पर्धा करेंगे।

टूर्नामेंट के पहले चरण में राउंड रोबिन मुकाबले होंगे। इससे क्वालीफाई करने वाली टीमें अंतिम 16 के नॉकआउट चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रतियोगिताएं ओपन, वरिष्ठ, महिला और मिश्रित श्रेणियों में आयोजित की जाएंगी।

डब्ल्यूबीएफ (विश्व ब्रिज महासंघ) के अध्यक्ष जान कामरास ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, ''डब्ल्यूबीएफ यह सुनिश्चित करने के लिए कई नए उपाय कर रहा है कि सभी प्रतिभागियों हमारे आदर्श वाक्य 'बुरे व्यवहार के लिए शून्य सहनशीलता' का सम्मान किया जाए।''



### भारतीय टीम

**ओपन वर्ग ।** संजीत डे, अजय खरे, बिनोद कुमार साव, जैग्गी शिवदासानी, संदीप ठाकरन, राजू तोलानी, विनय देसाई (कप्तान)।

**सीनियर वर्ग ।** अरुण बीपर, प्रणव कुमार बर्धन, बादल चंद्र दास, रबी गोयनका, कमल कृष्ण मुखर्जी, विवस जे, गिरीश ओड (कप्तान)।

**महिला वर्ग।** पूजा बत्रा, देवी मुथु भटनागर, भारती डे, अलका जैन, अलका क्षीरसागर, आशा शर्मा, अनल शाह (कप्तान)।

**मिश्रित वर्ग।** हिमानी खंडेलवाल, राजीव खंडेलवाल, बिंदिया कोहली, किरण नादर, थोंडिकुलम वेंकटरमण रमानी, बच्चीराजू सत्यनारायण, विनय देसदाई (कप्तान)।